बैशाख शुक्ल पक्ष दशमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 17 मई 2024
वर्ष 4, अंक 89, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





चीन कर रहा है एआई का दुरुपयोग : अमेरिका 14

सुनील छेत्री ने फुटबॉल से संन्यास लेने की घोषणा की 13



AMENITY PUBLIC SCHOOL

# AMENITY PUBLIC SCHOOL, RUDRAPUR

BE DIFFERENT, BE AMONG THE BEST!

EDUCATION + SPORTS

XII
99.2%
496/500
ANUSHKA PRITAM
XII COMMERCE
STATE RANK SECOND
KUMAON TOPPER

X
99.6%
GARIMEY JOSHI
498/500
ALL INDIA RANK THIRD
STATE TOPPER

## CBSE BOARD RESULT 2023-24

97.8% ARNAV RAJ — SCIENCE STREAM TOPPER
95.8% NIHARIKA — HUMANITIES STREAM TOPPER

98.4% TANVI RAJVANSHI XII COMMERCE
97.6% ARJUN SINGHAL XII COMMERCE
97.6% ANMOLPREET KAUR XII SCIENCE
96.4% DAKSH GROVER XII COMMERCE
95.8% ARYAN RATHI XII SCIENCE

95.6% PRIYANSH XII SCIENCE
95.6% ANIRUDH XII HUMANITIES
95.4% DIVYANKA SINGH XII HUMANITIES
95.2% ABHINAV GUPTA XII COMMERCE
94.8% SABHYA BAIRAGI XII HUMANITIES
94.8% ONKAR BEHAR XII COMMERCE

94.6% PIYANSHI PARUTHI XII SCIENCE
94.6% ESHA DANU XII HUMANITIES
93.4% HARGUN KAUR XII COMMERCE
93.4% HARSH SAGAR XII COMMERCE
93.4% KHUSHI GAIN XII HUMANITIES
93.2% SAMRIDHI KHATRI XII COMMERCE

93% ANHAD JHA XII SCIENCE
93% KAVYA CHHABRA XII COMMERCE
92.8% DEV BATHLA XII COMMERCE
92.6% IDHIKA XII HUMANITIES
92% NISHTHA CHILANA XII COMMERCE
91.8% TARANPREET KAUR XII SCIENCE

91.4% SHAURYA XII COMMERCE
91.2% DAKSH TREHAN XII COMMERCE
90.8% JHALAK XII COMMERCE
90.4% YUVRAJ TAGRA XII SCIENCE
90.2% ISHITA MALIK XII SCIENCE

100 MARKS SCORERS : Mathematics - Anhad Jha | Chemistry - Arnav Raj, Tarapreet Kaur | Informatics Practices - Arnav Raj, Priyansh Agarwal, Aryan Rathi | Fine Arts - Anmolpreet Kaur, Piyanshi Paruthi, Ishita Malik, Shreshtha Singh, Divyanshi Gumber, Tanvi Rajvanshi, Arjun Singhal, Daksh Grover, Harsh Sagar, Kavya Chhabra, Nishtha Chilana, Jhalak Agarwal, Aditya Arora, Khushi Gain | Accountancy - Anushka Pritam, Tanvi Rajvanshi, Daksh Grover, Abhinav Gupta, Onkar Behar | Business Studies - Anushka Pritam

99% RISHABH KUMAR SINGH
98.6% KASHISH VERMA
98.6% KASHISH SINGH
98.2% VARENYA VATS
98% VARDAAN SAHRAVAT
97% PRIYAL KHURANA

96.6% KAVYA CHAWLA
96.4% SHIVANSH ARORA
96.4% SUHANI ROUTHA
96.4% KASHVI MIDDHA
96.4% KHUSHI RASTOGI
96.2% GAURI BATHLA

96% SHREYA BAJAJ
96% JAYANT MANOCHA
95% RAJAT NEGI
94.8% ARIHANT SINGH
94.4% MOHAN GAUTAM
94.4% GURNOOR KAUR

94.2% STUTI ARORA
94.2% ATHARVA MUNJAL
94.2% ARADHY AHUJA
94% RIDDHI MIDDHA
93.6% NANDINI CHHABRA
93.4% MEHUL KRISHNA KANDPAL

93.2% SAMPURNA SINGH
93.2% JIGISHA GUGLANI
93% DEVANSH AGRAWAL
93% VEDANSH MALIK
93% WANI ARORA
93% JEET DAKUA

92.6% AYUSHI TIWARI
92.6% SOPHIA
92.6% AULI GUMBER
92.6% CHERRY GUMBER
92.6% AADITYA SAH
91.8% SHUBHAM YADAV

91.4% BHUMIKA GARG
91.2% ANSHIKA CHAWLA
91% YASHICA GHAI
90.6% AARUSHI SONKAR
90.2% PRIYANSH ARORA

*Congratulation to the shining*
***Amenites!***

100 MARKS SCORERS : English - Rishabh Kumar Singh, Kashish Verma, Kashish Singh | Hindi - Garimey Joshi | Mathematics - Garimey Joshi, Rishabh Kumar Singh, Kashish Verma, Stuti Arora, Atharva Munjal, Sampurna Singh | Science - Kashish Singh | Social Science - Garimey Joshi, Rishabh Kumar Singh, Vardaan Sahravat, Priyal Khurana, Gauri Bathla

6 K.M. Mile Stone, Kashipur Road, P.O. Danpur, Rudrapur (U.S.N) Uttarakhand-263153
9219401867, 8057996444, 9258156229, www.amenityschool.in

## सार-संक्षेप


वुडलैंड्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विद्यार्थी संसद के चयनित पदाधिकारी व शिक्षक।

### वुडलैंड्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विद्यार्थी संसद का गठन

**हल्द्वानी :** वुडलैंड्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में गुरुवार को नवनियुक्त विद्यार्थी संसद का गठन किया गया। कक्षा 12 के छात्र हर्षित प्रजापति ने हेड बॉय व छात्रा ग्रेसी बिष्ट ने हेड गर्ल पद की शपथ ली। बुधवार को सभी विद्यार्थियों ने चुनाव प्रक्रिया में भाग लिया था। दोनों पदों पर कांटे की टक्कर रही। इसके साथ ही करन सिंगवाल ने स्पोर्ट्स कैप्टन, पूर्णिमा पनेरू एवं मोहित बिष्ट ने क्रमश : डिसिप्लिन इंचार्ज छात्र एवं डिसिप्लिन इंचार्ज छात्रा के रूप में शपथ ग्रहण की। शपथ ग्रहण के दौरान सभी छात्र उत्साहित दिखाई दिए। विद्यालय के प्रबंध निदेशक अखिलेश धौनी ने शपथ ग्रहण समारोह का शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रबंधक रंजना धौनी, अकादमिक निदेशक लता खोलिया, प्रधानाचार्य मनदीप कौर एवं अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

### पुलिस ने मल्लीताल से 19 भिक्षुओं को घर भेजा

**नैनीताल :** मल्लीताल क्षेत्र से कोतवाली पुलिस ने भिक्षुओं को घर भेजने का अभियान चलाया है। पुलिस ने दूसरे दिन भी 19 भिक्षुओं को घर भेजा। अभियान के तहत पुलिस ने मल्लीताल नयना देवी मंदिर, पंत पार्क, चार्ट बाजार व माल रोड में घूम रहे भिक्षुओं को रोककर पूछताछ की। इस दौरान कई भिक्षुओं के पास न तो कोई आईडी मिली ना ही वह पुलिस सत्यापन दिखा पाए। जिस पर पुलिस की ओर से भिक्षुओं की फोटो खींचकर उनका नाम पता लिया, जिसके बाद भिक्षुओं को पालिका के सहयोग से पालिका के वाहन में हल्द्वानी तक भेज दिया गया। एसएसआई पीएस मेहरा ने बताया कि मल्लीताल क्षेत्र से लगभग 19 भिक्षुओं को घर भेजा गया है। बताया कि पर्यटन सीजन के दौरान पूरे नैनीताल में अभियान चलाकर भिक्षुओं को नैनीताल से वापस उनके घर भेजा जाएगा।

### पति ने की पत्नी की पिटाई कोतवाली पहुंचा मामला

**नैनीताल :** शहर के मल्लीताल क्षेत्र निवासी एक पति ने बेवजह पत्नी की पिटाई कर दी। रात मां के चीखने चिल्लाने की आवाज सुन किसी तरह बच्चों ने बीच बचाव कर उसकी जान बचाई। सुबह पत्नी कार्रवाई की मांग को लेकर कोतवाली पहुंच गई। मल्लीताल क्षेत्र निवासी महिला ने कोतवाली में तहरीर देकर कहा कि बुधवार रात पति शराब के नशे में घर पहुंचा और उससे मारपीट करने लगा। अक्सर पति उसके साथ मारपीट और प्रताड़ित करता है। शिकायत के बाद पुलिस ने पति को कोतवाली बुलाया तो वह पत्नी से कार्रवाई नहीं करने की गुहार लगाने लगा। मगर पत्नी तलाक की मांग पर अड़ी रही। एसएसआई पीएस मेहरा ने बताया कि पति-पत्नी की काउंसलिंग के बाद आगे की कार्रवाई के लिए परिवार न्यायालय जाने की सलाह दी गयी है।


राजकीय इंटर कॉलेज पश्यां में छात्र-छात्राओं को करियर की जानकारी देते विशेषज्ञ।

### पश्यां में छात्र-छात्राओं को दिया करियर का मंत्र

**भीमताल :** राजकीय इंटर कॉलेज पश्यां ओखलकांडा में करियर एवं गाइडेंस प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा 9 से 12 तक के छात्र-छात्राओं का उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय से आये विषय विशेषज्ञों डॉ. गगन सिंह, एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. श्याम सिंह कुंजवाल, असिस्टेंट प्रोफेसर एवं डॉ. गोपाल दत्त जोशी, असिस्टेंट प्रोफेसर की ओर से करियर काउंसलिंग से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी देकर उनका मार्गदर्शन किया गया। छात्र-छात्राओं को हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट के बाद करियर के विभिन्न क्षेत्रों के बारे में बताया। उन्होंने यह भी बताया कि किस प्रकार वे अपनी रुचि के अनुसार उचित विषय चुनकर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ठ कार्य कर सकते हैं। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य करम सिंह बानी, विनोद कुमार जोशी, डॉ. चन्द्र शेखर पाटनी, पुष्पा परगांई, मुकेश कुमार आदि अध्यापक उपस्थित थे।

### प्रतिभागियों ने कुमाउनी संस्कृति में दिखाई रुचि

**भीमताल :** ग्राफिक एरा पर्वतीय विश्वविद्यालय भीमताल में भारतीय सामाजिक व सांस्कृतिक परिवेश पर संचालित लघु अवधि कार्यक्रम में नौ अंतर्राष्ट्रीय प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रतिभागियों ने भारतीय व कुमाउनी संस्कृति में गहरी रुचि दिखाई व संस्कृति के सभी पहलुओं के बारे में जाना। इन अंतर्राष्ट्रीय प्रतिभागियों ने ऐपण कला भी सीखी और अपने साथ ले जाने के लिए कैनवास पर ऐपण कलाकृति उकेरी। इन्होंने कुमाउनी खाना बनाना भी सीखा और आलू के गुटके और पहाड़ी रायता बनाया। प्रत्येक दिन उन्हें हिंदी भी सिखाई गयी। सभी प्रतिभागियों ने ग्राफिक एरा के शिक्षकों व विद्यार्थियों को भारतीय व कुमाउनी संस्कृति से अवगत कराया।

### शिकायत पर ठंडी सड़क से हटने लगा मलबा

**नैनीताल :** नैनीताल की ठंडी सड़क में ट्रीटमेंट कार्य के दौरान मलबा गिरने से हुई बंद को सिंचाई विभाग की ओर से खोलना शुरू कर दिया है। बता दें कि नैनीताल की ठंडी सड़क में ट्रीटमेंट कार्य के चलते भारी मात्रा में पहाड़ी से मलबा गिर रहा है। मलबा गिरने से ठंडी सड़क में मलबे का ढेर लग गया था, जिसके चलते रास्ता बंद होने से लोगों की आवाजाही बंद हो गई थी। इधर लोगों की शिकायत के बाद सिंचाई विभाग की ओर से रास्ते से मलबे को हटाना शुरू कर दिया है, जिससे लोगों की आवाजाही आसान होने लगी है। सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता डीडी सती ने बताया कि ठंडी सड़क से मलबा हटाना शुरू कर दिया है। एक सप्ताह के भीतर सड़क से पूर्ण रूप से मलबा हटा दिया जाएगा।


ईओ का स्वागत करते व्यापार मंडल के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### मां नयना देवी व्यापार मंडल ने किया ईओ का स्वागत

**नैनीताल :** जिलाधिकारी वंदना सिंह ने जिला पर्यटन अधिकारी अतुल भंडारी को नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी के पद का भी अतिरिक्त कार्यभार सौंपा दिया। उसके बाद अतुल भंडारी ने पालिका में कार्यभार संभाल लिया है, जिसको लेकर मां नयना देवी व्यापार मंडल नैनीताल के संस्थापक अध्यक्ष पुनीत टंडन के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने ईओ से मुलाकात कर बुके देकर उनका स्वागत किया। शहर व व्यापारियों की समस्याओं से उनको अवगत कराया। जिस पर प्रभारी ईओ अतुल भंडारी ने जल्द से जल्द समस्याओं के निस्तारण का आश्वासन दिया।

### जंगल में लगी आग को दमकल कर्मियों ने बुझाया

**नैनीताल :** नैनीताल-हल्द्वानी रोड पर नैनागांव के जंगल में बुधवार देर रात अराजक तत्वों ने आग लगा दी। आग के जंगल में फैलने पर चालकों ने दमकल को सूचित किया। सूचना के बाद देर रात मौके पर पहुंची दमकल की टीम ने आग बुझाना शुरू कर दिया। एफएसओ किशोर जोशी ने बताया कि जंगल में लगाई आग को फायर फाइटर्स की ओर से पंपिंग कर व वन कर्मियों के सहयोग से पूर्ण रूप से बुझाया गया। इस दौरान आग पर काबू पाने वालों में सलामत जान, जसवीर सिंह, भूपेंद्र सिंह , अरविन्द कुमार व आनंद गिरी मौजूद रहे।

# उच्च न्यायालय की बैंच ऋषिकेश में नहीं बनने देंगे

## रामनगर में उच्च न्यायालय स्थापित करने के लिए 24 को बनेगी रणनीति, बार एसोसिएशन के सभागार में होगी बैठक

संवाददाता, रामनगर



रामनगर में आयोजित बैठक में विचार व्यक्त करते अधिवक्ता। ● अमृत विचार


नैनीताल में हाईकोर्ट शिफ्टिंग को लेकर पत्रकार वार्ता करते सिविल सोसाइटी के लोग।

**अमृत विचार :** उच्च न्यायालय को रामनगर में स्थापित किए जाने की मांग को लेकर 24 मई को बार एसोसिएशन ने बैठक बुलाई है। गुरुवार को हुई बैठक में उच्च न्यायालय की एक बैंच ऋषिकेश किसी भी कीमत में नहीं बनाने की मांग अधिवक्ताओं ने एक स्वर में की। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष ललित मोहन तिवारी व सचिव संतोष देवरानी के संचालन में हुई बैठक में अधिवक्ताओं ने कहा कि हाईकोर्ट बैंच ऋषिकेश में स्थानांतरित करने को लेकर रामनगर बार के समस्त अधिवक्ताओं में अत्यधिक रोष है।

कहा कि उत्तराखंड गठन के समय राजधानी देहरादून व हाईकोर्ट नैनीताल जनपद में स्थापित किया गया, किंतु उच्च न्यायालय को वर्तमान में नैनीताल से विभिन्न कारणों से हल्द्वानी में स्थापित किए जाने का प्रस्ताव रखा गया, जिसका संपूर्ण जनपद की बार एसोसिएशन ने हल्द्वानी स्थानांतरण का कभी विरोध नहीं किया लेकिन अचानक उच्च न्यायालय की एक बेंच ऋषिकेश में स्थापित करने का मौखिक आदेश किया गया जिसका विरोध समस्त कुमाऊं की बार एसोसिएशन व सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों ने तीव्र विरोध किया।

मांग की कि उच्च न्यायालय नैनीताल में ही रहे। सभी सदस्यों ने एक स्वर में मांग की कि उच्च न्यायालय नैनीताल में बने या हल्द्वानी में यदि दोनों स्थानों पर उच्च न्यायालय स्थापित नहीं किया जा सकता है तो रामनगर एक अच्छा विकल्प है, जो कुमांऊ गढ़वाल का प्रवेश द्वार के साथ-साथ दोनों मंडलों के आवागमन लिए ऑल वेदर रोड, परिवहन सुविधा रेलवे और अन्य आवश्यक सुविधाएं तथा राजस्व भूमि भी उच्च न्यायालय स्थाई करने के लिए पर्याप्त है।

रामनगर बार एसोसिएशन ने कुमाऊं मंडल और गढ़वाल मंडल के समस्त बार एसोसिएशन से अनुरोध किया कि रामनगर में उच्च न्यायालय स्थापित किए जाने का समर्थन करें तथा साथ ही साथ तय किया गया कि अग्रिम रणनीति बनाने के लिए 24 मई को दिन में दो बजे से रामनगर में बार एसोसिएशन की सभागार में सभा की जाएगी तथा क्षेत्र के समस्त राजनीतिक, सामाजिक संगठनों से हाईकोर्ट की बेंच ऋषिकेश में स्थापित किए जाने का विरोध करने तथा हाईकोर्ट की स्थापना रामनगर में किए जाने जाने पर गहनता से विचार किया जाएगा।

बैठक में एलएम पांडे, गणेश कुमार गगन, रणजीत सिंह' बलवंत सिंह बिष्ट, हिमांशु अग्रवाल, शोभित कश्यप, सुरेश चंद्र नैनवाल, जगदीश मासीवाल, ललित जोशी, जगतपाल सिंह रावत, बालम सिंह बिष्ट, प्रेम नैनवाल, पीएस बोहरा, प्रदीप अग्रवाल, सुखदेव सिंह, दीवान गिरी अधिवक्ता उपस्थित थे।

### कालाढूंगी में हाईकोर्ट शिफ्ट करने के लिए मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

**कालाढूंगी :** हाईकोर्ट शिफ्ट करने को लेकर क्षेत्र के लोगों में रोष है। अब हाईकोर्ट को कालाढूंगी शिफ्ट करने की मांग उठने लगी है। कालाढूंगी में स्थापित करने की मांग कर गुरुवार को वरिष्ठ भाजपा नेता तारा चंद्र पांडे ने मुख्यमंत्री धामी को तहसीलदार संजय कोहली के माध्यम से ज्ञापन भेजा। भाजपा नेता तारा चंद्र पांडे ने कहा हाईकोर्ट को नैनीताल से अन्य जगह स्थानान्तरित किया जाना प्रस्तवित है। कालाढूंगी विधानसभा के नयागांव व बैलपड़ाव के बीच में रिक्त भूमि पड़ी है। हाईकोर्ट के कालाढूंगी क्षेत्र में स्थापित होने से सीमावर्ती राज्यों के लोगों को लाभ मिलेगा। इस मौके पर अखिलेश वर्मा, गोपाल बुढलाकोटी, हरीश मेहरा, कैलाश बुढलाकोटी, भूपेन्द्र मनराल, विनोद बुढलाकोटी सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

### हाईकोर्ट को शिफ्ट करना ही है तो गैरसैंण में किया जाए

**नैनीताल :** हाईकोर्ट शिफ्टिंग को लेकर गुरुवार को सिविल सोसाइटी के लोगों ने पत्रकारों को संबोधित कर कहा कि राज्य का जन्म एक लम्बे जन संघर्ष के बाद हुआ था, जिसमें 40 से अधिक लोगों ने प्राणों की आहुति दी थी और सत्ता का मुजफ्फरनगर कांड जैसा आक्रमण झेला था। इसके बावजूद जनता अपना अधिकार लेने में सफल हुई। उस आन्दोलन के दौरान ही जनता ने यह तय किया था कि उत्तराखंड राज्य की राजधानी गैरसैंण होगी, लेकिन अगर अब हाईकोर्ट को नैनीताल से हटा कर कहीं अन्यत्र ले जाना है तो गैरसैंण ले जाना चाहिये। वक्ताओं ने कहा कि उच्च न्यायालय का यह निर्णय बगैर किसी गहन विचार-विमर्श के सिर्फ अपनी मनमर्जी के आधार पर लिया गया लगता है। ऐसे में न्यायालय का इस बारे में निर्णय देना विधायिका के अधिकार क्षेत्र का अतिक्रमण ही माना जायेगा। इस दौरान पीसी तिवारी, राजीव लोचन साह, इतिहासकार अजय रावत शेखर पाठक आदि मौजूद रहे।


भीमताल में ड्रेन ए की सफाई करती जेसीबी। ● अमृत विचार

# सिंचाई विभाग ने ली भीमताल झील के मुख्य स्रोत की सुध

खबर का असर

**सफाई शुरू**

- ज्ञापन देते ही एक दिन में चेता विभाग, झील के ड्रेन ए की सफाई शुरू

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार :** सिंचाई विभाग ने भीमताल झील के मुख्य स्रोत ड्रेन ए की सफाई शुरू कर दी है। बुधवार को पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज भट्ट ने मुख्य विकास अधिकारी को ज्ञापन देकर भीमताल झील की दशा का उल्लेख कर झील के मुख्य स्रोतों में शुमार ड्रेन ए में मलबा होने और नियमित तौर पर मलबा निस्तारण कर उसको साफ रखने के संबंध में ज्ञापन सौंपा था। इस समाचार को सुधी पाठकों के हितार्थ अमृत विचार ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था। खबर प्रकाशित होते ही सिंचाई विभाग ने गुरुवार से सफाई का कार्य शुरू कर दिया।

ज्ञापन और प्रकाशित समाचार का मुख्य विकास अधिकारी अशोक कुमार पांडे ने तुरंत संज्ञान लेकर कार्रवाई का आश्वासन दिया था। मालूम हो कि ड्रेन ए भीमताल झील का मुख्य स्रोत है जो कि घोड़ाखाल से खुटानी बाईपास होते हुए करीब पांच किलोमीटर लंबा है। इस नाले में बरसात के दिनों में अत्यधिक मलबा आ जाता है और इसी मलबे के चलते तीन वर्ष पूर्व भीमताल में बाढ़ जैसी स्तिथि उत्पन्न हो गई थी। स्थानीय निवासी पिछले तीन वर्ष से इस नाले को पूर्ण रूप से साफ करने और इसके मुख्य कैचमेंट में बने और मलबे से पटे पिट को साफ करने की मांग कर रहे थे। स्थानीय लोगों ने मामले को प्रशासनिक अधिकारियों तक पहुंचाने के लिए पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज भट्ट, मुख्य विकास अधिकारी व सिंचाई विभाग के उच्च अधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

### आज खुलेगी डीएसए पार्किंग की निविदा

**नैनीतालः** आचार संहिता लगने के बाद से पालिका के बहुत से काम रुक गए हैं, जिससे पालिका कर्मचारियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

शासन से अनुमति नहीं मिलने के कारण नैनीताल डीएसए पार्किंग का टेंडर, भवाली में लगने वाला कूड़ा रिसाइकल प्लांट का टेंडर और डोर टू डोर का टेंडर रुका हुआ है, लेकिन अब शासन से डीएसए की टेंडर प्रक्रिया को अनुमति मिल गई है, जिसके बाद शुक्रवार को डीएसए पार्किंग की निविदा खोली जाएगी, जिससे पालिका को करीब एक करोड़ 20 लाख के लगभग आय होगी, जिससे बीते चार माह से वेतन का इंतजार कर रहे संविदा कर्मचारियों को वेतन मिल सकेगा।

### मल्लीताल में सीवर बहने से रास्ता बंद

**नैनीताल :** नैनीताल के मल्लीताल क्षेत्र में सीवर लाइन में लीकेज होने से सीवर का गंदा पानी रास्ते पर जमा हो गया, जिसके चलते लोगों की आवाजाही बंद हो गई।

बीते 15 दिनों से मल्लीताल रोप वे के समीप सात नम्बर जाने वाले पैदल मार्ग व नाला संख्या चार में सीवर बह रहा है। मार्ग में गंदगी भरने से लोगों की आवाजाही भी बंद ही गई, जिससे लोगों में जल संस्थान के प्रति रोष है। लोगों ने जल्द से जल्द समस्या का स्थायी समाधान करने की मांग की।

# अवैध खनन के विरोध में प्रदर्शन

संवाददाता, भीमताल


बोहराकून में अवैध खनन के खिलाफ प्रदर्शन करते ग्रामीण।

**अमृत विचारः** भीमताल और आसपास के क्षेत्र में काफी समय से कई स्थानों पर हो रहे अवैध खनन के विरोध में ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया।

लोगों का आरोप है कि अवैध कार्य को रोकने की मांग करने के बाद भी विभाग कार्रवाई को तैयार नहीं है। विभाग को सूचना देने के बाद भी कार्रवाई नहीं की गई। ऐसे में अब अवैध खनन और गांव में मंडरा रहे खतरे को लेकर ग्रामीण सड़क पर उतर आए हैं। भीमताल के समीप बोहराकून के ग्रामीणों ने बताया कि निजी बिल्डर ने सीधे खड़े पहाड़ की जमीन का अत्यधिक खनन कर दिया, जिस कारण पहाड़ पर काफी दरारें पड़ गई हैं।

गांव के लोगों को जानमाल की हानि का खतरा बना हुआ है। पहाड़ में लगातार भूस्खलन से गांव में दहशत का माहौल है। गांव वालों ने लिखित शिकायत थाने में दी है। ग्रामीणों ने बिल्डर के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शन करने वालों में प्रिंस खनायत, सीमा बोहरा, जया बोहरा, निशा बोहरा, शांति खनायत, भावना खनायत, शुभम बोहरा, चेतन बोहरा आदि लोग शामिल रहे।

### बिजली कटौती से ग्रामीण परेशान

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** गर्मी में बिजली कटौती से ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ज्योलीकोट क्षेत्र के आसपास के गांवों में लोग बिजली कटौती से परेशान हैं।

यहां के दर्जनों गांवों में कई दिनों से सुबह और शाम रोजाना दिन में चार घंटे तक की कटौती की जा रही है। सुबह 10 बजे के बाद शाम दो बजे तक बिजली गायब हो जाती है।

> विभाग की ओर से बिजली कटौती नहीं की जा रही है। अगर लाइन में कोई दिक्कत होगी तो जल्द ही जांच करवाकर समस्या को दूर कर दिया जाएगा। -**प्रियंक पांडे**, एसडीओ, ऊर्जा निगम

वहीं शाम को लाइट आने के बाद भी रात 10 बजे तक आती जाती रहती है। यहां से जुड़ने वाले गांव गेठिया, वीरभट्टी, छीड़ा, गांजा, ज्योलीकोट समेत आसपास के गांवों में लोगों को मुश्किल का सामना करना पड़ रहा है।

**पाठकों हेतु सूचना**

प्रिय पाठको,

हल्द्वानी, काशीपुर एवं रूद्रपुर में आपको अमृत विचार समाचार पत्र मिलने में असुविधा हो रही हो तो कृपया नीचे दिये गये नंबरों पर सम्पर्क करें।

हल्द्वानी कार्यालय — 7830460114, 9412987555
काशीपुर कार्यालय — 8218100208
रूद्रपुर कार्यालय — 9837804094, 8476843488

# सकारात्मकता ही सफलता का पर्याय है : कुलपति रावत


कुलपति को आभार ज्ञापन सौंपते प्राध्यापक। ● अमृत विचार

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचारः** कुमाऊं विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में वाणिज्य विभाग के प्राध्यापक एवं शोधार्थी कुलपति प्रो. दीवान एस रावत से मिले। विभागाध्यक्ष प्रो. अतुल जोशी की अगुआई में प्राध्यापकों एवं शोधार्थियों ने कुलपति से मुलाकात कर वाणिज्य विभाग की ओर से माइक्रोफाइनांस से ग्रामीण महिलाओं का सशक्तिकरण विषय पर आयोजित किये गए राष्ट्रीय सेमिनार की रिपोर्ट भी प्रस्तुत की। कुलपति प्रो. दीवान एस रावत ने राष्ट्रीय सेमिनार में प्रस्तुत शोध पत्रों के संकलन की पुस्तक का विमोचन भी किया गया। कुलपति प्रो. रावत ने विभाग की ओर से किये जा रहे कार्यों की सराहना कर कहा कि सकारात्मकता ही सफलता का पर्याय है। विभागाध्यक्ष प्रो. अतुल जोशी ने कौशल विकास आधारित पाठ्यक्रमों के सुगम संचालन के लिए एक अतिरिक्त कंप्यूटर लैब वाणिज्य विभाग को प्रदान करने को कुलपति प्रो. रावत से निवेदन किया। जिस पर सहमति प्रदान कर कुलपति कहा कि छात्र हमारे परिसरों एवं संस्थानों में सबसे महत्वपूर्ण हितधारक हैं इसलिए उनका प्रयास होगा कि विश्वविद्यालय में ऐसा अकादमिक उत्कृष्टता का वातावरण बने जिसमें विद्यार्थी उत्कृष्ट पेशेवर बनकर देश व समाज के विकास में सकारात्मक भूमिका निभा सकें। इस दौरान कुलसचिव दिनेश चंद्रा, वित्त नियंत्रक अनीता आर्या, निदेशक शोध एवं प्रसार प्रो. एनके साहू, डॉ. आरती पंत, डॉ. ममता जोशी, डॉ. निधि वर्मा, डॉ. जीवन उपाध्याय, डॉ. विनोद जोशी, डॉ. पूजा जोशी, डॉ. हिमानी जलाल, डॉ. गौतम रावत, अंकिता आर्या, रीतिशा, आस्था आदि मौजूद रहे।



बैशाख शुक्ल पक्ष दशमी
विक्रम संवत 2081


लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 17 मई 2024
वर्ष 4, अंक 89, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com


कैनेडियन जंगलों की आग से अमेरिकी देश धुंए की चपेट में 14

ब्रह्मास्त्र पार्ट 2 में विलेन का किरदार निभाएंगे ऋतिक 13


## रेप पीड़िता किशोरी ने आरोपी को दी क्लीन चिट, अदालत ने सुना दी सजा

नई दिल्ली, एजेंसी

- अदालत ने डीएनए और एफएसएल नतीजों के आधार पर आरोपी को माना दोषी
- आरोपी को न्यायपालिका का मजाक उड़ाने की अनुमति नहीं दी जा सकती : कोर्ट

राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत ने एक असाधारण फैसला सुनाते हुए लगभग दस साल पहले 12 वर्षीय एक लड़की के साथ बलात्कार करने के लिए एक व्यक्ति को दोषी ठहराया है। इस मामले में पीड़िता ने आरोपी को क्लीन चिट दे दी थी।

अदालत ने कहा कि डीएनए और एफएसएल नतीजों जैसे निर्णायक सबूत के आधार पर आरोपी को दोषी ठहराया जाता है। आमतौर पर यौन उत्पीड़न के मामलों में बलात्कार पीड़िता की गवाही को मुख्य सबूत माना जाता है और यदि पीड़िता आरोपी को क्लीन चिट दे देती है तो उसे संदेह का लाभ मिल जाता है और वह छूट जाता है। अक्टूबर 2014 में नाबालिग लड़की से हुए बलात्कार के इस मामले की सुनवाई कर रहे अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अमित सहरावत ने कहा, पीड़िता हालांकि इस तथ्य से मुकर गई कि आरोपी ने उसके साथ शारीरिक संबंध बनाये थे, लेकिन डीएनए और फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) के नतीजों से सच्चाई सामने आ गई है, जो कि एक निर्णायक सबूत है। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि पीड़िता ने पहले चिकित्सक, पुलिस और मजिस्ट्रेट को दिए अपने बयानों में कहा था कि आरोपी ने उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए थे। अदालत के समक्ष अपने चौथे बयान में वह मुकर गई और अभियोजन पक्ष के मामले का समर्थन नहीं किया। न्यायाधीश ने कहा कि अदालत का कर्तव्य सच्चाई का पता लगाना है और आरोपी व्यक्तियों को न्यायपालिका का मजाक उड़ाने की अनुमति नहीं दी जा सकती।


एयर प्लांट की नर्सरी विकसित करने में फूल विशेषज्ञ डॉ. अखिलेश त्यागी को मिली सफलता

## टिलैंडसिया को रास आई भीमताल की आबोहवा

राकेश सनवाल, भीमताल

**अमृत विचार :** बागवानी के शौकीनों के लिए अच्छी खबर है। अब जमीन के बिना भी बागवानी हो सकेगी। इसमें मददगार होगा एयर प्लांट 'टिलैंडसिया'। इस पौधे को भीमताल की आबोहवा रास आ चुकी है। इसकी नर्सरी विकसित करने में फ्लोरी वेल के स्वामी व फूल विशेषज्ञ डॉ. अखिलेश त्यागी को सफलता मिली है।

टिलैंडसिया के पौधे को लगाने के लिए न तो मिट्टी की जरूरत होती है और न ही पानी की। डॉ. त्यागी के अनुसार लैटिन अमेरिका, ब्राजील, अर्जेंटीना, पेरू और चिली में पाए जाने वाले इस पौधे को उत्तराखंड की आबोहवा रास आ गई है। टिलैंडसिया डायनासोर काल से वजूद में हैं। इसके पौधों से आगे जो प्रजाति विकसित हुई वह मुख्यतः पेड़ों पर उगी। टिलैंडसिया से अगली प्रजाति बेमिलियर्ड कहलाई। इसकी विचित्र संरचना के चलते विदेश में इस पौधे को घरों के ड्राइंग रूम, ऑफिस और रसोईघर के सौंदर्य के लिए प्रयोग किया जाता है। भारत में इसकी पौध को पहले बेंगलुरु और भीमताल में उगाया जा रहा है।



डॉ. अखिलेश त्यागी

### ऐसी होती है टिलैंडसिया की संरचना

टिलैंडसिया का पौधा हवा से आद्रता ग्रहण करता है। जिन क्षेत्रों में ज्वालामुखी सक्रिय होते हैं, वहां यह पौधा प्राकृतिक लवण और खनिज ग्रहण कर अपना विकास करता है। जिससे टिलैंडसिया की पैदावार और बढ़त स्वयं होती है। भीमताल में सिंगापुर और थाईलैंड से इसके पौधे मंगाए गए हैं। अब इन्हीं से अन्य पौधों को विकसित किया जा रहा है। वर्तमान में इसकी सीमित पौध नर्सरी में उपलब्ध है। टिलैंडसिया के फूल खूबसूरत और बहुत लंबे समय तक रहते हैं। डॉ. अखिलेश त्यागी के मुताबिक टिलैंडसिया के पौधे को आमतौर पर न्यूनतम तापमान पांच डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तथा 70 से 80 प्रतिशत तक आद्रता की जरूरत होती है।



टिलैंडसिया का पौधा।






### एक नजर

#### बंगाल में 10 स्थानों पर आईटी की छापेमारी

**कोलकाता।** आयकर (आईटी) अधिकारियों ने पश्चिम बंगाल में कोलकाता के दक्षिण से लेकर उत्तरी हिस्सों तक 10 स्थानों पर छापे मारे और लगभग 55 लाख रुपये जब्त किए हैं। आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि आईटी अधिकारी बुधवार से शहर के कुछ हिस्सों में तलाशी अभियान चला रहे हैं, जिनमें दक्षिण में गरियाहाट, मध्य भाग में एस्प्लेनेड और उत्तर में शोभा बाजार शामिल हैं।

#### जैश के शीर्ष आतंकी की संपत्ति कुर्क

**श्रीनगर।** एनआईए ने पाकिस्तान स्थित प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के एक शीर्ष सदस्य की सात अचल संपत्तियों को कुर्क किया है। आतंकवादी सरताज अहमद मंटू की जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले के किसरीगाम में 19 मरला और 84 वर्ग फुट की भूमि और संपत्तियों को बुधवार को कुर्क कर लिया गया।

## चारधाम यात्रा : 19 मई तक ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन बंद

### मुख्यमंत्री ने की श्रद्धालुओं से अपील, रजिस्ट्रेशन तिथि के अनुसार करें यात्रा

ब्यूरो, देहरादून



- चारों धाम में मंदिरों से 200 मीटर दूर से मोबाइल रहेंगे प्रतिबंधित
- मुख्यमंत्री धामी ने की चारधाम यात्रा की व्यवस्था की समीक्षा

**अमृत विचार :** चारधाम यात्रा में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़ और उसके चलते हो रही दिक्कतों के मद्देनजर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को चारधाम यात्रा व्यवस्था की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि चारधाम यात्रा राज्य की लाइफ लाईन है, यात्रा में मानकों का अनुपालन किया जाए।

चारधाम यात्रा शुरू होने के बाद से श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। इसके चलते व्यवस्थाएं चरमराने लगी हैं। गुरुवार को सचिवालय में चारधाम यात्रा व्यवस्था की समीक्षा के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी पहली प्राथमिकता चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा है। उन्होंने श्रद्धालुओं से भी अनुरोध किया कि वे चारधाम यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन के अनुसार जो तिथि मिली है, उसके अनुसार ही दर्शन के लिए आएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि चारों धामों में 31 मई तक वीआईपी दर्शन की व्यवस्था स्थगित रखी जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि चारों धामों में प्रतिदिन के लिए जो क्षमता निर्धारित की गई है, उसके अनुसार ही यात्रियों को दर्शन के लिए भेजा जाए। रजिस्ट्रेशन की व्यवस्थाओं को और मजबूत बनाया जाए। श्रद्धालुओं का चारधाम यात्रा हेतु रजिस्ट्रेशन होने पर ही चेक प्वाइंट से आगे जाने दें। उन्होंने 17 से 19 मई तक तीन दिन ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन रोका जाए। चारधाम के सभी मार्गों के एंट्री प्वाइंट एवं विकासनगर, यमुना पुल क्षेत्र, धनौल्टी, सुवाखोली में भी सख्ती से चेकिंग की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने बताया कि चारों धाम में मंदिर से 200 मीटर तक मोबाइल प्रतिबंधित रहेंगे। उन्होंने कहा कि बहुत ज्यादा संख्या में श्रद्धालु चारधाम आ रहे हैं। कई लोग ऐसे भी हैं जो आस्था नहीं बल्कि केवल घूमने के लिए आ रहे हैं। उनकी कुछ हरकतों की वजह से आस्था को ठेस पहुंच रही है। इसी को ध्यान में रखते हुए मोबाइल फोन प्रतिबंधित किए गए हैं।

### पहाड़ों में वर्षा और बिजली का येलो अलर्ट जारी

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** मौसम विज्ञान केंद्र ने पर्वतीय जिलों में बारिश होने का अनुमान जताया है। चारधाम रूट पर भी बारिश होने की संभावना है। बारिश और बिजली को लेकर येलो अलर्ट भी जारी हुआ है। मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून के अनुसार उत्तराखंड के उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर, चंपावत और पिथौरागढ़ जिलों में कहीं-कहीं गर्जन के साथ बारिश हो सकती है। साथ ही देहरादून जिले के पर्वतीय इलाकों में भी बारिश होने की संभावना है। बारिश के साथ ही आकाशीय बिजली भी चमक सकती है। चारधाम रूटों पर भी बारिश होने की संभावना है। राज्य के अन्य इलाकों में मौसम शुष्क रहेगा और मैदानी इलाकों में गर्मी का असर रहेगा। गुरुवार को राजधानी देहरादून में अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। मौसम विभाग ने किसी भी अप्रिय घटना को ध्यान में रखते हुए यह अलर्ट जारी किया है।



## ऐसा प्रधानमंत्री चुनने का मौका जिस पर दुनिया रौब न जमा सके : मोदी

### प्रधानमंत्री ने उत्तर प्रदेश में कई चुनावी जनसभाओं को संबोधित किया

- बोले-अगले पांच साल में बदल देंगे पूर्वांचल की तस्वीर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



जौनपुर में भाजपा उम्मीदवार कृपाशंकर सिंह के समर्थन में जनसभा के दौरान गदा लेकर लोगों का उत्साह बढ़ाते प्रधानमंत्री मोदी। ● एजेंसी

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि यह चुनाव देश के लिए एक ऐसा प्रधानमंत्री चुनने का अवसर है जिस पर दुनिया रौब न जमा सके। एक ऐसा प्रधानमंत्री, जो एक दमदार सरकार चलाए और भारत के दम-खम से दुनिया को परिचित करवाए। गुरुवार को उत्तर प्रदेश में चार जनसभाएं करते हुए प्रधानमंत्री ने सभी जगहों पर अलग-अलग मुद्दे उठाए।

प्रधानमंत्री मोदी जौनपुर संसदीय क्षेत्र से भाजपा के उम्मीदवार कृपाशंकर सिंह और मछलीशहर (आरक्षित) के बीपी सरोज के समर्थन में टीडी कालेज मैदान में आयोजित एक चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने भोजपुरी में अपना भाषण शुरू करते हुए सभी को आश्वस्त किया कि आने वाले पांच साल में मोदी और योगी पूर्वांचल की तस्वीर और तकदीर बदलने वाले हैं। प्रधानमंत्री ने जय श्री राम, हर हर मोदी के नारों के बीच कहा आपका यह उत्साह दिखाता है कि आप लोगों ने उत्तर प्रदेश में इंडिया गठबंधन वालों के लिए एक सीट भी जीतना मुश्किल कर दिया है। उन्होंने दावा किया कि चार जून को मतगणना के बाद जौनपुर में इतनी इमरती बंटेगी कि सारे रिकॉर्ड टूट जाएंगे।

जौनपुर के अलावा प्रधानमंत्री ने गुरुवार को पूर्वांचल के आजमगढ़, भदोही, प्रतापगढ़ जिले में भी जनसभाओं को संबोधित किया और सभी जगह उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यों की भी काफी प्रशंसा की। इस कड़ी में उन्होंने उत्तर प्रदेश में माफिया के सफाए के साथ ही इंफ्रास्ट्रक्चर में बड़े बदलाव का श्रेय योगी को देते हुए पूर्वांचल को विकसित भारत का नया ग्रोथ इंजन करार दिया। आजमगढ़ पहुंचकर मोदी ने कहा कि कांग्रेस और सपा की सरकारों ने सीएए के नाम पर झूठ का पहाड़ खड़ा कर दिया। इन लोगों ने सात दशकों तक हिंदू-मुसलमान किया। ये दल कह रहे हैं कि जब मोदी जाएगा तो सीएए को भी हटा दिया जाएगा, लेकिन मैं कहता हूं कि इस देश में अब कोई माई का लाल ऐसा नहीं है, जो सीएए को खत्म कर सके। प्रधानमंत्री ने भदोही में कहा, मैं काशी वाला हूं और भदोही अपना ही घर है। मुझे पक्का विश्वास है कि आप वोट देकर भाजपा प्रत्याशी को दिल्ली भेजने वाले हैं। इसी क्रम में मोदी ने विपक्षियों पर निशाना साधते हुए कहा कि यहां लोग पूछ रहे हैं कि भदोही में टीएमसी कहां से आ गई।

## कस्टडी में युवक की हुई मौत, पूरी चौकी निलंबित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/नोएडा

- पुलिसकर्मियों पर पांच लाख रुपये मांगने का आरोप
- डीजीपी ने मामले की जांच व कार्रवाई की बात कही

**अमृत विचार :** नोएडा के बिसरख थाना क्षेत्र की चिपियाना चौकी में पुलिस कस्टडी में एक युवक की मौत के बाद पुलिस कमिश्नर ने गुरुवार को पूरी चौकी निलंबित कर दी।

मृतक के भाई ने आरोप लगाया कि उसके भाई को छोड़ने के लिए चौकी इंचार्ज सहित अन्य पुलिसकर्मी पांच लाख रुपये मांग रहे थे। 50 हजार रुपये उसने शाम को ही दे दिया था। हिरासत में लिए गए युवक ने फंदे पर लटककर खुदकुशी की या कुछ और कारण है। इसे लेकर डीजीपी ने जांच कर कड़ी कार्रवाई के आदेश दिए हैं। मृतक योगेश के भाई जितेंद्र ने बताया कि योगेश चिपियाना की एक बेकरी में काम करता था। उसकी एक सहकर्मी ने चौकी पर योगेश के खिलाफ शिकायती पत्र दिया था, योगेश को पुलिस चौकी पर बुलाया गया था। न पहुंचने पर कई पुलिसकर्मी पहुंचे और उसे चौकी ले आए। उसे जब पता चला तो वह भाई योगेश को छुड़ाने के लिए चौकी पहुंचा।

## फ्लाइट में बम की सूचना पर मची अफरा-तफरी

**नई दिल्ली।** इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एयर इंडिया की दिल्ली-वड़ोदरा उड़ान में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब चालक दल के एक सदस्य ने विमान के शौचालय में एक टिशू पेपर पर बम शब्द लिखा देखा। गुरुवार को एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि बुधवार शाम को यह नोट मिलने के बाद विमान की जांच की गई, लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। जब चालक दल के सदस्य ने शाम सात बजे बम लिखा टिशू पेपर देखा, उस समय विमान उड़ान भरने के लिए तैयार था।

- टिशू पेपर पर लिखा था बम जांच में कुछ नहीं मिला

## मालीवाल से मारपीट का मामला दर्ज

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली पुलिस ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास पर आम आदमी पार्टी (आप) की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल से कथित 'मारपीट' के संबंध में बृहस्पतिवार को एक प्राथमिकी दर्ज की और उनके निजी सहायक विभव कुमार को आरोपी बनाया। अधिकारियों ने बताया कि यह प्राथमिकी महिलाओं के खिलाफ हिंसा के अपराध से संबंधित धाराओं के तहत दर्ज की गई। मालीवाल द्वारा कई पन्नों की शिकायत दर्ज कराने के बाद मुकदमा दर्ज किया है।

दिल्ली पुलिस की एक टीम मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास पर आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल के साथ कथित बदसलूकी के मामले में गुरुवार को उनके घर पहुंची। अधिकारियों ने कहा कि अतिरिक्त पुलिस आयुक्त दर्जे के एक अधिकारी के नेतृत्व में एक दल घटना की जानकारी लेने के लिए मालीवाल के घर गया है। मालीवाल सिविल लाइन्स थाने पहुंची थीं और आरोप लगाया था कि केजरीवाल के निजी स्टाफ के एक सदस्य ने मुख्यमंत्री आवास पर उनके साथ बदसलूकी की थी। वहीं, राष्ट्रीय महिला आयोग ने केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार को आज समन भेजा। उनका पक्ष शुक्रवार को पूर्वाह्न 11 बजे सुना जाएगा।

### बदसलूकी मामला

- महिला आयोग ने केजरीवाल के स्टॉफ को तलब किया

### क्या केजरीवाल ने ही पिटवाया : भाजपा

भाजपा ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाती मालीवाल के साथ दुर्व्यवहार करने वाले को संरक्षण देने का आरोप लगाते हुए उनसे पूछा कि क्या मालीवाल के साथ यह दुर्व्यवहार मुख्यमंत्री के इशारे पर ही किया गया है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि एक महिला सांसद के साथ हुए दुर्व्यवहार पर केजरीवाल की चुप्पी बताती है कि महिला सम्मान उनके लिए कोई मायने नहीं रखता है।

## गले में टॉफी फंसने से चार साल के बच्चे की गई जान

संवाददाता, शाहबाद (रामपुर)

- दुकान से टॉफी खरीदकर खाई तो अचानक गले में अटक गई
- सांस लेने में दिक्कत होने पर लोगों ने परिजनों को किया सूचित

**अमृत विचार :** सभासद के चार साल के बेटे के गले में टॉफी अटकने से उसकी हालत बिगड़ गई। बच्चे ने दुकान से खरीदकर टाफी खाई जो गले में फंस गई। सांस लेने में दिक्कत होने पर लोगों ने परिजनों को सूचित किया। आनन-फानन परिजन उसे अस्पताल ले गए, जहां उसने दम तोड़ दिया। मोहल्ला जिलेदरान वार्ड नंबर आठ से इकबाल खां की पत्नी अंजुम सभासद हैं। गुरुवार की सुबह उनका चार वर्षीय बेटा हमजा दुकान से टॉफी लेने गया था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार खाते समय हमजा के गले मे टॉफी अटक गई। इससे उसका दम घुटने लगा।



जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और आनन-फानन में बालक को सीएचसी ले आए। वहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इकबाल के पांच बेटों में हमजा सबसे छोटा था।

## केजरीवाल को अंतरिम बेल अपवाद नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

- फैसले के आलोचनात्मक विश्लेषण का स्वागत : सुप्रीम कोर्ट

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को लोकसभा चुनाव में प्रचार के लिए अंतरिम जमानत देना कोई अपवाद नहीं है और इस फैसले के 'आलोचनात्मक विश्लेषण' का स्वागत है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल को दी गई अंतरिम जमानत(बेल) के संबंध में दिए गए कुछ बयानों पर ईडी और केजरीवाल के वकील के दावों तथा जवाबी दावों पर विचार करने से इनकार कर दिया। पीठ ने कहा कि हमने किसी के लिए अपवाद स्वरूप कुछ नहीं किया है। हमने अपने आदेश में वही कहा, जो हमें न्यायोचित लगा। ईडी की ओर से सॉलसिटर जनरल तुषार मेहता ने चुनावी रैलियों में दिए गए केजरीवाल के इन भाषणों पर विरोध जताया कि अगर जनता आप को वोट देती है तो उन्हें दो जून को जेल वापस नहीं जाना पड़ेगा। पीठ ने मेहता से कहा कि यह उनका मानना है। शीर्ष अदालत गिरफ्तारी के खिलाफ केजरीवाल की मुख्य याचिका पर सुनवाई कर रही थी। कोर्ट ने आबकारी नीति घोटाले में केजरीवाल को एक जून तक अंतरिम जमानत दी थी।

### केजरीवाल के खिलाफ जल्द चार्जशीट : ईडी

ईडी ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट को सूचित किया कि वह जल्द ही दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी (आप) के खिलाफ आबकारी घोटाले से जुड़े धनशोधन के मामले में आरोप पत्र दाखिल करेगा।

### 2 जून को करना होगा आत्मसमर्पण

सुप्रीम कोर्ट ने अंतरिम जमानत पर 10 मई को रिहा हुए केजरीवाल के बयान अगर लोगों ने झाड़ू को वोट दिया तो मुझे वापस जेल नहीं जाना पड़ेगा पर ईडी की आपत्ति पर कहा कि उन्हें दो जून को आत्मसमर्पण करना होगा।

## बंगाल-पंजाब में ओबीसी कोटा बढ़ाने की सिफारिश

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग (एनसीबीसी) ने पंजाब और पश्चिम बंगाल में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए रोजगार में आरक्षण कोटा बढ़ाने की सिफारिश की है। वर्तमान में पंजाब में कुल 37 प्रतिशत आरक्षण है, जिसमें 25 प्रतिशत एससी को और 12 प्रतिशत ओबीसी को दिया गया है। एनसीबीसी ने ओबीसी के लिए 13 प्रतिशत अतिरिक्त आरक्षण की सिफारिश की है। पश्चिम बंगाल में एससी, एसटी और ओबीसी के लिए आरक्षण कोटा क्रमशः 22 प्रतिशत, छह और 17 प्रतिशत है। एनसीबीसी का कहना है कि ओबीसी कोटा शेष पांच प्रतिशत बढ़ाया जा सकता है।

## कोविशील्ड के बाद अब कोवैक्सीन का भी दुष्प्रभाव

### अध्ययन में दावा : कोवैक्सीन लगवाने वाले 30 % से अधिक लोगों को एक साल बाद हुईं स्वास्थ्य समस्याएं

नई दिल्ली, एजेंसी



- श्वास संबंधी संक्रमण और मस्तिष्काघात की भी शिकायत

काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के शोधकर्ताओं की एक दल द्वारा किए गए एक साल के अध्ययन में दावा किया गया कि भारत बायोटेक के कोविड रोधी टीके ''कोवैक्सीन'' लगवाने वाले लगभग एक-तिहाई व्यक्तियों को स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों का सामना करना पड़ा। शोधकर्ताओं ने इन स्वास्थ्य समस्याओं को 'विशेष रुचि वाली प्रतिकूल घटनाओं' या एईएसआई की संज्ञा दी है। अध्ययन में भाग लेने वाले 926 प्रतिभागियों में से लगभग 50 प्रतिशत लोगों ने शिकायत की है कि उन्हे कौवैक्सीन लगवाने के बाद श्वास संबंधी संक्रमण का सामना करना पड़ा है। यह संक्रमण उनके श्वसन तंत्र के ऊपरी हिस्से में हुआ।

अध्ययन में दावा किया गया कि कोवैक्सीन लगवाने वाले एक प्रतिशत व्यक्तियों ने एईएसआई की शिकायत की, जिसमें मस्तिष्काघात एवं गिलियन-बर्र सिंड्रोम से ग्रसित हुए। इस सिंड्रोम में लोगों के पैरों का सुन्न होना शुरू होता है तथा यह लक्षण शरीर के अन्य अंगों में फैलने लगता है।

पत्रिका स्प्रिंगर नेचर में प्रकाशित यह अध्ययन ब्रिटेन की फार्मास्युटिकल दिग्गज एस्ट्राजेनेका द्वारा ब्रिटेन की अदालत में यह स्वीकार करने के बाद आया कि कोविशील्ड से खून के थक्के जम सकते हैं और प्लेटलेट काउंट कम हो सकते हैं। बीएचयू (बनारस हिंदू विश्वविद्यालय) के शोधकर्ताओं द्वारा जनवरी 2022 से अगस्त 2023 तक किए गए अध्ययन में बताया गया कि कोवैक्सीन लगवाने के बाद लगभग एक तिहाई व्यक्तियों ने एईएसआई की शिकायत की, जिसमें उन्हें त्वचा से संबंधित बीमारी, सामान्य विकार और तंत्रिका तंत्र से संबंधित बीमारियों का सामना करना पड़ा। खासकर किशोरों को ये समस्याएं हुईं। शोध में 635 किशोर और 391 वयस्क शामिल थे।

### महिलाओं में मासिक धर्म की असामान्यताएं

अध्ययन में यह भी दावा किया गया कि कोवैक्सीन लगवाने के बाद 4 .6 प्रतिशत महिलाओं में मासिक धर्म संबंधी असामान्यताएं देखी गईं। इसमें यह भी बताया गया कि चार व्यस्कों की भी मौत हुई। इन चारों को मधुमेह था, जबकि तीन को उच्च रक्तचाप था और उनमें से दो लोगों ने कोवैक्सिन टीका लगवाया हुआ था।

## सार-संक्षेप



रामनगर में मेधावी बच्चों के साथ अतिथि और शिक्षक। ● अमृत विचार

### अपने बच्चे में छिपी प्रतिभा को पहचानें अभिभावक

**रामनगर :** माउंट सिनाई स्कूल का वार्षिक प्रतिभा सम्मान समारोह माउंट सिनाई स्कूल के हॉल में मनाया गया, जिसमें मुख्य अतिथि अधिवक्ता गणेश कुमार गगन ने अभिभावकों से कहा कि हर बच्चे के अंदर कुछ न कुछ प्रतिभा होती है। बस उसे पहचानकर अभिभावक उसकी प्रतिभा को निखारने में जुट जाएं। स्कूल के बच्चों को उनकी सर्वाधिक उपस्थिति, बेस्ट आर्टिस्ट, बेस्ट परफॉर्मेंस, अनुशासन व अच्छे अंक लाने के लिए प्रोत्साहन के रूप में मेडल, स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान विद्यालय की प्रधानाचार्य व निदेशक शशि बेंजामिन के द्वारा विद्यालय के बच्चों व अभिभावकों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामना दी। इस दौरान अभिभावक व स्कूल की शिक्षिका चंद्रकांता शाह, रजिया सुल्तान, रेनू जोशी, शिखा जोशी, अनीता वर्मा, नगमा, कुमारी सना, हिमानी जोशी, मुसर्रत मौजूद रहे।

### अवैध खनन में लिप्त ट्रैक्टर को कराहा के साथ पकड़ा

**रामनगर :** गुलजारपुर वन क्षेत्र में अवैध खनन करते हुए वन कर्मियों ने ट्रैक्टर व कराहा के साथ पकड़ लिया। डीएफओ प्रकाश चंद्र आर्य ने बताया कि वन सुरक्षा बल की ओर से गश्त के दौरान बंजारी से वाहन को बिना रॉयल्टी के उप खनिज ले जाते हुए पकड़ा, जिसे गुलजारपुर चौकी परिसर में सुरक्षित खड़ा किया गया। वन सुरक्षा बल की ओर से पकड़े गए वाहन के आगे बार-बार बाइक लगाकर वाहन को रोकने की कोशिश की गई। बाइक को पकड़ कर भी गुलजारपुर चौकी परिसर में सुरक्षित खड़ा कर डंपर व बाइक को सीज कर दिया गया।

### गौला रोखड़ की आग पर टीम ने पाया काबू

**हल्द्वानी :** गुरुवार को तराई पूर्वी वन प्रभाग में रेशमबाग बीट के अंतर्गत गौला रोखड़ में वनाग्नि की घटना हुई। वन संरक्षक डॉ. विनय भार्गव ने बताया कि ग्रामीणों की ओर से आग लगने की सूचना रात 8 बजे मिली। जिस पर संबंधित अधिकारी व बीट प्रभारी के साथ-साथ नैना पीक वायरलैस स्टेशन को भी सूचित किया गया। जानकारी मिलते ही रेंज स्तर से वन क्षेत्राधिकारी, गौला रेंज के नेतृत्व में विभागीय टीम रात 8 :40 बजे मौके पर पहुंची और वनाग्नि को नियंत्रित किया।



रामनगर में खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते अतिथि। ● अमृत विचार

### कस्तूरी ने ब्रह्मकमल सदन को दी शिकस्त

**रामनगर :** राइका छोई में आयोजित अंतर सदनीय क्रिकेट प्रतियोगिता (जूनियर वर्ग) में कस्तूरी सदन ने ब्रह्मकमल सदन को सात विकेट से हराकर फाइनल मुकाबला जीत लिया। पहले बल्लेबाजी कर ब्रह्म कमल सदन ने सभी विकेट खोकर 57 रन बनाए। इसमें सचिन खेरिया और अक्षय खेरिया ने 15-15 रन का योगदान दिया। कस्तूरी सदन के मयंक कुमार ने चार विकेट लिए। इसके जवाब में खेलते हुए कस्तूरी सदन ने तीन विकेट के नुकसान पर आठवें ओवर में 58 रन बनाकर मैच जीत लिया। जिसमें दिव्यांशु कुमार ने 29 रन (नाबाद) और मयंक कुमार ने 16 रनों का योगदान दिया। ब्रह्म कमल सदन के हीरा सिंह बोहरा ने दो विकेट लिए। इससे पूर्व फाइनल मैच का शुभारंभ वीरेंद्र सारस्वत, वरिष्ठ अध्यापक राइका छोई के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया।

### युवती के अपहरण का मुकदमा दर्ज

**रामनगर :** कोतवाली पुलिस ने युवती को भगा ले जाने के मामले में आरोपी युवक के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज किया है। नगर क्षेत्र के रहने वाले एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर दी कि उसकी पुत्री को ऊंटपड़ाव निवासी युवक फुसलाकर भगा ले गया है। एसएसआई मनोज नयाल ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### पुलिस ने रामनगर में 30 बाइक का चालान किया

**रामनगर :** बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए कोतवाली पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया। कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक मनोज नयाल ने बताया कि अभियान के तहत 30 बाइकों का चालान कर उनसे 15 हजार 500 रुपये का जुर्माना वसूला। उन्होंने लोगों से अपील की कि दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें।

### प्रवेश संशोधन का आदेश केवल प्राइवेट स्कूलों के हित में



**रामनगर :** कक्षा एक में प्रवेश की न्यूनतम आयु सीमा 6 वर्ष किए जाने मामला अभी ठंडा नहीं हुआ है। इसको लेकर राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ ने मार्च में ही इस को प्रमुखता से उठाया। संगठन का कहना था कि यदि आयु सीमा में शिथिलता प्रदान करते हुए इस पूर्व की भांति 5 वर्ष नहीं किया गया तो प्राथमिक विद्यालयों में ताले लटकने की नौबत आ जाएगी। उत्तराखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय तदर्थ समिति के पदाधिकारी मनोज तिवारी ने कहा कि इस आदेश से सीधे प्राइवेट विद्यालय को लाभ मिलेगा। संगठन की मांग का संज्ञान लेकर विभाग द्वारा आयु सीमा में छूट का प्रस्ताव शासन को प्रेषित किया गया जिस पर मुख्यमंत्री की सहमति के बाद इस आशय का संशोधित शासनादेश भी जारी कर दिया गया।

### स्वास्थ्य निदेशक कार्यालय मार्ग पर पार्किंग से परेशानी

**नैनीताल :** मल्लीताल में स्थित बीडी पांडे अस्पताल के गेट से स्वास्थ्य निदेशक कार्यालय तक टैक्सी पार्क होने से लोग परेशान हो रहे हैं। लोगों की ओर से पुलिस से शिकायत कर मार्ग खाली करने की मांग की है। नैनीताल में सड़कों पर पुलिस के अभियान चलाने के बाद नैनीताल में स्वास्थ्य निदेशक कार्यालय मार्ग में टैक्सी चालकों ने बीडी पांडे के मुख्य गेट व स्वास्थ्य निदेशक कुमाऊं के कार्यालय के गेट तक वाहन पार्क करने लगे हैं। बीडी पांडे अस्पताल के पीएमएस की ओर से एसएसपी को पत्र लिख मार्ग से वाहन हटाने की मांग की है। एसएसपी की ओर से कोतवाली मल्लीताल को कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

### शीला को हिन्दी में मिली पीएचडी की उपाधि



**नैनीताल :** कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर स्थित हिन्दी विभाग की शोधार्थी शीला आर्या ने शोध कार्य पूरा कर लिया है। उन्हें विभाग की ओर से डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की है। शीला ने 'समकालीन हिन्दी कविता और उत्तराखंड के कवि' विषय में शोध कार्य पूरा किया। उन्होंने प्रो. नीरजा टंडन के निर्देशन में पीएचडी पूरी की। उनकी पीएचडी मौखिकी परीक्षा में बाह्य परीक्षक के रूप में प्रो. कल्पना पंत शामिल हुईं। एक्सपर्ट ने उनके शोध कार्य की सराहना की। सफलता का श्रेय गुरुजनों, परिवार एवं अपने पति हेमंत कुमार को दिया है।

### हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने कोश्यारी का आभार जताया

**नैनीताल :** हाईकोर्ट शिफ्टिंग प्रकरण पर पूर्व मुख्यमंत्री व पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी द्वारा मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर आपत्ति जताने के लिए हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने कोश्यारी का आभार जताया है। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष डीसीएस रावत की अध्यक्षता में हुई कार्यकारिणी की बैठक में अधिवक्ताओं ने कहा कि श्री कोश्यारी ने हाईकोर्ट शिफ्टिंग को लेकर मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर राज्य में आम जनता के बीच सामंजस्य बनाने व राज्य के निवासियों को एक माला के रूप में पिरोने का कार्य किया है। सभी अधिवक्ताओं ने कोश्यारी का आभार व्यक्त किया। बैठक का संचालन सौरव अधिकारी महासचिव हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने किया। बैठक में प्रसन्ना कर्नाटक, कान्ती राम, मंयक पाण्डे, शीतल सेलवाल, कौशल पाण्डे, दिगविजय सिंह बिष्ट, प्रकाश पेटशालीआदिउपस्थितथे।

# जर्जर कक्षाओं में पढ़ने को मजबूर हैं बच्चे

## उच्च प्राथमिक विद्यालय कमलुवागांजा का भवन खस्ताहाल, दीवारों में दरारें, कक्षा में ही करना पड़ता है मध्याह्न भोजन

अमृत विचार पड़ताल

संवाददाता, हल्द्वानी



विद्यालय के जर्जर भवन की छत का सीमेंट उखड़ा हुआ।



कक्षा में टूटी हुई खिड़कियां। ● अमृत विचार



जर्जर भवन की दीवारों में पड़ी दरारें। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** भवन जर्जर हालत में है और दीवारों में दरारें आई हैं। भय के माहौल में कक्षाओं में बच्चों को पढ़ाया जा रहा है। पर्याप्त कमरे उपलब्ध नहीं होने से बच्चों को मध्याह्न भोजन कक्षा में ही करना पड़ता है। ये हाल उच्च प्राथमिक विद्यालय कमलुवागांजा का है।

इस विद्यालय में बच्चों के बैठने के लिए पर्याप्त कमरे उपलब्ध नहीं हैं। कक्षाएं गंदगी और धूल से पटी पड़ी हैं। भोजनमाताएं सफाई करती हैं और कई बार बच्चों को भी सफाई करनी पड़ती है। शिक्षकों ने बताया कि मैदान खराब होने से धूल सीधे कमरों में आती है। जिससे सफाई करने के बाद भी कमरे धूल से भर जाते हैं। विद्यालय में वर्तमान में कुल 97 बच्चे पढ़ रहे हैं और 1 प्रधानाध्यापिका और तीन अध्यापक हैं।

बच्चों की संख्या के अनुसार पर्याप्त कमरे नहीं होने से कमरों में क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाया जा रहा है। विद्यालय में बच्चों के प्रवेश जारी हैं, जिससे संख्या और बढ़ने की संभावना है। इससे दिक्कतें और बढ़ जाएंगी। विद्यालय में कुछ दिनों पूर्व ही स्मार्ट बोर्ड आया है, लेकिन इसे लगाने के लिए उचित जगह नहीं है। प्रधानाध्यापिका राजेश्वरी उप्रेती ने बताया कि स्मार्ट बोर्ड स्टाफ रूम में लगाया जाएगा और बच्चों के बैठने के लिए यहां लगी मेज-कुर्सी हटाकर दरी बिछाई जाएगी। विद्यालय में शौचालय की हालत बेहतर है।

कुछ माह पहले ही विद्यालय में निजी बैंक की ओर से शौचालय बनाया गया है। पीने के पानी की भी पर्याप्त व्यवस्था है।

### एक साथ पढ़ते हैं कक्षा दो व तीन के बच्चे

विद्यालय में करीब 37 बच्चे हैं। जिन्हें पढ़ाने के लिए दो शिक्षक तैनात हैं। विद्यालय का एक भवन जर्जर हालत में है। बच्चों की संख्या तो कम है, लेकिन कमरे कम होने के कारण कक्षा दो व तीन के बच्चों को एक साथ पढ़ाया जाता है। भवन के ध्वस्तीकरण का प्रस्ताव कुछ दिन पूर्व ही स्वीकृत हुआ है। शीघ्र ही नए कमरों का निर्माण होगा और चहारदीवारी भी बनाई जाएगी। विद्यालय में बिजली-पानी की व्यवस्था ठीक है। शौचालय और रसोईघर भी अच्छी स्थिति में हैं। पूर्व में कक्षाओं का फर्श टूटी-फूटी हालत में था, जिसे ठीक कर दिया गया है। प्रधानाध्यापिका सुमन राठौर ने बताया कि विद्यालय में अधिकांश स्थानीय बच्चे पढ़ते हैं।

> मैदान खराब होने से कक्षाओं में धूल आती है, जिससे बच्चों को पढ़ाने में दिक्कत होती है। बैठने के लिए पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। फर्श में बहुत गड्ढे हो गए थे, जिन्हें कुछ दिन पूर्व ही ठीक किया गया है।
> **-राजेश्वरी उप्रेती**, प्रधानाध्यापिका, उच्च प्राथमिक विद्यालय कमलुवागांजा

# नशीले इंजेक्शन की तस्करी में धरा

**दूसरा फरार**

- एसओजी और हल्द्वानी कोतवाली पुलिस ने की कार्रवाई
- मोटर साइकिल सीज, आरोपी के खिलाफ दर्ज किया मुकदमा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



पुलिस की गिरफ्त में नशीले इंजेक्शन की तस्करी करने का आरोपी।

**अमृत विचार :** नशीले इंजेक्शन की तस्करी करने वाला शातिर पुलिस और एसओजी के हत्थे चढ़ गया। जबकि उसका साथी मौके से फरार हो गया। पुलिस आरोपी के साथी की तलाश कर रही है।

पुलिस के मुताबिक गुरुवार को एसओजी और कोतवाली पुलिस धानमिल चौराहा टीपीनगर में संदिग्ध वाहन व व्यक्तियों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक मोटर साइकिल सवार को रुकने का इशारा किया। मोटर साइकिल पर सवार एक व्यक्ति उतर कर भाग गया। जबकि दूसरे को टीम ने पकड़ लिया। तलाशी में उसके पास से नशे के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले 54 इंजेक्शन बरामद किए गए। मौके से भागे व्यक्ति की मोटर साइकिल व मोबाइल फोन पुलिस ने जब्त कर लिया है। आरोपी ने अपना मान इस्लामनगर वार्ड 6 तकिया वाली मस्जिद के पास गदरपुर ऊधमसिंह नगर निवासी गुलफाम पुत्र चमन अली बताया। साथ ही बताया कि वह वर्तमान में गौजाजाली उत्तर बनभूलपुरा में रह रहा है। दूसरे फरार आरोपी का नाम अभिषेक आर्या बताया। टीम में एसओजी प्रभारी संजीत राठौर, एसआई श्याम सिंह बोरा, एएसआई राजेन्द्र मेहरा, हेड कांस्टेबल ललित श्रीवास्त वहेमन्तसिंहथे।

# खनन लक्ष्य आगे बढ़ने पर डंपर एसोसिएशन नाराज

संवाददाता, लालकुआं

**अमृत विचार :** गौला नदी में घन मीटर पूर्ण होने की स्थिति में नदी से उपखनिज निकालने के लिए पुनः गौला का सर्वे किया जा रहा है। सर्वे के बाद खान विभाग की संयुक्त टीम को रिपोर्ट बनाकर शासन को भेजनी है। चर्चा है लक्ष्य बढ़ने के बाद इस बार जून माह में भी खनन निकासी का सिलसिला जारी रहेगा। इधर डंपर एशोसिएशन ने खनन लक्ष्य आगे बढ़ने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी देते हुए शुक्रवार को एसडीएम एवं डीएफओ कार्यालय जाकर प्रदर्शन करने की धमकी दी है।

वन निगम के माध्यम से संचालित होने वाली गौला नदी में अभी 2 दिन और फावड़े और बेलचे खनखनाएंगे क्योंकि अब मात्र एक लाख घन मीटर खनन सामग्री लक्ष्य के अनुरूप नदी में शेष बची है, जबकि प्रत्येक वर्ष 31 मई तक उपखनिज निकाला जाता रहा है। कोरोना के समय पहली बार 2020 में जून में भी खनन किया गया था, क्योंकि तब लॉकडाउन के चलते बीच सत्र में नदी को बंद करना पड़ा था।

इस बार केंद्रीय मृदा एवं जल संरक्षण संस्थान की टीम ने सर्वे के बाद 38.19 लाख घनमीटर निकासी के लिए कहा था। अब दो दिन बाद ही यह लक्ष्य पूरा हो जाएगा। इंदर सिंह बिष्ट का कहना है कि शुक्रवार को भारी संख्या में खनन व्यवसायी उप जिलाधिकारी कार्यालय हल्द्वानी और डीएफओ कार्यालय हल्द्वानी जाकर प्रदर्शन के साथ ही खनन सत्र न बढ़ाने की मांग करेंगे, यदि वाहन स्वामियों के विरोध के बावजूद खनन सत्र बढ़ाया तो फिर उग्र आंदोलन शुरू किया जाएगा।

# हमलावर गुलदार पकड़ में न आने से लोगों में दहशत

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** शक्तिनगर गांव पूछड़ी में बुधवार को तीन लोगों पर हमला करने वाला गुलदार अब तक वन विभाग की पकड़ में नहीं आया है। गांव की प्रधान ने तराई पश्चिम वन प्रभाग के डीएफओ को ज्ञापन देकर हिंसक गुलदार को जल्द पकड़ने की मांग की है।

गुरुवार को पूछड़ी की प्रधान नरगिस और हाजी शकील अहमद अंसारी ने डीएफओ प्रकाश चंद्र आर्या को ज्ञापन दिया। बताया कि पूछड़ी क्षेत्र के बगीचे में तीन लोगों को घायल करने वाला गुलदार पहले भी कई लोगों पर हमला कर चुका है। गुलदार के न पकड़े जाने से ग्रामीणों में दहशत है। कभी भी कोई बड़ी घटना हो सकती है। उन्होंने पिंजरा लगाकर गुलदार को जल्द से जल्द पकड़ने की मांग की है। वहीं डीएफओ प्रकाश चंद्र आर्या ने बताया कि गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया जा रहा है।

### शावक समेत गुलदार को पकड़ना चुनौती

पूछड़ी में हमलावर गुलदार मादा है। बताया जा रहा है कि पिछले कुछ दिनों से वह गांव में अपने दो बच्चों के साथ देखी जा रही है। वन अधिकारियों का कहना है कि अकेले गुलदार को पिंजरे में फंसाया जा सकता है, लेकिन बच्चों के साथ गुलदार को पकड़ना किसी चुनौती से कम नहीं है।

# केमू की ई-टिकटिंग व्यवस्था शुरू

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** कुमाऊं मोटर ओनर्स यूनियन लिमिटेड (केमू) ने एक बस में ई-टिकट की व्यवस्था शुरू कर दी है। साथ ही शेष बसों में ई-टिकट शुरू करने के लिए परिवहन विभाग से तीन माह का समय मांगा है।

9 जनवरी 2024 को आरटीए की बैठक में बसों में किराए के भुगतान के लिए अनिवार्य रूप से ई-टिकट शुरु करने का निर्णय लिया गया था। केमू ने ट्रायल के तौर पर एक बस में ई-टिकट से किराये का भुगतान शुरू कर दिया है। केमू यूनियन के अधिशासी निदेशक हिम्मत सिंह नयाल की ओर से परिवहन विभाग को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि वर्तमान में विवाह व पर्यटन सीजन होने के कारण यात्रियों का अत्यधिक दबाव रहता है। जिस कारण सभी वाहन परिचालकों को एक साथ ई-टिकटिंग का प्रशिक्षण देना संभव नहीं है। उन्होंने विभाग से सभी बसों में ई-टिकटिंग व्यवस्था चलाने के लिए तीन माह का समय मांगा है। बताया कि ई-टिकटिंग मशीन बहुत महंगी है, जिसे केमू कम खर्च के साथ अधिक सुदृढ़ और व्यावहारिक बनाने का प्रयास कर रही है। इधर, आरटीओ प्रशासन संदीप सैनी ने बताया कि ई-टिकट से यात्रियों को लाभ मिलेगा। इसके शुरू होने से यात्रियों से मानक से अधिक किराया नहीं लिया जाएगा और उन्हें टिकट के माध्यम से पूरी जानकारी उपलब्ध हो जाएगी।

### फैंसी नंबर के लिए करें ऑनलाइन आवेदन

**हल्द्वानी :** परिवहन विभाग की वेबसाइट के माध्यम से अपने मनपसंद नंबर के लिए आवेदन कर सकते हैं। आरटीओ संदीप सैनी ने बताया कि निर्धारित रेट के अनुसार फैंसी नंबर 2 हजार से लेकर 25 हजार रुपये तक उपलब्ध हैं। साथ ही 001 और 786 नंबर की न्यूनतम बोली 1 लाख रुपये से शुरू होती है। बताया कि ऑनलाइन नीलामी शुरू हो गई है, जिसके लिए इच्छुक व्यक्ति आवेदन कर सकते हैं।

# मानवाधिकार आयोग ने कहा आयुक्त 29 को पेश करें रिपोर्ट

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** याचिकाकर्ता का पुलिस द्वारा शोषण व प्रताड़ित करने के मामले में उच्च न्यायलय के आदेश पर राज्य मानवाधिकार आयोग ने कुमाऊं आयुक्त को नोटिस जारी कर 29 मई को स्वयं या अपने प्रतिनिधि के माध्यम से जांच रिपोर्ट आयोग के सामने प्रस्तुत करने के आदेश दिए हैं।

चोरगलिया निवासी भुवन चन्द्र पोखरिया ने आयोग में प्रथर्नापत्र दे कर कहा कि चोरगलिया में अवैध खनन, भंडारण ,स्टोन क्रशर, एनजीटी व उच्च न्यायलय के आदेशों की अवहेलना करने के मामले में उनके द्वारा समाज का हित देखते हुए आवाज उठाई थी। जिस पर चोरगलिया पुलिस द्वारा उनके खिलाफ आईपीसी की विभिन्न धाराओं व गुंडा एक्ट में मुकदमा दर्ज कर दिया। यही नहीं पुलिस द्वारा बिना उपयोग किए उनका लाइसेंसी शस्त्र जमा कराकर लाइसेंस भी निरस्त कर दिया। बार-बार उन्हें थाने ले जाकर प्रताड़ित किया गया। जिसकी वजह से उनकी सामाजिक छवि धूमिल हुई। राज्य मानवाधिकार द्वारा चार साल बीत जाने के बाद भी उनकी इस शिकायत पर सुनवाई नही की गई। शीघ्र सुनवाई हेतु उनके द्वारा याचिका दायर की गई जिस पर सुनवाई कर उच्च न्यायलय ने राज्य मानवाधिकार आयोग को निर्देश दिए थे कि उनकी शिकायत का निस्तारण आयोग चार सप्ताह में करें। आयोग ने आयुक्त को नोटिस जारी कर जांच रिपोर्ट पेश करने को कहा था लेकिन रिपोर्ट पेश नहीं की गई। जिस पर आयोग ने उन्हें पुनः नोटिस जारी कर स्वयं या अपने प्रतिनिधि के माध्यम से 29 मई को जांच रिपोर्ट आयोग के सामने प्रस्तुत करने के लिए कहा।

### हाईकोर्ट ने हत्याभियुक्त की फांसी की सजा को बदला

**नैनीताल :** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने हरिद्वार सेशन कोर्ट द्वारा जघन्य अपराध में फांसी की सजा पाए एक मामले में सुनवाई की। मुख्य न्यायधीश रितु बाहरी व न्यायमूर्ति आलोक कुमार की खंडपीठ ने अभियुक्त का कोई क्रिमिनल रिकार्ड न होने व केस में उसके खिलाफ फांसी की सजा दिए जाने के पर्याप्त सबूत रिकार्ड में उपलब्ध नहीं होने से अपराधी की फांसी की सजा को आजीवन कारावास में तब्दील कर दिया। मामले के अनुआर 2016 में हरिद्वार के रानीपुर में रुपयों के लेन-देन से उपजे विवाद में छोटे भाई ने चाकू से भाई और भाभी की नृशंस हत्या कर दी थी। हत्यारोपी सरताज ने पांच वर्षीय भतीजी की भी हत्या करने की कोशिश की। हत्यारोपी के सिर पर खून सवार देखकर ग्रामीणों ने घर के बाहर कुंडा लगाकर उसे बंद कर दिया। पुलिस के पहुंचने के बाद दोहरे हत्याकांड के आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां सुनवाई के बाद सेशन कोर्ट ने सरताज को फांसी की सजा सुनाई थी। फांसी की सजा को अभियुक्त के द्वारा उच्च न्यायलय में चुनौतीदीगईथी।







## एक नजर

### एक घंटे लेट हुई शताब्दी

**हल्द्वानी :** नई दिल्ली से काठगोदाम स्टेशन को चलने वाली शताब्दी एक्सप्रेस गुरुवार को अपने निर्धारित समय से एक घंटे देरी से काठगोदाम पहुंची। आमतौर पर यह ट्रेन सुबह 11.55 बजे काठगोदाम स्टेशन पहुंचती है। रामपुर स्टेशन में मरम्मत कार्य के चलते ट्रेन का रूट डायवर्ट किया गया। जिस कारण ट्रेन दोपहर 12.55 बजे काठगोदाम स्टेशन पहुंची।

### आज बेस अस्पताल में नहीं होंगे अल्ट्रासाउंड

**हल्द्वानी :** बेस अस्पताल में शुक्रवार (आज) को अल्ट्रासाउंड नहीं होंगे। अस्पताल के रेडियोलॉजिस्ट अवकाश पर रहेंगे। पीएमएस डॉ. केके पांडेय ने बताया कि अस्पताल के नियमित रेडियोलॉजिस्ट डॉ. विपिन पंत सेवानिवृत्त हो चुके हैं। अनुबंध के माध्यम से एक रेडियोलॉजिस्ट को तैनात किया गया है, वह शुक्रवार को छुट्टी पर रहेंगे।

### भूमि कब्जाने पर मुकदमा

**हल्द्वानी :** एक व्यक्ति ने कुछ लोगों पर भूमि कब्जाने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। सत्यनारायण मंदिर के पास शिवपुरी निवासी सुशील कुमार अग्रवाल ने पुलिस को बताया कि उन्होंने छोटी मुखानी निवासी बृज मोहन कोहली पुत्र खुशी राम कोहली से देवलचौड़ बन्दोबस्ती में भूमि खरीदी थी, जिसकी उन्होंने रजिस्ट्री, दाखिल खारिज कराई थी। बृज मोहन कोहली ने हल्दूचौड़ दौलिया लालकुआं निवासी रेखा बिष्ट पत्नी चन्दर सिंह के नाम बंदोबस्ती में एक और रजिस्ट्री की। आरोप है कि रेखा बिष्ट के पति चन्दर बिष्ट ने बृज मोहन कोहली के साथ मिलीभगत कर रजिस्ट्री बैनामे में भूमि की चौहदी और मुख्य मार्ग से भूमि की दूरी को अलग-अलग दर्शाया है। चन्दर अपनी भूमि की रजिस्ट्री की आड़ में उनकी भूमि पर कब्जा करने का प्रयास कर रहा है।

### 478 वाहनों के हुए चालान

**हल्द्वानी :** परिवहन विभाग की 16 प्रवर्तन टीमों ने चेकिंग अभियान चलाकर 478 दोपहिया वाहनों के चालान किये और 12 वाहनों को सीज किया। 401 चालक बिना हेलमेट मिले, 116 पीछे बैठी सवारी ने हेलमेट नहीं पहना था, 80 चालक बिना ड्राइविंग लाइसेंस मिले, 51 के पास बीमा नहीं था, 59 दोपहिया वाहनों में प्रदूषण प्रमाण पत्र नहीं पाया गया।

कुमाऊं मंडल के कुछ पर्वतीय जिलों में बारिश से सुहावना हुआ मौसम, हल्द्वानी और आसपास के इलाकों में गर्मी का प्रकोप जारी

# पहाड़ों पर बारिश से राहत, मैदान में प्रचंड गर्मी से हाल बेहाल

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** कुमाऊं मंडल में दो तरह के मौसम देखने को मिल रहे हैं। पर्वतीय जिलों में कुछ जगहों पर बारिश हो रही है तो मैदानी इलाकों में प्रचंड गर्मी पड़ रही है। पहाड़ों में बारिश से कुछ जगहों पर मौसम सुहावना हो गया है। वहीं कुछ जगहों पर सामान्य से ज्यादा तापमान है। फिलहाल मौसम विभाग ने खासतौर से मैदानी इलाकों में गर्मी में बढ़ोत्तरी के आसार जताए हैं।

गुरुवार को हल्द्वानी में दिन के समय तेज गर्मी रही। सुबह से ही लोग गर्मी से परेशान नजर आए। सुबह 10 बजे के बाद ही धूप असहनीय हो गई थी। दोपहर होते-होते लू भी चलने लगी। लू के थपेड़ों से लोग परेशान तो थे ही साथ ही तेज धूप ने परेशानियों को और बढ़ा दिया। बाजार में अपेक्षाकृत कम भीड़ रही। लोग गर्मी से बचने के लिए घर से बाहर छाता लेकर निकल रहे हैं। विगत दिनों पूर्वी हवाओं की वजह से मैदानी इलाकों में तापमान में गिरावट आई है, लेकिन अब फिर से तापमान में बढ़ोत्तरी हो रही है।

हल्द्वानी में गुरुवार को अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस पार कर गया। लगातार दूसरे दिन पारा 40.6 डिग्री के पास पहुंचा। हल्द्वानी के आसपास के इलाकों कालाढूंगी, चोरगलिया में भी यही हाल रहा। हल्द्वानी में न्यूनतम तापमान 19.2 डिग्री सेल्सियस रहा। लोगों को रात के समय गर्मी से कुछ राहत मिली। यही नहीं मुक्तेश्वर में भी तापमान सामान्य से दो डिग्री सेल्सियस ज्यादा दर्ज किया गया। यहां अधिकतम तापमान 26.8 डिग्री सेल्सियस रहा।

मौसम विभाग ने कुमाऊं के मैदानी इलाकों में आने वाले सात दिनों में बारिश नहीं होने और गर्मी बढ़ने का अनुमान जताया है। इधर, पहाड़ों की बात करें तो मंगलवार और बुधवार को डीडीहाट में 3.5 मिमी, पिथौरागढ़ में चार मिमी, बेरीनाग में छह मिमी, गंगोलीहाट में तीन मिमी, मुनस्यारी में 0.4 मिमी बारिश हुई है। बारिश होने से इन क्षेत्रों में मौसम सुहावना बना हुआ है। मौसम विभाग ने पिथौरागढ़ जिले के कुछ हिस्सों में बारिश जारी होने का अनुमान जताया है।

**10** बजे के बाद धूप असहनीय हो गई, लू भी चलने लगी

**40** डिग्री सेल्सियस पार कर गया हल्द्वानी का तापमान

**19** .2 डिग्री सेल्सियस रहा हल्द्वानी में न्यूनतम तापमान

**इस तरह रहा हल्द्वानी में तापमान**

| दिनांक | अधिकतम तापमान |
| --- | --- |
| 10.05.2024 | 35.5 डिग्री सेल्सियस |
| 11.05.2024 | 32.6 डिग्री सेल्सियस |
| 12.05.2024 | 36.6 डिग्री सेल्सियस |
| 13.05.2024 | 35.2 डिग्री सेल्सियस |
| 14.05.2024 | 37.8 डिग्री सेल्सियस |
| 15.05.2024 | 40.0 डिग्री सेल्सियस |
| 16.05.2024 | 40.6 डिग्री सेल्सियस |



**42 डिग्री सेल्सियस तक जाएगा तापमान: डॉ. सिंह**

गोविंद बल्लभ पंत कृषि विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह ने गर्मी को लेकर चेतावनी जारी की है। उन्होंने बताया कि गर्मी से कोई राहत नहीं मिलेगी। लू चलती रहेगी और आने वाले दिनों में अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस तक जाएगा।

## सारथी पोर्टल का सर्वर हुआ ठप

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** उत्तराखंड परिवहन विभाग का सारथी पोर्टल गुरुवार को सर्वर डाउन होने से ठप हो गया। जिस कारण लाइसेंस बनाने पहुंचे लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। एआरटीओ प्रशासन बीके सिंह ने बताया कि सारथी पोर्टल में तकनीकी दिक्कत आने की सूचना मिली। शनिवार सुबह तक पोर्टल पर काम नहीं हो पाएगा। परिवहन मुख्यालय को सूचना दे दी गई है। उन्हें अपने स्तर से इसका समाधान निकालने व वैकल्पिक व्यवस्था करने का अनुरोध किया गया है। एआरटीओ ने बताया कि चारधाम यात्रा के लिए ग्रीन कार्ड बनाये जा रहे हैं, लेकिन लाइसेंस संबंधित काम ठप है। शनिवार से पोर्टल सुचारू होने पर लोगों को राहत मिलेगी।

# ढाई साल के बच्चे को पिकअप ने कुचला, हंगामा

तीनपानी में नईम धर्मकांटे पर हुआ हादसा, आरोपी चालक फरार, घटनास्थल पर शव लेकर बैठ गए परिजन

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** रेत से भरी पिकअप ने मजदूर के ढाई साल के बच्चे को कुचल दिया। घटना को अंजाम देकर आरोपी चालक मौके से फरार हो गया। घटना स्थल पर जमकर हंगामा हुआ। परिजन बच्चे के शव को लेकर वहीं बैठ गए और फरार चालक को पकड़ने की मांग करने लगे। करीब ढाई घंटे बाद पुलिस माता-पिता को समझा पाई। जिसके बाद शव को पोस्टमार्टम हाउस लाया गया। पुलिस ने पिता की तहरीर पर आरोपी चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

बैदीरपुर अतरौली अलीगढ़ उत्तर प्रदेश निवासी संदीप गौला नदी में मजदूरी करता है। वह पत्नी, दो बेटियों और दो बेटों के साथ तीनपानी स्थित नईम धर्मकांटे के पास झोपड़ी बनाकर रहता है। बताया जाता है कि गुरुवार की सुबह करीब साढ़े आठ बजे संदीप का सबसे छोटा ढाई वर्षीय बेटा गणेश धर्मकांटे पर खेल रहा था। तभी रेत से भरी पिकअप वहां तौल के लिए पहुंची। प्रत्यक्षदर्शियों के



गणेश। (फाइल फोटो)

मुताबिक तौल के बाद चालक पिकअप को बैक करने लगा, तभी गणेश पिकअप की चपेट में आ गया। रेत से लोड पिकअप का पिछला पहिया उसके सिर पर चढ़ गया और बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई। यह देख लोगों ने शोर मचाया तो चालक पिकअप को छोड़कर मौके से फरार हो गया।

बच्चे की मौत की खबर मिलते ही माता-पिता व आस-पड़ोस के लोग मौके पर पहुंच गए। बच्चे के शव को देख परिजन आपा खो बैठे और हंगामा करने लगे। हादसे और हंगामे की सूचना मिली तो पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस शव को पोस्टमार्टम ले जाना चाहती थी, लेकिन परिजन अड़ गए। वह चालक की तुरंत गिरफ्तारी की मांग करने लगे और कहने लगे कि जब तक चालक पकड़ा नहीं जाता बच्चे को नहीं ले जाने देंगे। सुबह साढ़े 8 बजे हुए हादसे के बाद ढाई घंटे तक इसी तरह हंगामा चलता रहा। करीब 11 बजे पुलिस किसी तरह परिजनों को समझा सकी। जिसके बाद शव को पोस्टमार्टम हाउस लाया गया। संदीप ने आरोपी चालक के खिलाफ पुलिस को तहरीर सौंपी है। इधर, कोतवाल उमेश कुमार मलिक ने बताया कि पिकअप वाहन को कब्जे में लेकर आरोपी चालक की तलाश शुरू कर दी गई है।



पोस्टमार्टम हाउस में पंचनामा भरते कोतवाल उमेश मलिक। ● अमृत विचार

**चापड़ लेकर शव के पास बैठा पिता**

**हल्द्वानी :** बच्चे का शव और उसकी हालत देखकर घटना स्थल पर मौजूद लोगों की रूह कांप गई। मां शव से लिपट कर रो रही थी। क्रोध और बच्चे की मौत से बदहवास हो चुका पिता घटना स्थल पर चापड़ लेकर पहुंच गया। वह बच्चे को कुचलने वाले चालक की तलाश करने लगा, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। इसी बीच पुलिस मौके पर पहुंच गई और जैसे ही शव उठाने की कोशिश की तो पिता बीच में आ गया। वह चापड़ लेकर वहीं बच्चे के शव के पास बैठ गया और बोला- यहां से एक नहीं दो शव जाएंगे। मेरे बच्चे को कुचलने वाले को वह चापड़ से काटेगा।

**पोस्टमार्टम हाउस से शव लेकर भागे माता-पिता**

**हल्द्वानी :** चार बच्चों में गणेश सबसे छोटा और परिवार का लाडला था। पुलिस किसी तरह परिवार और अन्य नाराज लोगों को समझाने में कामयाब हो गई और शव को घटना स्थल से पोस्टमार्टम हाउस ले आई। यहां पंचायतनामे की कार्रवाई शुरू होने जा रही थी कि तभी न जाने गणेश के माता-पिता को क्या हुआ। पिता ने बच्चे को गोद में उठाया और पत्नी को साथ लेकर पैदल ही भाग खड़ा हुआ। पुलिस को भनक लगी तो हड़कंप मच गया। पुलिस ने पीछा किया और दोनों को मंडी के पास से पकड़ लिया। पुलिस ने उन्हें फिर समझाया, जिसके बाद पोस्टमार्टम हो पाया।

## बैंक प्रबंधक एक लाख रुपये दें या जेल जाएं

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**आदेश**

- कोविड काल में किश्त रुकने पर बैंक प्रबंधक ने कर दिया था मुकदमा
- अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने बैंक प्रबंधक के खिलाफ सुनाया फैसला

**अमृत विचार :** ग्राहक को बेवजह परेशान करने और किश्त जमा न कर पाने पर मुकदमा दर्ज करने के मामले में अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अखिलेश कुमार पांडेय ने अल्मोड़ा अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक के प्रबंधक को दोषी करार दिया है। साथ ही आदेश दिया है कि वह ग्राहक को एक लाख रुपये दें या जेल जाएं।

अंबिका विहार निवासी लता बिष्ट ने अल्मोड़ा अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक से ऋण लिया था। कोविड काल के दौरान आर्थिक संकट के कारण किश्त रुक गईं। जिस पर बैंक ने सिक्योरिटी चेक में 29,87,251 रुपये भरकर चेक बाउंसिंग का केस कर दिया। जबकि लता जोशी ने एकमुश्त बड़ी रकम जमा कराकर अपने ऋण खाते को एनपीए से बाहर करा लिया था। तब भी बैंक ने केस वापस नहीं लिया।

लता जोशी की ओर से अधिवक्ता आमिर एम खान ने न्यायालय को बताया कि लता जोशी द्वारा लिए गए लोन को चुकाने की मियाद वर्ष 2027 तक बची हुई है। वर्तमान में भी लता जोशी लोन चुका रही हैं। बैंक से केस वापस लेने की गुहार लगाए जाने के बावजूद भी तत्कालीन प्रबंधक चंद्रशेखर पाठक ने एकमुश्त लोन रकम चुकाने का दबाव बनाया।

लता द्वारा जमा कराई जा रही किश्त की रकमों में से बैंक मनमाने मदों में एक लाख रुपये वसूल चुका है। समस्त तथ्यों का संज्ञान लेते हुए न्यायालय ने लता जोशी को दोषमुक्त करते हुए बैंक प्रबंधक चंद्रशेखर पाठक को आदेशित किया कि वह लता जोशी को एक लाख रुपये प्रतिकर अदा करें। यदि प्रतिकर अदा नहीं किया तो एक माह का कारावास भोगना पड़ेगा।

# हाई वोल्टेज ड्रामा के बाद अलग हुआ प्रेमी जोड़ा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** अंतरधार्मिक विवाह की खबर से गुरुवार को एसडीएम कोर्ट में हंगामा हो गया। कोतवाली में भी यही स्थिति रही। शाम साढ़े 7 बजे प्रेमी जोड़ा अलग होने पर सहमत हो गया।

हल्द्वानी की रहने वाली लड़की ग्रेजुएट और होटल मैनेजमेंट का कोर्स कर रही है। लड़का समुदाय विशेष बनभूलपुरा थाना क्षेत्र का रहने वाला है। वह 9वीं पास है और पुताई का काम करता है। 18 अप्रैल को दोनों एसडीएम कोर्ट में शादी करने वाले थे। इसकी खबर कायस्त महासभा के लोगों को लगी तो उन्होंने लड़की के परिजनों को खबर की। गुरुवार की दोपहर 3 बजे लड़का-लड़की एसडीएम कोर्ट पहुंचे तो लड़की के परिजन भी वहां पहुंच गए। उन्होंने विवाह पर आपत्ति जताई। लड़का-लड़की साथ रहने की जिद्द पर अड़ गए। पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। किसी तरह समझाबुझा कर दोनों को शाम 5 बजे कोतवाली लाया गया। जिसके बाद लड़की को बयान के लिए एसडीएम कोर्ट ले जाया गया। बाद में दोनों एक-दूसरे के साथ न रहने पर राजी हो गए।

कोतवाल उमेश मलिक ने बताया कि लड़की को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।

**निकाह और धर्म परिवर्तन का सुबूत नहीं दिखा पाए**

पूछताछ में लड़के ने पुलिस को बताया कि वह लड़की को बरेली ले गया था। जहां एक मस्जिद में इमाम ने लड़की को कलमा पढ़ा कर उसका धर्म परिवर्तन किया और वहीं दोनों ने शादी कर ली। हालांकि वह शादी की रसीद नहीं दिखा पाया। निकाह के दौरान लड़का पक्ष से बतौर गवाह उसके माता-पिता मौजूद थे, लेकिन लड़की की ओर से कोई नहीं था। ऐसे में निकाह को वैध नही ठहराया जा सका।

**पड़ोसी के घर पुताई करने गया था, वहीं शुरू हुई कहानी**

दो साल पहले लड़का, लड़की के पड़ोस में पुताई करने गया था। वहीं दोनों की मुलाकात हुई। दोनों एक-दूसरे से प्यार करने लगे। लड़की ने उसी वर्ष होली पर लड़के को घर बुलाया, लेकिन लड़की के माता-पिता ने पकड़ लिया। उसे पुलिस के सुपुर्द किया। तब लड़की ने लड़के के खिलाफ बयान नहीं दिया। लड़का छूटा तो वह अगले ही दिन लड़के के साथ भाग गई। तब से दोनों साथ ही रह रहे थे।

# पीजी में रह रही छात्रा ने फांसी लगाई

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**मामला**

- दिल्ली की रहने वाली छात्रा यहां पीजी में रहकर कर रही थी पढ़ाई
- साथियों ने तोड़ा दरवाजा तो कुंडे से लटक रही थी लाश

**अमृत विचार :** दिल्ली निवासी छात्रा ने मां को फोन करने के बाद फांसी लगाकर जान दे दी। शाम को साथियों ने उसके कमरे का दरवाजा तोड़ा तो शव को फंदे से लटका पाया।

अशोकनगर ज्योतिनगर दिल्ली निवासी नवनीत (22 वर्ष) पुत्री अनिल कुमार टेढ़ी पुलिया काठगोदाम स्थित एनटीटीआई में पढ़ाई करती थी और उसी क्षेत्र में पीजी पर रहती थी। पुलिस के मुताबिक बुधवार की सुबह नवनीत ने दिल्ली में अपनी मां के पास फोन किया और कहा कि उसकी तबीयत ठीक नहीं है तो वह आज कॉलेज नहीं जाएगी। उसी दोपहर मां ने तबीयत के बारे में पता करने के लिए नवनीत को दोबारा फोन किया, लेकिन फोन नहीं उठा। उन्होंने पीजी के मालिक को फोन किया तो उनका भी फोन नहीं उठा। कुछ देर बाद पीजी मालिक की पत्नी पता करने गई तो नवनीत का कमरा अंदर से बंद पाया। शाम को जब पीजी में रहने वाली अन्य छात्राएं मौके पर पहुंची तो कमरा बंद था। उन्होंने दरवाजा तोड़ दिया। अंदर नवनीत का शव फंदे से लटक रहा था। काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल मिश्रा ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।

## पुराने दोस्तों ने काटा अंगूठा अधमरा कर हुए फरार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



**अमृत विचार :** दुश्मन बने पुराने दोस्तों ने युवक पर जानलेवा हमला कर दिया। उसे कार से टक्कर मारी, सिर फोड़ा और धारदार हथियार से अंगूठा काट दिया। पीट-पीट कर उसे अधमरा किया और मौके से फरार हो गए। घायल की मां ने काठगोदाम पुलिस को तहरीर सौंपी है।

काठगोदाम बाईपास रोड निवासी साहिमा सिद्दीकी पत्नी मो. जमील ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में कहा कि उनके पड़ोस के लड़कों से उनके बेटे आसिफ की दोस्ती थी। बाद में वह रंजिश रखने लगे। बीती 5 मई को उसे बुरी तरह पीटा और फिर माफी मांग ली। 11 मई को उक्त लोगों ने षड्यंत्र के तहत फोन कर आसिफ को काठगोदाम चुंगी पर बुलाया। आरोपियों ने कार से टक्कर मारकर बाइक सवार आसिफ को गिरा दिया। जिससे वह लहूलुहान हो गया। करीब दर्जनभर लोगों ने उसे पीटना शुरू कर दिया। धारदार हथियार से उसका अंगूठा काट दिया। किसी वजनदार चीज से उसका सिर फोड़ दिया और अधमरा कर मौके से फरार हो गए। काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल मिश्रा का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

## सिंचाई विभाग ने शुरू किया चैनेलाइजेशन

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** डीएम के निर्देश पर कलसिया नाले में सिंचाई विभाग ने गुरुवार से चैनेलाइजेशन का कार्य शुरू कर दिया है। बरसात के सीजन को देखते हुए जल्द से जल्द चैनेलाइजेशन का कार्य पूरा किया जाना है। सिंचाई विभाग ने काठगोदाम कलसिया नाले में जेसीबी उतार कर चैनेलाइजेशन का कार्य शुरू कराया है। मूसलाधार बरसात में किसी प्रकार की क्षति न हो, इसको देखते हुए इस वर्ष मानसून से पूर्व ही डीएम ने सिंचाई विभाग को नहरों व नालों की सफाई करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा पिछली बार आये कलसिया नाले में बड़े-बड़े बोल्डर व फ्लड हटाने के लिए चैनेलाइजेशन का कार्य प्रारंभ कर दिया है।

SURAJMAL AGARWAL GIRLS PG COLLEGE
Established in Year-2008 by Surajmal Laxmidevi Sawarthia Educational Trust (Affiliated to Kumaun University, Nainital & UTU, Dehradun)

ADMISSION OPEN (2024-25)

DEPARTMENT OF BASIS SCIENCE : • B.Sc. (Bio-Technology) • M.Sc. (Bio-Technology) • M.Sc. (Micro-Biology) • B.Sc. (PCM) • B.Sc. (ZBC) • B.Sc. (PSM) • M.Sc. (Physics) • M.Sc. (Botany) • M.Sc. (Zology) • M.Sc. (Chemistry) • M.Sc. (Mathematics)
DEPARTMENT OF FOOD TECHNOLOGY : • B.Sc. (Food technology) • M.Sc. (Food Technology)
DEPARTMENT OF HOME SCIENCE : • B.Sc. (Home Science) • M.Sc. (Home Science in Food Nutrition) • M.Sc. (Home Science in Textile & Apparel Designing)
DEPARTMENT OF LIBRARY SCIENCE : • B.Lib • M.Lib
DEPARTMENT OF CS & IT : • BCA • B.Sc. (IT) • M.Sc. (IT)
DEPARTMENT OF MANAGEMENT : • BBA • MBA
DEPARTMENT OF COMMERCE : • B.Com (Hons.) • M.Com.
DEPARTMENT OF EDUCATION : B.Ed.

NO. 1 GIRLS COLLEGE IN UTTARAKHAND

ADVANTAGE OF SAPKM
• 100% Placement assistant
• Job oriented academic programs
• Secure Campus for girls
• Student Counselling Services
• Reasonable Fee Structure
• Modern academic Infrastructure
• Smart Classes with Wifi
• Hostel facility including air cooler
• Bus facility from nearby places
• Scholarship schemes by Govt.
• Bank loan support
• Health Centre and medical facility
• Internships & training programs
• Sports & Co-Curricular Activities.

SURAJMAL AGARWAL GIRLS COLLEGE OF NURSING
(Approved by Indian Nursing Council, New Delhi & Affiliated to HNB Uttarakhand Medical Education University, Dehradun)
ADMISSION OPEN IN NURSING
PROGRAMMES- SESSION (2024-25)
• M.Sc. (Nursing) • B.Sc. (Nursing)
• Post Basis B.Sc. (Nursing) • GNM

SURAJMAL AGARWAL COLLEGE OF PARAMEDICAL AND HEALTH SCIENCES
(Approved by Indian Nursing Council, New Delhi & Affiliated to HNB Uttarakhand Medical Education University, Dehradun)
ADMISSION OPEN IN PARAMEDICAL
PROGRAMMES- SESSION (2024-25)
• BMLT • BMRIT
• B.Sc. (Optometry)

उत्तराखण्ड राज्य संयुक्त बी.एड. प्रवेश परीक्षा 2024
आवेदन की अन्तिम तिथि - 27/6/2024
प्रवेश परीक्षा तिथि - 07-06-2024
सामान्य / ओ.बी.सी. / ई.डब्ल्यू.एस. परीक्षा शुल्क - रु. 1500.00 अनुसूचित एवं अनुसूचित जनजाति परीक्षा शुल्क रु. 1000.00
पोर्टल की आधिकारिक वेबसाईट https://ukentrance.samarth.edu.in से प्राप्त करें।
आवेदन के लिए सूरजमल अग्रवाल गर्ल्स बी.एस. कॉलेज, किच्छा, ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

Kishanpur, Kichha, Distt. Udham Singh Nagar, Uttarakhand, Pin-263148 E-mail : sapkm.edu@gmail.com, Website : www.sapkam.org
FOR ADMISSION PLEASE CALL US :
9412920331, 9837242760, 8192801031, 7902103001, 7902103002

# तब ट्रांसफार्मर लगाने का किया विरोध, अब झेल रहे परेशानी

**बमौरी बंदोबस्ती वार्ड 49 का हाल:- लो वोल्टेज के कारण नहीं चल पा रहे पंखे और मोटर**

**जनसंख्या: 05 हजार करीब | मतदाता: 31 सौ करीब**

**मुख्य कॉलोनियां :- अमरावती, शक्ति नगर, अम्बा नगर, अम्बा विहार, मुकुल विहार, भट्ट कॉलोनी, श्याम विहार, आदर्श नगर पूर्वी क्षेत्र, सुनार गली आदि।**

वार्ड परिक्रमा

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** बमौरी बंदोबस्ती वार्ड 49 में ट्रांसफार्मर नहीं लगने से लोग लो वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे हैं। सबसे ज्यादा परेशानी शक्ति नगर कॉलोनी के लोगों को उठानी पड़ रही है। कुछ समय पूर्व विद्युत विभाग ने पुराने ट्रांसफार्मर बदलने की कवायद की थी, लेकिन एक घर के समीप ट्रांसफार्मर लगने पर मकान स्वामी ने विरोध शुरू कर दिया। जिस कारण ट्रांसफार्मर नहीं लग पाया।

लो वोल्टेज से गर्मी के मौसम में लोगों को खासी परेशानी हो रही है। पंखे व पानी की मोटर तक नहीं चल पा रही है। क्षेत्र की कुछ गलियों में नालियों के ऊपर लगी पटाल टूट चुकी है। इससे लोगों को आने-जाने में असुविधा हो रही है। कई कॉलोनियों में बरसात के समय जलभराव हो जाता है। खासकर सुनार गली, भट्ट कॉलोनी, शक्ति नगर, सलाइट कॉलोनी में सबसे ज्यादा जलभराव होता है। नगर निगम की कूड़ा उठाने वाली गाड़ी नियमित आने के बावजूद लोग खाली पड़े प्लाटों में कचरा डालने से बाज नहीं आ रहे हैं।

वार्ड में स्ट्रीट लाइटें लगने से लोगों को काफी राहत मिली है। पूरे वार्ड में करीब 770 स्ट्रीट लाइटें लगी हैं। इसमें से करीब 20 लाइटें वर्तमान में खराब पड़ी हैं। पेयजल आपूर्ति की स्थिति में भी बीते सालों में सुधार हुआ है। वार्ड में श्याम विहार, मुरारी फार्म, शाकंभरी विहार में तीन ट्यूबवेलों से पेयजल आपूर्ति होती है। वार्ड में पूर्व में बनी ज्यादातर सड़कों की स्थिति ठीक है। हालांकि कुछ कॉलोनियों में सड़कें टूट चुकी हैं। अमरावती कॉलोनी के प्रवेश द्वार पर गड्ढे में पानी भरे रहने से लोगों को आने-जाने में दिक्कत होती है।


शक्ति नगर में नाली के ऊपर टूटी पटाल। ● अमृत विचार


वार्ड 49 में खाली प्लाट में पड़ा कूड़े का ढेर। ● अमृत विचार


अमरावती कॉलोनी के मुख्य मार्ग का हाल। ● अमृत विचार

## लोगों से बातचीत


स्ट्रीट लाइटें लगने से सुविधा हुई है। पेयजल व्यवस्था ठीक है। ट्यूबवेल व गौला नदी से जलापूर्ति होती है। बरसात में जलभराव हो जाता है।
–धीरज भट्ट


लोग मना करने के बावजूद खाली प्लाटों में कूड़ा डालते हैं। जबकि कूड़ा गाड़ी एक दिन छोड़कर घर-घर से कूड़ा उठाती है। पानी की दिक्कत भी है।
–उमेश चंद्र जोशी


लालडांट की सड़क काफी टूट चुकी है, उसका डामरीकरण हो रहा है। जिससे लोगों को सुविधा मिलेगी। शक्ति नगर की सड़कें भी ठीक हुई हैं।
–कविता बिष्ट


लो वोल्टेज से गर्मियों में समस्या बढ़ जाती है। शक्तिनगर में कई जगहों में नालियों के ऊपर पटाल टूटी है। जिससे आने-जाने में परेशानी होती है।
–गिरीश चंद्र चबडाल


स्ट्रीट लाइट की सुविधा मिली है। अमरावती कॉलोनी की सड़क की मरम्मत की जानी चाहिए। मुख्य मार्ग में गड्ढे में पानी भरने से दिक्कतें होती है।
–शशि बाला


नगर निगम में शामिल होने से पूर्व ही वार्ड में काफी कार्य हुए हैं। स्ट्रीट लाइटें लगने से लोगों को बहुत सुविधा हुई है। सीवर लाइन का सर्वे हो गया है।
–हेम चंद उपाध्याय

# भीषण गर्मी में नलकूप खराब टैंकर भी नहीं बुझा पा रहे प्यास

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी में पानी की किल्लत शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक छाई हुई है। आवास विकास और इंदिरानगर क्षेत्र में नलकूप ठीक नहीं होने से लोग पानी के लिए जूझ रहे हैं। पांच दिनों से नलकूप खराब पड़ा है, जिसकी मरम्मत चल रही है। हालांकि पेयजल आपूर्ति के लिए टैंकर भेजे जा रहे हैं, मगर आबादी अधिक होने के कारण लोगों को पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिल पा रहा है।

आवास विकास क्षेत्र में जल संस्थान का नलकूप है। जिसके खराब होने से क्षेत्र के 300 से अधिक परिवार पानी की समस्या झेल रहे हैं। वहीं इंदिरानगर में कई दिनों से नलकूप खराब है, जिसकी मरम्मत चल रही है। पानी की पूर्ति के लिए विभाग 1 या 2 टैंकर भेज रहा है, मगर लोगों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। इधर, बसंतपुर व जयपुर पाडली क्षेत्र में सिंचाई विभाग का नलकूप एक सप्ताह से खराब है। जिस कारण क्षेत्र में पेयजल की समस्या बनी हुई है। नलकूप से पानी का डिस्चार्ज कम होने से अंतिम छोर के इलाकों में पेयजल आपूर्ति नहीं हो पा रही है। जल संस्थान के ईई आरएस लोशाली ने बताया कि इंदिरानगर व आवास विकास के नलकूप की मरम्मत चल रही है। जल्द ही पेयजल आपूर्ति शुरू कर दी जाएगी।


टैंकर से पानी भरते लोग। ● अमृत विचार

## निरीक्षण में नहीं मिला स्ट्रीट लाइट का सामान

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** नगर निगम के अधिकारियों ने एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड (ईएसएल) कंपनी के हीरानगर स्थित गोदाम का निरीक्षण किया। जहां पर्याप्त सामान नहीं मिलने पर अधिकारियों ने नाराजगी जताई।

नगर निगम के विद्युत निरीक्षक डीएस परमान ने बताया कि ईएसएल कंपनी को नगर निगम के कुल 60 वार्डों में 7 साल के लिए स्ट्रीट लाइटें लगाने व रखरखाव का ठेका दिया गया है, इसके बावजूद उसके गोदाम में पर्याप्त सामान नहीं मिला। गोदाम में बल्बों की संख्या बहुत कम थी और 70 सहित अन्य वॉट के बल्ब नहीं थे। टैप रॉल, ड्राइवर, एसपीडी चिप आदि भी बहुत कम मात्रा में मिली। ईएसएल कंपनी अब तक करीब 30 हजार स्ट्रीट लाइटें लगा चुकी है, लेकिन इनके जल्द खराब होने की शिकायतें आम हैं।

# जमरानी बांध परियोजना को जल्द शुरू किया जाए

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** जमरानी बांध निर्माण संघर्ष समिति के संयोजक नवीन वर्मा ने कहा है कि हल्द्वानी एवं आसपास के क्षेत्र की पेयजल आपूर्ति के लिए जमरानी बांध का बनना नितांत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हल्द्वानी महानगर में प्रति वर्ष आबादी तेजी से बढ़ रही है। जिसकी पेयजल आपूर्ति गौला नदी और कुछ ट्यूबवेल पर निर्भर है। जबकि गौला नदी का जलस्तर प्रति वर्ष कम होता जा रहा है। पर्यावरण असंतुलन एवं भूमिगत जलश्रोतों के सूखने से भी गौला नदी का जलस्तर कम हो गया है।


नवीन वर्मा।

संघर्ष समिति के वरिष्ठ पदाधिकारी मोहन सिंह बोरा, एनसी तिवारी, राम सिंह बसेड़ा ने भी सरकार से मांग की है कि लगातार बढ़ती आबादी और घटते जलस्तर को दृष्टिगत रखते हुए बांध निर्माण अविलंब शुरू कर दिया जाना चाहिए। लक्ष्मण सिंह रजवार, हेमन्त पाठक एवं सतेन्द्र सिंह शम्मी ने कहा कि ट्यूबवेल पर निर्भरता से काम नहीं चलने वाला, क्योंकि भाबर क्षेत्र में ट्यूबवेल का स्तर एक वर्ष में तीन मीटर तक कम हो जाता है। समिति ने सरकार से मांग की है कि हल्द्वानी क्षेत्र के लोगों की प्रमुख समस्या पर ठोस निर्णय लेते हुए जमरानी बांध निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ कराया जाए।

# पीआरडी जवानों को मिलेगा जल्द चुनाव ड्यूटी का मानदेय

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** जनपद नैनीताल के पीआरडी जवानों को शीघ्र की चुनाव ड्यूटी का मानदेय मिल जाएगा। चुनाव ड्यूटी करने के करीब एक माह बीतने के बाद जवानों को मानदेय नहीं मिला था। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि शीघ्र की मानदेय जारी कर दिया जाएगा।

उत्तराखंड में 19 अप्रैल को मतदान हुआ था। इसके लिए पीआरडी जवानों की भी ड्यूटी लगाई गई थी। नैनीताल जिले के 400 पीआरडी जवानों ने पांच दिनों तक चुनाव ड्यूटी में प्रतिभाग किया। दुर्गम क्षेत्रों में भी पीआरडी जवानों ने ड्यूटी निभाई। चुनाव ड्यूटी के तहत हर पीआरडी जवान को प्रतिदिन 570 रुपये का भत्ता तय हुआ था। पांच दिन के हिसाब से 3350 रुपये हर जवान का चुनाव ड्यूटी का भत्ता बना था। चुनाव ड्यूटी निपटने के बाद भी भत्ता जवानों को नहीं मिला। इस वजह से जवान परेशान रहे।

इधर, युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग से जानकारी मिली कि ब्लॉक स्तर से जवानों की ड्यूटी का विवरण मंगाया था। इसमें रामगढ़ ब्लॉक में कुछ गड़बड़ी मिली। जिसको ठीक करवाया गया। प्रांतीय रक्षक दल के नैनीताल जिले के डीओ प्रतीक चंद्र जोशी ने कहा कि उम्मीद है कि अगले दो से तीन दिनों में पीआरडी जवानों को चुनाव ड्यूटी का भत्ता मिल जाएगा।

# लोगों की हड्डियों की मजबूती जांची

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** राजकीय मेडिकल कॉलेज के अस्थि रोग विभाग की ओर से बोन मिनरल डेंसिटी (बीएमडी) की जांच की गई। यह जांच हड्डियों की मजबूती का पता लगाने के लिए की जाती है। गुरुवार को डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय में लगे शिविर में लगभग 85 लोगों की बोन मिनरल डेंसिटी जांच की गयी।

अस्थि रोग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. पंकज सिंह ने बताया कि बीएमडी टेस्ट से हड्डियों के घनत्व यानी डेंसिटी को परखा जाता है और हड्डियों में कैल्शियम की कमी का पता लगाया जाता है। जिन रोगियों की हड्डियों में कैल्शियम की मात्रा कम होती है, उसका उपचार किया जाता है। साथ ही हड्डियों को कैसे मजबूत रखा जाये, इसके बारे में परामर्श दिया जाता है। शिविर में लोगों को हड्डियों की मजबूती के प्रति जागरूक भी किया गया। इस दौरान अस्थि रोग विभाग के डॉ. नवनीत अधिकारी, डॉ. ईश्वर, डॉ. दिवाकर प्रताप, डॉ. कृष्णा मौजूद रहे।


शिविर के दौरान मरीजों की जांच करते चिकित्सक। ● अमृत विचार

## पंजाबी जनकल्याण समिति का रक्तदान शिविर कल

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** पंजाबी जनकल्याण समिति की ओर से 18 मई को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम के संयोजक अवनीश राजपाल ने बताया कि शिविर शकुंतलम बैंक्वेट हॉल रामपुर रोड में सुबह 10 बजे से दोपहर दो बजे तक चलेगा। इसमें 18 वर्ष से 65 वर्ष तक के सभी व्यक्ति रक्तदान कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि संस्था ने शिविर में 100 यूनिट रक्त का लक्ष्य रखा है।

## वेतन की मांग को लेकर दिया धरना

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** वेतन की मांग को लेकर वन विभाग के आउटसोर्स कर्मचारियों ने गुरुवार को रामपुर रोड स्थित वन निगम के चीड़ डिपो में धरना-प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने कहा कि उन्हें अप्रैल माह का वेतन नहीं मिला है।

मुख्यालय की ओर से वेतन देने की स्वीकृति नहीं दी जा रही है, जिससे कर्मचारी परेशान हैं। इस मौके पर गणेश खाती, हिमांशु जग्गी, पारस खनायत, हिमांशु पड़ियार, कृपाल सिंह, मनोज आर्या, हेम महतोलिया आदि मौजूद रहे। गौरतलब है कि वन विभाग के आउटसोर्स कर्मचारी लंबे समय से वेतन की मांग कर रहे हैं, लेकिन अभी तक उनकी सुध नहीं ली गई है।

**कवायद** आपातकालीन स्थिति में मददगार साबित होंगे एसओएस बीट बॉक्स

# हाईवे किनारे एसओएस बीट बॉक्स लगने शुरू

- काठगोदाम नरीमन चौराहा तक लगाए जाएंगे बॉक्स
- जल्द पूरा होगा कार्य, फिर होंगे चालू

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने राष्ट्रीय राजमार्गों में एसओएस बीट बॉक्स लगाना शुरू कर दिया है। जारी गाइडलाइन के अनुसार हाईवे पर हर एक या दो किलोमीटर के अंतराल में एक बॉक्स लगाया जा रहा है। ये बॉक्स आपातकालीन स्थिति में मददगार साबित होंगे।



ट्रंचिंग ग्राउंड के समीप लगा बीट बॉक्स।

एनएचएआई के मैनेजर मीनू ने बताया कि काठगोदाम नरीमन चौराहा तक बॉक्स लगाये जायेंगे। इसका कार्य जल्द ही पूरा हो जायेगा। संपूर्ण राजमार्गों को इस सुविधा से लैस किया जायेगा। हलांकि अभी बॉक्स एक्टिव नहीं हैं पर जल्द ही कार्य पूरा होने के बाद इन्हें चालू कर दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि प्रत्येक बीट बॉक्स पर एक आपातकालीन कॉल बटन है, जिसे उपयोगकर्ता जरूरत पड़ने पर दबा सकते हैं। इससे राजमार्ग कंट्रोल रूम में कॉल लगेगी। साथ ही पेट्रोलिंग करने वाले वाहनों और एंबुलेंस को भी संदेश भेजा जायेगा। इसमें इनबिल्ट जीपीएस है, जिससे कॉल ऑपरेटर को आसानी से व्यक्ति लोकेशन की जानकारी मिल जायेगी और जल्द सहायता पहुंचेगी। उन्होंने बताया कि घटना या दुर्घटना के वक्त मोबाइल में नेटवर्क या मोबाइल फोन न होने की स्थिति में एसओएस बीट बॉक्स काफी मददगार साबित होंगे।

**01** या दो किमी के बीच में एक बॉक्स लगाया जा रहा है हाईवे पर

**ऐसे करता है काम**

यह यूनिट बैटरी पर काम करता है और बैटरी सोलर पैनल से चार्ज होती है। बैटरी स्थिति, सौर स्थिति और जीपीएस स्थान समय-समय पर दिए गए आईपीएनओ पर टीसीपीआईपी द्वारा सर्वर रूम को भेजा जाता है। जिसके द्वारा सिस्टम को चालू रखने में मदद मिलती है।

## दुकानों पर कब्जे को लेकर हाईकोर्ट के निर्णय का इंतजार

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** खाद्य सुरक्षा और औषधि प्रशासन की कार्रवाई के बाद राजकीय मेडिकल कॉलेज के अधीन तीन अस्पतालों में संचालित मेडिकल स्टोरों को बंद करवा दिया गया था। अब कॉलेज प्रशासन तीनों दुकानों पर कब्जे के लिए हाईकोर्ट के निर्णय का इंतजार कर रहा है। राजकीय मेडिकल कॉलेज के अधीन डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय अस्पताल, स्वामी राम कैंसर अस्पताल और टीबी एवं चेस्ट विभाग के मेडिकल स्टोरों में ताला लग चुका है। लाइसेंस नवीनीकरण न होने पर ये कार्रवाई हुई थी। मेडिकल कॉलेज प्रशासन को किराए के तौर पर संचालक को 28 करोड़ रुपये की बकाया धनराशि देनी है। पूर्व में भी मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने किराए की वसूली और जगहों पर कब्जे के लिए प्रशासन की मदद से कार्रवाई करने की कोशिश की थी, लेकिन मामला उच्च न्यायालय की शरण में चला गया। अब मेडिकल कॉलेज प्रशासन को उच्च न्यायालय के फैसले का इंतजार है। प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी ने बताया कि मामले में हर बिंदु पर काम कर रहे हैं।

## सार-संक्षेप



मदर्स डे पर आयोजित कार्यक्रम में प्रस्तुति देते इंस्पिरेशन स्कूल के बच्चे।

### इंस्पिरेशन स्कूल के बच्चों ने प्रस्तुतियों से मोहा मन

**हल्द्वानी :** इंस्पिरेशन स्कूल के यूकेजी के बच्चों ने मां की ममता को समर्पित 'माई स्वीट मौमी, आई लव यू' और 'अंबर से तोड़ा सूरज वो प्यारा' गीत प्रस्तुत किया। साथ ही एलकेजी के बच्चों ने 'माई डियर स्वीट मौमी' और 'मम्मी मेरी पहली टीचर' गीत और नर्सरी के बच्चों ने मां को समर्पित गीत 'आई लव मदर' गाने पर नृत्य प्रस्तुत किया। विद्यालय में मदर्स डे पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान बच्चों की एक से एक शानदार प्रस्तुतियों ने सभी का दिल छू लिया। इससे पहले कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय की चेयरपर्सन डॉ. गीतिका बल्यूटिया, प्रधानाचार्य अनुराग माथुर, उप प्रधानाचार्य ममता तनेजा और समन्वयक प्रियंका शर्मा ने दीप प्रज्जवलित कर किया।


लामाचौड़ में सेवालय केंद्र का शुभारंभ करते अतिथि। ● अमृत विचार

### लामाचौड़ में दिव्यांगों के लिए सेवालय का शुभारंभ

**हल्द्वानी :** जय शारदा जनकल्याण समिति की ओर से पदमपुर निगल्टिया लामाचौड़ में दिव्यांगों के लिए सेवालय का शुभारंभ किया गया। सेवालय में दिव्यांगों को निशुल्क आवास व अन्य सुविधाएं दी जाएंगी। साथ ही उन्हें स्वरोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाया जाएगा। समिति की अध्यक्ष नीमा बिष्ट ने बताया कि जिन दिव्यांगों के परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर है, उन्हें सेवालय में आवास व अन्य सुविधाएं दी जा रही हैं। इसके अलावा उन्हें ट्रेनिंग देकर स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया जाएगा। इसके लिए उन्हें जूट बैग व मोमबत्ती बनाना, सिलाई प्रशिक्षण, कृषि कार्य, खाना बनाना आदि सिखाया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन त्रिवेंद्र जोशी ने किया। इस अवसर पर वार्ड 38 के निवर्तमान पार्षद प्रमोद तोलिया, समाजसेवी डॉ. प्रमोद अग्रवाल, ग्राम प्रधान कमल पडलिया, योगेश बिष्ट, बिपिन चंद्र जोशी, दिनेश खर्कवाल, दीप्ति खर्कवाल, कनक चंद, मनीष चंद, पार्वती किरौला, गंगा सिंह किरौला, मंजू साह, हिमांशी मौजूद रहे।


नई दिल्ली में राष्ट्रपति पुरस्कार लेते मेजर (डॉ.) राहुल मनराल। ● अमृत विचार

### मेजर डॉ. राहुल राष्ट्रपति स्वर्ण पदक से सम्मानित

**हल्द्वानी :** आर्मी मेडिकल कोर में कार्यरत मेजर डॉ. राहुल मनराल ने डीएनबी फिजियोलॉजी में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसके लिए उन्हें राष्ट्रपति स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया है। नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित कार्यक्रम में उन्हें यह सम्मान मिला। डॉ. राहुल ने कक्षा आठ तक की पढ़ाई महर्षि विद्या मंदिर अल्मोड़ा और हाईस्कूल आर्मी स्कूल अल्मोड़ा से उत्तीर्ण किया। इंटरमीडिएट केंद्रीय विद्यालय अल्मोड़ा से करने के बाद उन्होंने हिमालयन इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज जॉलीग्रांट देहरादून से स्नातक किया। सेना में नियुक्ति से पूर्व डॉ. राहुल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जसकोट और डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय अस्पताल हल्द्वानी में कार्यरत रहे। राहुल की माता प्रो. भीमा मनराल एसएसजे विश्वविद्यालय अल्मोड़ा में विभागाध्यक्ष शिक्षा संकाय हैं और पिता राज्य शिक्षा बोर्ड से सेवानिवृत्त प्राचार्य डॉ. जेबीएस मनराल हैं। फिलहाल वह लालडांठ शांति विहार हल्द्वानी में रहते हैं। उनकी पत्नी डॉ. इशिता मनराल एएफएमसी पुणे में प्रशिक्षक हैं।


विद्यालय प्रबंधन को एक्वागार्ड भेंट करते समिति के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### समिति ने विद्यालय को भेंट किया एक्वागार्ड

**हल्द्वानी :** साथी हाथ बढ़ाना सेवा समिति के पदाधिकारियों ने गुरुवार को राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय चौंसला को बच्चों के लिए शुद्ध जल की व्यवस्था हेतु एक्वागार्ड भेंट दिया। इस मौके पर संस्था की उपाध्यक्ष दया बिनवाल व सचिव हेमा मेलकानी ने प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता कराई, जिसमें बच्चों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। बच्चों ने स्वागत गीत गाकर पदाधिकारियों का स्वागत किया। अंत में समिति ने सभी बच्चों को फल व मिष्ठान वितरित किया। इस मौके पर अध्यक्ष सरिता अग्रवाल, हेमलता जोशी, महेश कपिल, रमेश चंद्र, हेमा चिलवाल, मधु बिष्ट, विमला कांडपाल, कंचन शर्मा आदि मौजूद रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 8476843488
काशीपुर : 9756032977, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

## एक नजर

### विकास प्राधिकरण ने कीं चार दुकानें सील

**काशीपुर :** जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण की टीम ने बिना मानचित्र स्वीकृत कराए हो रहे अवैध निर्माण कार्य को रुकवा दिया। साथ ही चार दुकानों को सील कर दिया। प्राधिकरण के संयुक्त सचिव अभय प्रताप सिंह ने बताया कि नीझड़ा में हो रहे अवैध निर्माण को सील करने के आदेश दिए थे। आदेश के क्रम में टीम ने मौके पर पहुंचकर बन रहीं चार दुकानों को सील कर दिया। बिना मानचित्र स्वीकृति के हो रहे अवैध निर्माण व अवैध प्लाटिंग पर आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

### ट्रांसफार्मर में लगी आग

**काशीपुर :** वार्ड नंबर 40 में एक ट्रांसफार्मर में अचानक आग लग गई। इससे आस-पास के लोगों में हड़कंप मच गया। लोगों ने रेत डाल कर आग बुझाई। गुरुवार को वार्ड नंबर 40 में जमीन पर रखे एक ट्रांसफार्मर में धुंए के साथ ही आग लगने लगी। इससे लोग घबरा गए। बताया कि तुरंत बिजली विभाग को जानकारी दी गई। विभाग ईई विवेक कांडपाल ने बताया कि अधिक गर्मी के कारण अक्सर ट्रांसफार्म में आग लग जाती है। बताया कि मौके पर कर्मियों को भेज कर समस्या दूर करा दी गई है।

### मामूली विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट

**बाजपुर :** मामूली विवाद को लेकर बुधवार की देर रात्रि दो पक्ष में मारपीट हो गई जिसमें एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। देर रात्रि ग्राम रतनपुरा निवासी संतोष (35) पुत्र बाबूराम बाइक से अपने घर से बुढ़िया कॉलोनी रिश्तेदारी में जा रहा था। इसी बीच शीशम घाट के समीप उसका कुछ लोगों से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों में लाठी डंडे चल गए। मारपीट में संतोष बुरी तरह से लहुलुहान हो गया जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दूसरी घटना में राजीव कालोनी निवासी टीना (19) पत्नी बाबू का किसी बात को लेकर कुछ लोगों से विवाद हो गया। कुछ ही देर में दोनों पक्षों में मारपीट होने लगी, मारपीट में टीना गंभीर रुप से घायल हो गई। इस मारपीट में ग्राम रतनपुरा निवासी बाबू (20) पुत्र दयाराम भी घायल हुआ है।

### 3.48 ग्राम स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

**दिनेशपुर :** पुलिस टीम ने 3.48 ग्राम स्मैक के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया है। पुलिस टीम ने गुरुवार को आरोपी अजय वाला निवासी वार्ड- 4, थाना- दिनेशपुर, उधमसिंह नगर को 3.48 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया।

## संवाद बैठक में कृषकों और संगठनों से मांगे सुझाव, डीएम ने कहा-ग्रीष्मकालीन धान की फसल से हो रहा भूमिगत जल स्तर कम

# कृषक ग्रीष्मकालीन धान की जगह करें गन्ना, मक्का, दलहन का उत्पादन

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने जनपद में जल संरक्षण एवं ग्रीष्मकालीन धान के क्षेत्रफल को कम करने एवं वैकल्पिक रूप से अन्य फसलों को बढ़ावा दिए जाने के लिए कृषि वैज्ञानिकों, कृषि संगठनों, प्रगतिशील कृषकों व संबंधित अधिकारियों के बीच गहन मंथन किया गया। उन्होंने कहा कि ग्रीष्मकालीन धान की फसल से अत्यधिक जल दोहन से भूमिगत जल स्तर कम होता जा रहा है। जल स्रोत सूख रहे हैं जो चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि कृषक ग्रीष्मकालीन धान की जगह गन्ना, मक्का, दलहन जैसी फसलों का उत्पादन को बढ़ावा देने को कहा।

गुरुवार को जिलाधिकारी ने यह बात डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में संवाद बैठक के दौरान कही। उन्होंने कृषकों व कृषक संगठनों से अपनी समस्या व सुझाव लिखित रूप में देने को कहा। ताकि समस्याओं व सुझावों पर विचार-विमर्श कर समाधान निकाला जा सके। गर्मी के धान के विकल्प के रूप में अन्य फसलों को बढ़ावा देने का सुझाव दिया गया। विभिन्न संस्थानों से आये वैज्ञानिकों ने धान की फसल को उगाने की नई तकनीकों जैसे धान की सीधी बुवाई कर पानी खपत को कम करना, दलहनी एवं तिलहनी फसलों को बढ़ावा देने, गन्ने की खेती को बढ़ावा देने और जनपद में मेंथा एवं सूरजमूखी की फसलों को बढ़ावा देने की बात कही।

इस दौरान कृषकों एवं कृषक संगठनों ने सुझाव रखा कि जनपद में गेहूं की फसल की कटाई के तुरंत बाद जो धान की खेती की जा रही है, वह पर्यावरण के दृष्टिकोण से हानिकारक है। इस पर रोक लगाई जाए। कृषकों द्वारा यह भी सुझाव दिये गये कि भू-जल स्तर को बनाये रखने के लिए जनपद में स्थापित डैमों में जमा हो रही सिल्ट को निकाला जाए। कृषकों का यह भी सुझाव था कि ग्रीष्मकालीन धान के विकल्प के रूप में अन्य फसलों के उत्पाद के विपणन की व्यवस्था की जाए। मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार ने बैठक में वैज्ञानिकों एवं कृषकों द्वारा दिये गये सुझावों की संक्षेप में जानकारी दी।



कृषकों और अधिकारियों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी उदयराज सिंह। ● अमृत विचार

### ये लोग रहे मौजूद

निदेशक अनुसंधान पंतनगर अजीत सिंह, वरिष्ठ वैज्ञानिक आइआईआरआर हैदराबाद डॉ. बृजेन्द्र, आर महेन्द्र कुमार, वरिष्ठ वैज्ञानिक आईआईटी रुड़की प्रो .आशीष पांडे, वरिष्ठ वैज्ञानिक आईसीएआर/आईआईआरआर लुधियाना डॉ. एसबी सिंह, वरिष्ठ वैज्ञानिक पंतनगर डॉ. एन के सिंह, डॉ. अमित भटनागर, डॉ. एस चौधरी, डॉ. आरके श्रीवास्तव, केवीके काशीपुर, अजय प्रभाकर, मुख्य कृषि अधिकारी डॉ. एके वर्मा, जिला विकास अधिकारी सुशील डोभाल, कृषक एवं कृषक संगठन के बलविंदर सिंह, कुंवर पाल सिंह, दीपक गोस्वामी, सत्यम शर्मा, टीका सिंह सैनी, शैलवीर मिश्रा, अरुण कुमार शर्मा, सुरजीत कुमार डाबर, सलविंदर सिंह कलसी, सुखविंदर सिंह बठला, रामकुमार कम्बोज, अनिल दीप, राजविन्दर सिंह, जगमोहन सिंह, कृष्ण मंडल सहित संबंधित विभागीय अधिकारी आदि मौजूद थे।

### जल और पर्यावरण बचाने को ग्रीष्मकालीन धान का विकल्प जरूरी

**रुद्रपुर :** किसान आयोग के उपाध्यक्ष राजपाल सिंह ने भी ग्रीष्मकालीन धान के विकल्प के रूप में गन्ना, मक्का, दलहन, तिलहन का उत्पादन करने को कहा। ताकि हमारा जल, पर्यावरण बचा रहे।

### ई-कृषि बाजार में पांच हजार किसानों ने कराया पंजीकरण

**काशीपुर :** ई-राष्ट्रीय कृषि बाजार में जुड़ने के लिए किसानों में खासा उत्साह दिख रहा है। योजना के तहत किसान व कारोबारी जुड़कर लाखों का रुपये का सीधा कारोबार कर रहे हैं। पिछले छह साल में पांच हजार से अधिक किसान काशीपुर मंडी से जुडे हैं। दरअसल, किसानों को उपज का सही मूल्य दिलाने और बिचौलियों की भूमिका को खत्म करने के लिए केंद्र सरकार ने 2017 में ई-राष्ट्रीय कृषि बाजार (ई-नाम) योजना शुरू की। अधिकारियों के अनुसार ई-नाम योजना से किसान अपनी उपज को ऑनलाइन नीलामी के जरिये देश के किसी भी मंडी के आढ़ती को बेच सकता है। उत्पाद की गुणवत्ता जांच के लिए मंडियों में टेस्टिंग लैब बनाई गई है। 2017 में प्रदेश की पांच मंडी हरिद्वार, काशीपुर, किच्छा, सितारगंज, गदरपुर से योजना शुरू की गई थी। लगभग सभी मंडियों को इस योजना से जोड़ा जा चुका है। काशीपुर मंडी में इस योजना के लागू होने से अब तक 5400 किसान इसमें जुड़ चुके है। वही 700 कारोबारी व आढ़ती भी इस योजना में जुड़े हुए है। जहां किसान व कारोबारी सीधे संवाद कर अपने उत्पाद खरीद व बेच सकते है। कृषि उत्पादन मंडी समिति सचिव आशा गोस्वामी ने बताया कि मंडी लगातार ई नाम योजना को लेकर प्रचार-प्रसार कार्य में जुटी है।

# डंपर रोकने पर प्रधान पति को कुचलने का प्रयास

## प्रधान पति से खनन माफिया ने की मारपीट, वाहन गुजरने पर क्षतिग्रस्त हुई सड़क को ठीक कराने की मांग

हंगामा

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार :** धाधा फॉर्म क्षेत्र में गांव के बीच से गुजर रहे ओवरलोड डंपर को रोकने पर ग्राम प्रधान पति के साथ खनन माफियाओं ने मारपीट की। इतना ही नहीं खनन माफिया ने प्रधान पति पर डंपर चढ़ाने का भी प्रयास किया और खनन सामग्री से भरे डंपर को जबरन छुड़ा ले गए। उधर बुधवार देर शाम हुए हंगामे का वीडियो जमकर वायरल हो रहा है।

धाधा फॉर्म चांचर के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मनोज कुमार गुरुवार की देर शाम ड्यूटी कर घर लौट रहे थे। इसी बीच खनन सामग्री लेकर गांव के बीच से गुजर रहे एक ओवरलोड डंपर ट्रक को उन्होंने रोक लिया। इस बीच तमाम ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों का कहना था कि एससी जाति के ग्रामीणों के लिए कृषि विभाग द्वारा गांव में सिंचाई के लिए 8 लाख की लागत से नाली, खड़ंजा तथा सिडकुल मद से सीसी सड़क बनाई थी, जो कि ओवरलोड वाहनों की आवाजाही किए जाने के चलते क्षतिग्रस्त हो गई है। प्रधान प्रतिनिधि मनोज कुमार का कहना था कि उन्होंने देर रात खनन किए जाने को लेकर आपत्ति जताई तथा खनन वाहनों के कारण क्षतिग्रस्त हुई मुख्य सड़क को ठीक कराने की मांग की। आरोप है कि इस दौरान खनन माफिया ने गाली गलौज कर धमकाना शुरू कर दिया। इस पर मनोज ने तुरंत उप जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्रा को फोन कर मामले से अवगत कराया। एसडीएम मिश्रा ने तहसीलदार गिरीश चंद्र त्रिपाठी सहित पुलिस टीम को मौके पर भेजने की बात कही। प्रशासन की टीम के मौके पर पहुंचने की सूचना के बाद खनन माफिया अपने साथी और पिपलिया वन विभाग चेक पोस्ट के दो कर्मचारियों को लेकर मौके पर पहुंचा और जबरन डंपर को ले जाने लगा। आरोप है कि खनन माफियाओं ने मनोज को डंपर से कुचलने का प्रयास किया और फरार हो गए। इससे पूर्व खनन माफियाओं ने मनोज के साथ मारपीट भी की। इसके बाद मनोज ने देर रात कलकत्ता पुलिस चौकी पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने शुक्रवार की सुबह आने की बात कही। मनोज ने बताया कि शुक्रवार को सुबह करीब 11:00 जब वह चौकी पहुंचे तो चौकी इंचार्ज की गैर मौजूदगी में खनन कारोबारियों ने उसे जान से मारने की धमकी देते हुए गाली गलौज की। पुलिस चौकी के बाद तमाम ग्रामीणों के साथ किच्छा कोतवाली पहुंचे मनोज कुमार ने पुलिस से आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। प्रधान प्रतिनिधि मनोज कुमार के अनुसार उप जिला अधिकारी कौस्तुभ मिश्रा से वार्ता के दौरान उन्होंने बताया प्रशासन द्वारा जारी किए गए खनन पट्टे में धाधा फॉर्म की आबादी क्षेत्र से बड़े वाहनों को गुजारने की परमिशन नहीं दी है। कोतवाली में ग्रामीणों ने चौकी प्रभारी धीरेंद्र पंत को लिखित शिकायत देते हुए खनन माफियाओं के खिलाफ आंदोलन की चेतावनी दी है।



किच्छा कोतवाली में कार्रवाई की मांग को लेकर वार्ता करते ग्रामीण। ● अमृत विचार



किच्छा में डंपर के विरोध में हंगामा करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

### कैबिनेट मंत्री तक पहुंचा मामला

**किच्छा :** ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मनोज कुमार के साथ हुई अभद्रता एवं मारपीट का मामला कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा के दरबार में पहुंच गया है। पीड़ित मनोज कुमार ने बताया कि घटना के बाद से खनन माफिया लगातार धमका रहे थे। इसके बाद उन्होंने कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा को फोन कर पूरे मामले से अवगत कराया गया। इसके बाद कैबिनेट मंत्री बहुगुणा ने प्रशासनिक अधिकारियों को फोन कर निष्पक्ष जांच तथा कार्रवाई के निर्देश दिए।

# ट्रक-कार की टक्कर में दो पक्षों में मारपीट, दो घायल

- दोनों पक्षों ने पुलिस को सौंपी तहरीर
- पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच की शुरू

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** विगत रात्रि काशीपुर फ्लाईओवर के नीचे कार और ट्रक में टक्कर हो गई। इसके बाद कार चालक और ट्रक चालक के बीच हाथापाई शुरू हो गई। इसमें दो लोग घायल हो गए। दोनों पक्षों की ओर से पुलिस को तहरीर सौंपी गई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

गुरुवार को ट्रांसपोर्टर इम्पीरियल ग्रीन निवासी मोहित ने सौंपी तहरीर में कहा है कि बुधवार रात उनका ट्रक रेलवे माल गोदाम से काशीपुर फ्लाईओवर के नीचे से होकर सिडकुल को जा रहा था। इस दौरान दूसरी साइड से कार चालक तेज गति से आया और ट्रक से टकरा गया। इसके बाद कार चालक लोहे की राड लेकर आया और उसके वाहन चालक जगन लाल पर हमला कर दिया। जिससे वह घायल हो गया। इसका पता चलते ही वह मौके पर पहुंचे और चालक की गंभीर हालत देख उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। इधर दूसरे पक्ष के यूनिटी लॉ कॉलेज रुद्रपुर के प्राचार्य डॉ. कुंदन सिंह राठौर ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा है कि बुधवार रात वह कार से फ्लाईओवर के नीचे से जा रहे थे। इस दौरान कार उनके दोस्त अनिल चौधरी चला रहे थे। इस दौरान सामने से आ रहे ट्रक ने उनकी कार को टक्कर मार दी। जिसके बाद चालक ट्रक समेत भाग गया। यह देख उनके साथी अनिल ने उसका पीछा कर 100 मीटर दूर पकड़ लिया। इस दौरान वहां मौजूद कई ट्रक चालकों ने ट्रक चालक के साथ उनके साथी की पिटाई कर दी। इस पर अनिल को एंबुलेंस से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। उन्होंने पुलिस से ट्रक चालक और उसके साथियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। कोतवाल धीरेंद्र कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर मिली है। जांच की जा रही है, इसके बाद कार्रवाई की जाएगी।



यातायात को लेकर बैठक लेते अपर पुलिस अधीक्षक अभय सिंह। ● अमृत विचार

### पर्यटकों को दिक्कत हुई तो कार्रवाई को तैयार रहें अधिकारी

**काशीपुर :** आगामी दिनों में पर्यटकों की सुगम यातायात और सड़क सुरक्षा को लेकर अपर पुलिस अधीक्षक अभय सिंह ने बैठक कर दिशा निर्देश दिए। गुरुवार को अपर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में हुई बैठक में उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में गर्मियों की छुट्टियां पड़ते ही पर्यटकों का यहां से आना-जाना शुरू हो जाएगा। पर्यटक नैनीताल, रामनगर, रानीखेत, कैंचीधाम आदि जगहों पर काशीपुर से ही होते हुए जाएंगे। कहा कि सड़कों पर हर प्रकार की सुविधा मुहैया कराना संबंधित विभाग की जिम्मेदारी है। जिससे सड़क दुर्घटनाएं न हों। यदि कोई घटना घटित होती है तो संबंधित विभागीय अधिकारी की जिम्मेदारी होगी। इसलिए घटना से पहले ही कमियों को दूर कर लें। इस अवसर पर कोतवाल आशुतोष सिंह, यातायात निरीक्षक जितेंद्र पाठक, आईटीआई प्रभारी निरीक्षक प्रवीन सिंह कोश्यारी, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण हल्द्वानी से पूनम बिष्ट आदि मौजूद रहे।

### जसपुर में दो स्थानों पर जुआ खेलते 9 लोग पकड़े

**जसपुर :** पुलिस ने दो स्थानों पर जुआ खेलते नौ लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने जुआरियों के पास से 20980 रुपये व दूसरे फड़ से 19290 रुपये तथा दोनों फड़ों से ताश के पत्ते बरामद किए गए । गिरफ्तार जुआरियों में नौशाद हुसैन निवासी अमृतपुर पट्टी जसपुर, चांद खान निवासी मेघावाला जसपुर, अबरार अहमद निवासी नई बस्ती जसपुर, अतीक निवासी मेघावाला जसपुर, शहजाद निवासी डाक बंगला नई बस्ती जसपुर, मोहम्मद असलम निवासी वेयरहाउस कॉलोनी जसपुर, नौशाद निवासी वेयरहाउस कॉलोनी जसपुर, फहीम निवासी वेयरहाउस कॉलोनी जसपुर, साजिद हुसैन निवासी नई बस्ती जसपुर शामिल हैं। पुलिस टीम में कोतवाल हरेंद्र चौधरी, उप निरीक्षक सुशील कुमार व हरीश आर्य, हेड कांस्टेबल देवेंद्र पांडे, कांस्टेबल ज्ञानेंद्र कुमार, जाकिर हुसैन, सुरेंद्र रावत, राजकुमार व नवीन प्रकाश आदि शामिल रहे।

# तीन कर्मचारियों का वेतन रोका

सख्ती

- सीडीओ को औचक निरीक्षण में मिले अनुपस्थित
- मुख्य कृषि अधिकारी को कर्मियों से स्पष्टीकरण लेने को कहा

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार ने कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी के कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी के संबंध में पूछने पर स्टाफ ने बताया कि वे सूचना आयोग देहरादून गए हैं। जबकि सहायक कृषि अधिकारी वर्ग-1 गीता कौर, मानचित्रक लोकेश कुमार, वरिष्ठ सहायक संतोष कुमार कमल अनुपस्थित पाये गये। सीडीओ ने तुरंत तीनों अनुपस्थित कर्मचारियों का 16 मई का वेतन रोकने और मुख्य कृषि अधिकारी को स्पष्टीकरण लेने के निर्देश दिए हैं।

मुख्य विकास अधिकारी ने गुरुवार की सुबह प्रातः 10.05 बजे विकास भवन स्थित कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न पटलों पर कार्यरत कर्मचारियों द्वारा किए जा रहे कार्यों से संबंधित अभिलेखों को भी देखा। इसमें कई त्रुटियां पाई गईं। मुख्य कृषि अधिकारी को यह भी निर्देश दिये गये कि कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी रुद्रपुर से देहरादून जाने के लिए ली गयी अनुमति से संबंधित पत्रावली पृथक से प्रस्तुत करें।



कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी कार्यालय में जानकारी लेते सीडीओ मनीष कुमार।

# विदेश भेजने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी करने का आरोप

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** एक व्यक्ति ने चार लोगों पर विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर पांच लाख 80 हजार रुपये ठगी करने का आरोप लगाया है। साथ ही आरोपियों पर रकम वापस मांगने पर उसे जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया है।

मोहल्ला थानासाबिक निवासी जफर मलिक ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि कुंडा के ग्राम श्यामनगर निवासी दो व्यक्ति उसके पुराने परिचित हैं। उन्होंने बताया कि वह विदेश में नौकरी दिलाने का काम करते हैं। इस पर उसने अपने भतीजे जुनैद को इंग्लैंड भिजवाने के लिए उनसे बात की। उन्होंने दस लाख रुपये का खर्च बताते हुए 18 जनवरी, 2020 को एक खाते में एक लाख रुपये की रकम जमा करा ली। इसके बाद इंटरव्यू के बहाने 15 फरवरी, 2020 को वे दोनों जुनैद को दिल्ली ले गए। वहां उससे ढाई लाख रुपये जमा करा लिए। उसके बाद उन्होंने किश्तों में कुल 5.80 लाख रुपये की रकम उससे व उसके भतीजे से जमा करा ली। लेकिन आरोपियों ने न तो उसके भतीजे को इंग्लैंड भिजवाया और न ही रकम लौटाई।




लापरवाही

## चैती मेला समाप्त होने के बाद भी मैदान की सफाई नहीं होने से परेशान हैं लोग, आसपास के घरों में आ रही मक्खियां, संक्रामक रोगों का खतरा भी बढ़ा

# चैती मैदान में पड़ी गंदगी से घरों में भिनभिना रहीं मक्खियां

अजीत प्रताप गोस्वामी, काशीपुर

**अमृत विचार :** चैती मैदान में पड़ी गंदगी ने आसपास की कॉलोनियों में रहने वाले लोगों को भी परेशानी में डाल दिया है। मेला समाप्त होने के बाद भी मैदान से गंदगी साफ नहीं कराने से कूड़े के ढेर में भिनभिनाने वाली मक्खियां लोगों के घरों में पहुंच रही हैं। इससे लोगों में संक्रामक रोगों को लेकर भय बना हुआ है।

इस बार चैती मेले में पार्किंग, झूले, तहबाजारी समेत कई चीजों के लिए करीब तीन करोड़ 67 लाख रुपये का टेंडर हुआ था। नौ अप्रैल से शुरू हुआ ऐतिहासिक चैती मेले को प्रशासन ने पांच मई तक चलाया। इस बीच सुरक्षा व अन्य व्यवस्था प्रशासन की बेहतर रही, लोग मेले की तारीफ करते दिखे। लेकिन मेला समाप्त हुए कई दिन गुजर गए हैं। जिस मैदान में मेला लगा है, उसकी गंदगी ने दुर्दशा कर दी है। इतनी गंदगी है कि लोग मैदान की ओर जाने से बच रहे हैं। गंदगी से आने जाने वाले लोग तो परेशान हैं, आस-पास के कॉलोनी के रहने वाले लोग भी संक्रमण को लेकर दहशत में हैं। उनका कहना है कि मेले के बाद घरों में मक्खियां भिनभिना कर आ रही हैं।

**11 दुकानों के काटे चालान:** गुरुवार को नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमरजीत सिंह साहनी ने चैती मैदान का निरीक्षण किया। गंदगी फैलाने पर 11 चालान कर 26 हजार रुपये का जुर्माना वसूला।



चैती मैदान में पड़ी गंदगी और पॉलीथिन। ● अमृत विचार



मैं चैती मंदिर के पास ही रहता हूं। मेला खत्म हुए बहुत दिन बीत चुके हैं। लेकिन अब तक गंदगी जैसी पहले थी वैसी ही पड़ी है। मैं इस मैदान में अपने मवेशियों को लेकर आया हूं। मवेशी पॉलीथिन न खा लें, इसको लेकर चिंतित हूं। -रणजीत, किसान।



मैं चैती मैदान में रोज शाम को घूमने आता हूं। प्रशासन मेले से राजस्व वसूलता है तो प्रशासन को समय से यहां सफाई भी करानी चाहिए। गंदगी से घरों में मक्खियां आ रही है। संक्रमण को लेकर डर पैदा हो रहा है। **-हरिशंकर**, ग्रामीण।



मेले में कुछ दुकानें अभी भी लगी है। गंदगी से संक्रमित बीमारियों का खतरा रहता है। खास कर गर्मी के समय पर पेट से संबंधित बीमारी हो सकती है, इसके लिए लोगों को सतर्क रहने की जरूरत है। **-डॉ. अमरजीत सिंह सहानी**, नगर स्वास्थ्य अधिकारी।



मैं चैती मैदान पास ही रहती हूं। बीते कई दिनों से घरों में मक्खियां कई गुना तक बढ़ गई है। मेले की सफाई में भी नगर निगम सुस्त है। गंदगी से बीमार होने का खतरा बना हुआ है। **-शशि**, गृहणी



मेरा घर चैती मैदान के पास ही है। मेला को समाप्त हुए काफी दिन हो चुके हैं। नगर निगम कूड़ा साफ नहीं कर रहा है। घरों में मक्खियों का भिनभिना भी बढ़ गया है। **-क्रांति देवी**, गृहणी।



नगर निगम को मैदान की सफाई करने के निर्देश दिए हैं। दो दिनों में ही मैदान की सफाई करने को कहा गया है। लापरवाही पाए जाने पर कार्रवाई होगी। **-अभय प्रताप सिंह**, एसडीएम।

## सार संक्षेप

### काशीपुर से लापता बच्चा मध्यप्रदेश में मिला

**काशीपुर :** आवास विकास से लापता हुए दस साल के बच्चे को पुलिस ने मध्य प्रदेश के रतलाम रेलवे स्टेशन से सकुशल बरामद कर लिया है। हालांकि काशीपुर से बालक मध्य प्रदेश कैसे पहुंचा। पुलिस को अब तक जानकारी नहीं मिली है। वहीं पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। कोतवाल आशुतोष सिंह ने बताया कि आवास विकास कालोनी निवासी यूपी पुलिस के कांस्टेबल रविंद्र कुमार का दस वर्षीय पुत्र रचित मंगलवार शाम पार्क में खेलने गया था। लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। परिजनों ने गुमशुदगी की तहरीर दी थी। उन्होंने बताया कि बुधवार रात बच्चे की लोकेशन मध्यप्रदेश के रतलाम रेलवे स्टेशन पर मिली। इसके बाद बच्चे को बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। उन्होंने बताया कि काशीपुर से बच्चा मध्यप्रदेश कैसे पहुंचा, इसकी जांच की जा रही है।

### सिडकुल की बंद फैक्ट्री से जनरेटर चोरी

**रुद्रपुर :** सिडकुल की एक बंद फैक्ट्री से चोरों ने जनरेटर चोरी कर लिया। कंपनी के प्रबंध निदेशक ने सिडकुल चौकी पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। गुरुवार को ओमेक्स निवासी पूरन चंद्र भट्ट ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा है कि वह सेक्टर सात स्थित उत्तरांचल पैकेजिंग प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक हैं। उनकी कंपनी पिछले एक साल से बंद पड़ी है। फैक्ट्री वर्तमान में आईसीआईसीआई बैंक के कब्जे में है। फैक्ट्री की संपति को न्यायालय ने बैंक के कब्जे में देने का आदेश हो चुका है। इसकी प्रक्रिया जिला प्रशासन कर रहा है। उन्होंने बताया कि बुधवार शाम सात बजे पास की कंपनी के गार्ड ने कॉल कर सूचना दी कि उनकी फैक्ट्री के जनरेटर को कोई निकाल रहा है। इसकी सूचना उन्होंने तुरंत पुलिस को दी। इसके बाद वे सिडकुल चौकी पुलिस के साथ कंपनी पर गये। वहां जनरेटर गायब मिला।

### युवक को पीटकर साढ़े पांच हजार रुपये लूटे



**नानकमत्ता :** बिरिया भूड़ निवासी शेर सिंह ने पुलिस को तहरीर सौंपकर कहा कि वह महाराष्ट्र से काम कर घर आ रहा था। बस से सिसई खेड़ा पहुंच कर घर जाने से पहले ठेले पर मोमो खाने लगा। वहां कड़े दो युवकों से कुछ कहासुनी हो गई। शेर सिंह ने बताया शोर सुनकर उस के तीन चार साथी और आ गए। उसे बेरहमी से मारपीट कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। आरोप है वे जेब में रखे 5500 हजार रुपये भी निकाल कर फरार हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे उपचार के लिए सितारगंज अस्पताल में भर्ती कराया।

### तीन दुर्घटनाओं में चार लोग घायल

**बाजपुर :** तीन दुर्घटनाओं में गुरुवार को चार लोग घायल हो गए। गुरुवार को चकलुआ कालाढूंगी निवासी इंद्रजीत (37) पुत्र उमर सिंह बाइक से अपने बेटे शिवम और आशीष के साथ कालाढूंगी से सवार रामपुर की ओर जा रहा था। इसी बीच बरहैनी चौकी से आगे स्थित क्राउन होटल के नजदीक विपरीत दिशा से आ रही कार ने इंद्रजीत की बाइक को टक्कर मार दी। हादसे इंद्रजीत गंभीर घायल हो गया। घटना के बाद कार चालक मौका पाकर फरार हो गया। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने क्षतिग्रस्त बाइक को अपने कब्जे में ले लिया है। बुधवार की देर रात्रि लगभग 11 बजे इंदिरा कॉलोनी निवासी अनुज (13) पुत्र ओमप्रकाश अपने साथी आलापुर निवासी हरिओम (34) के साथ एक ही बाइक पर सवार होकर बाजपुर से विराहा फार्म की ओर जा रहा था। इसी बीच भीनाइस्लामनगर रोड स्थित एक मेडिकल स्टोर के समीप अनुज की बाइक के सामने अचानक मवेशी आने से वह घायल हो गए। गुरुवार को हल्द्वानी से रामपुर जाते समय आदर्श कन्या इंटर कालेज के सामने बुलेट बाइक व टूरिस्ट बस की टक्कर हो गई। बस की साइड से बाइक सवार महिला सहित युवक दूर जाकर गिरे और घायल हो गए। घायल स्वार रामपुर निवासी सलीम अपनी बहन सुहाना के साथ स्वार जा रहा था।

### 26 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया



बाजपुर अस्पताल में जानकारी देते नशा मुक्ति रोग विशेषज्ञ डॉ. ईश कुमार डल्ला।

**बाजपुर :** मानसिक स्वास्थ्य और नशा मुक्ति को लेकर गुरुवार को उपजिला अस्पताल में जागरुकता के लिए बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले से आई टीम ने 26 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। रुद्रपुर के जिला अस्पताल से पांच सदस्य टीम मानसिक एवं नशा मुक्ति रोग विशेषज्ञ डॉक्टर ईश कुमार डल्ला के नेतृत्व में उपजिला अस्पताल बाजपुर पहुंची। जहां टीम ने मानसिक स्वास्थ्य एवं नशा मुक्ति को लेकर अस्पताल के चिकित्सकों और कर्मचारियों के साथ बैठक की। टीम में मौजूद दशमेश कौर और माया खकरियाल ने कोतवाली पुलिस के साथ मिलकर सार्वजनिक स्थानों पर नशीले पदार्थों की बिक्री करने वालों और खुलेआम सेवन करने वाले 22 लोगों का चालान किया। इस दौरान मानसिक एवं नशा मुक्ति रोग विशेषज्ञ डॉक्टर ईश कुमार डल्ला, प्रभारी अधीक्षक डॉ. पीडी गुप्ता, डॉ. मंदीप सिंह, डॉ. महक आलम, संजय रावत, राजकुमार आदि मौजूद रहे।

### शिविर लगाकर बच्चों का किया परीक्षण

**खटीमा :** नागरिक अस्पताल की राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम टीम ने राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर चिकित्सा शिविर लगाकर बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर बंडिया इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम ने चिकित्सा शिविर आयोजित किया। डॉ. शैलजा पाण्डेय ने डेंगू के लक्षण बताते हुए कहा कि डेंगू में तेज बुखार, भूख कम लगना, सरदर्द, त्वचा में लाल दाने होना बताया गया। डॉ. पांडेय ने डेंगू से बचाव के तौर तरीकों की जानकारी दी। इस दौरान नर्सिंग ऑफिसर निर्मला धामी आदि मौजूद थे।

### गुमशुदा की तलाश में जुटी पुलिस

**खटीमा :** पुलिस ने दो दिन पूर्व लापता युवती की गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। छिनकी फार्म निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि 14 मई की देर शाम उसकी बहन बिना बताए घर से कही चली गई और देर शाम तक घर वापस नहीं आई। परिजनों ने उसकी रिश्तेदारी और आस पड़ोस में काफी तलाश की लेकिन उसका कहीं पता नहीं चल सका। काफी मालूमात करने पर पता चला कि एक युवक उसकी बहन को बहला फुसला कर भगा ले गया। पुलिस ने इस मामले में युवती की गुमशुदगी दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### अवैध खनन में हाइवा सीज

**खटीमा :** वन विभाग ने अवैध रूप से उप खनिज ढोने वाले एक हाइवा ट्रक को सीज कर दिया। प्रभागीय वनाधिकारी व उप प्रभागीय वनाधिकारी संचिता वर्मा के निर्देशों के अनुपालन में वन क्षेत्राधिकारी महेश चंद्र जोशी ने वन अपराधों पर नियंत्रण के लिए बुधवार को मुखबिर की सूचना मिलने पर डिप्टी रेंजर जागेश वर्मा के नेतृत्व में टीम गठित कर गश्त के लिए भेजा। गश्ती टीम ने सत्रहमील भगचूरी रोड पर वाहन संख्या पीबी 65एएस- 8299 को रोक कर वाहन चालक से उप खनिज संबंधित दस्तावेज दिखाने को कहा जो वाहन चालक उपखनिज संबंधित कोई भी प्रपत्र नहीं दिखा पाया। वन विभाग टीम ने अवैध रूप से बिना वैद्य प्रपत्रों के अभिवहन करने के अपराध में ट्रक को कब्जे में लेकर वन विश्राम गृह परिसर में सुरक्षित खड़ा करा दिया गया। रेंजर जोशी ने बताया कि उपखनिज से लदे वाहन को सीज कर दिया गया है। इस दौरान टीम में वन दरोगा धन सिंह अधिकारी, वन दरोगा जागेश्वर वर्मा, आकाश अनुज मिश्रा आदि शामिल थे।

### कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**खटीमा :** सड़क हादसे में मौत व घायल करने के मामले में पुलिस ने कार चालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। विशारतग बरेली उत्तर प्रदेश निवासी धीरेंद्र सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि 12 मई की रात्रि कार संख्या यूपी 25 डीटी 4933 के चालक द्वारा तेजी व लापरवाही गलत ढंग से गलत दिशा से बाइक संख्या यूपी 25 डीई 9861 को टक्कर मार दी। हादसे में उसका तहेरा भाई अहवरन सिंह व शिवम कुमार सिंह को घायल कर दिया। दोनों घायलों को एंबुलेंस 108 से उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने अहवरन सिंह को मृत्यु घोषित कर दिया तथा शिवम की हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रेफर कर दिया। पुलिस ने इस मामले में कार चालक के खिलाफ धारा 279, 304, 337 आईपीसी के तहत रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# घरों के पानी की निकासी नहीं होने पर शिवपुरम के लोगों ने किया प्रदर्शन

## नगर निगम की ओर से कराए जा रहे सड़क एवं नाली निर्माण के खिलाफ नाराजगी जताई

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** फुलसुंगा वार्ड नंबर एक स्थित शिवपुरम फेस वन के लोगों ने घरों के पानी की निकासी की व्यवस्था नहीं होने और नगर निगम की ओर से कराये जा रहे सड़क एवं नाली निर्माण के खिलाफ नाराजगी जतायी और प्रदर्शन किया। लोगों ने जल्द समस्या का समाधान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

गुरुवार को शिव पुरम कॉलोनी के लोगों ने बताया कि पिछले दो माह से निगम की ओर से क्षेत्र में सड़क के दोनों ओर नाली का निर्माण कराया गया है। इससे लोगों के घरों के पानी की निकासी नहीं हो पा रही है। इससे उनके घरों के आगे पानी भर रहा है और लोगों को आने जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि कई बार निगम के अधिकारियों को इसकी जानकारी भी दी, लेकिन उनकी समस्या का समाधान आज तक नहीं हुआ। मजबूर होकर उन्हें प्रदर्शन के लिए बाध्य होना पड़ रहा है।

इस अवसर पर पूनम शर्मा, बेबी कुमारी, रिंकू चौधरी, कुलजीत कौर, आशा पाठक, रोहित परिहार, वंदना सिंह, निशा गंगवार, राज कुमारी गंगवार, दुर्गा देवी, संजय सिंह, केके दास, मुकेश राठौर, अजय गुप्ता, सोनू त्यागी मौजूद रहे।



शिवपुरम में प्रदर्शन करते लोग। ● अमृत विचार

### गैबिया नाले की सफाई कराएं अधिकारी, जलभराव से निजात की मांग उठाई

**काशीपुर :** नगर निगम के वार्ड 35 में गैबिया नाले की सफाई को लेकर दर्जनों लोग भाजपा नेता दीपक बाली के नेतृत्व में एसडीएम से मिले। उनका कहना है कि हर साल गैबिया नाला बरसातों में उफान पर आ जाता है। इससे लोगों के घरों में पानी घुस जाता है। वहीं एसडीएम ने जल्द नाले की सफाई कराने का आश्वासन दिया है। गुरुवार को स्टेडियम के पीछे आरके कॉलोनी के दर्जनों लोग भाजपा नेता दीपक बाली और गगन कांबोज के साथ एसडीएम दफ्तर के बाहर पहुंचे। एसडीएम अभय प्रताप सिंह से मिलकर उन्होंने कहा कि वर्षों से उनकी कालोनी में से होकर गुजर रहे गैबिया नाले की सफाई न होने से बरसात के दिनों में भयंकर जल भराव हो जाता है। गंदगी की सफाई के लिए भी कोई भी अधिकारी तत्पर नहीं रहता है। कई बार तो स्थित यह आई है कि उन्हें जल भराव होने पर अपने बच्चों को लेकर घरों की छतों पर बैठकर दिन-रात काटने पड़े हैं। उप जिलाधिकारी ने नगर निगम के साथ मिलकर समस्या का समाधान करने की बात कही। दीपक बाली ने इस बारे में नगर आयुक्त विवेक राय से भी बात की। तय हुआ कि उप जिला अधिकारी और नगर आयुक्त जल्द मौके पर जाकर स्थिति को देखेंगे। समस्या के निदान के हर संभव प्रयास करेंगे।



एसडीएम से मिलते लोग। ● अमृत विचार

# वार्डों में कीटनाशक का छिड़काव करने की मांग

संवाददाता, रुद्रपुर

**मुखर**
- वार्डों में डोर-टू-डोर कूड़ा वाहन नहीं पहुंचने की शिकायत की
- भाजपा प्रदेश मंत्री ने एमएनए को सौंपा ज्ञापन

**अमृत विचारः** परिसीमन के बाद नगर निगम में जोड़े गये ग्रामीण क्षेत्र प्रीत विहार, बगवाड़ा, गंगापुर रोड-फुलसूंगी फुलसुंगा और भूररानी-मटकोटा में स्ट्रीट लाइट लगाए जाने समेत कई अन्य समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर भाजपा प्रदेश मंत्री विकाश शर्मा के नेतृत्व में क्षेत्रवासियों ने मुख्य नगर आयुक्त शिप्रा जोशी से मुलाकात की और उनकी समस्याओं का निराकरण करने की मांग उठाई।

गुरुवार को एमएनए से मुलाकात के दौरान भाजपा प्रदेश मंत्री ने कहा कि नगर निगम में जोड़े गए कुछ ग्रामीण क्षेत्रों में कॉलोनियों का निर्माण हो चुका है, लेकिन अभी तक इन क्षेत्रों में स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था नहीं की गई है। इससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा सभी वार्डों में कीटनाशक का छिड़काव करते की मांग की। ताकि डेंगू जैसी बीमारी से बचा जा सके।

उन्होंने कहा कि सभी पार्कों की साफ सफाई एवं लाइट की व्यवस्था, बच्चो के खेलने के लिए झूलों की व्यवस्था एवं युवाओं और महिलाओं के लिए ओपन जिम की व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि शिकायत मिल रही है कि कई बस्तियों में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन के लिए वाहन नियमित रूप से नहीं पहुंच रहा है। इस अवसर पर सुनील ठुकराल, सचिन छाबड़ा, देव शर्मा, हरजीत राठी, राजन राठौड़, सुभाष यादव, सुनील वाल्मीकि, भीमसेन गुप्ता, अशोक विश्वास मौजूद रहे।



एमएनए शिप्रा जोशी को समस्या बताते भाजपा नेता विकास शर्मा व अन्य।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भट्ट ने टटोली नब्ज

**खटीमाः** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट चंपावत से देहरादून जाते समय भाजपा नेता एवं पूर्व टीवीएस अध्यक्ष गोपाल बोरा के आवास पर रुके। जहां उन्होंने कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर कुशलक्षेम पूछी। साथ ही कार्यकर्ताओं से निकाय चुनाव में जुटने का आह्वान किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। भट्ट ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में विकास कार्य तेजी से हुए हैं। कहा कि मोदी के नेतृत्व में देश में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनने जा रही है। वहीं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी प्रदेश में विकास कार्यों को गति दी है। उन्होंने आगामी निकाय चुनाव को लेकर भी कार्यकर्ताओं के साथ चर्चा की। कहा कि भाजपा पूरे दमखम से निकाय चुनाव लड़ेगी। इस दौरान भाजपा वरिष्ठ नेता नवीन बोरा, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष जीवन धामी, भवानी भंडारी, ललित जोशी आदि मौजूद थे।

### नगला चेयरमैन पद के लिए अनुराधा ने की दावेदारी



**पंतनगर :** नगला नगरपालिका में चेयरमैन पद के लिए कांग्रेस से कई प्रत्याशी दावेदारी पेश कर रहे हैं। इसी क्रम में प्रदेश कांग्रेस कमेटी की पूर्व महासचिव व वरिष्ठ महिला नेत्री अनुराधा जोशी ने भी अपनी दावेदारी पेश की है। वार्ता में अनुराधा ने बताया कि उन्होंने पिछले 24 वर्षों से पार्टी से जुड़ी हैं। अगर पार्टी मौका देगी तो वह एकतरफा जीत दर्ज करेंगी। उनका उत्तराखंड आंदोलन सहित वर्ष 2022 के पंतनगर-किच्छा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को जीत दिलाने में भी उनका विशेष योगदान रहा है।

# पूर्व विधायक ने फर्जी वोटर आईडी बनाने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग उठाई

**आक्रोश**
- भाजपा नेताओं पर बीएलओ पर दबाव बनाने का आरोप
- डीएम को सौंपा ज्ञापन, कार्रवाई की उठाई मांग

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने विगत दिवस रुद्रपुर मुख्य वार्ड 28 में श्री सनातन धर्म कन्या इंटर कालेज में फर्जी वोटर कार्ड बनाने को लेकर जिलाधिकारी उदयराज सिंह से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने भाजपा नेताओं पर बीएलओ का दबाव बनाकर फर्जी वोटर आई बनाने का आरोप लगाया। साथ ही ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई।

गुरुवार को पूर्व विधायक ठुकराल और उनके भाई संजय ठुकराल कलेक्ट्रेट पहुंचे और जिलाधिकारी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि 15 मई तक मतदाता सूची में नाम चढ़ाने के लिए वार्डों में शिविर लगाए गए। उनका आरोप है कि अनेक वार्डों में सत्तारूढ़ पार्टी के नेताओं ने मतदान स्थलों पर तैनात बीएलओ पर अनैतिक दबाव डालकर बिना आधारकार्ड फर्जी वोट बनाने का कार्य किया है जो असंवैधानिक है।

उन्होंने बताया कि विगत दिवस भी भाजपा नेता यहां बीएलओ को दबाव में लेकर 175 आवेदन जमा कराए। इस पर कई लोगों ने आपत्ति जतायी और हंगामा काटा। इसके अलावा ट्रांजिट कैंप में भी उत्तर प्रदेश के लोगों को फर्जी आवेदन जमा किये गये हैं। उन्होंने कहा कि जिला मुख्यालय में इस प्रकार फर्जी वोट बनवाने वाले व बीएलओ पर दवाब डालने वाले सभी नेताओं के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए। साथ ही आपराधिक मुकदमा दर्ज करवाया जाए।



जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल। ● अमृत विचार

### नगला नगरपालिका में पंतनगर को मिलाना स्वीकार नहीं: यूकेडी

**पंतनगर।** यूकेडी के केंद्रीय उपाध्यक्ष आनंद सिंह असगोला की अध्यक्षता में पंतनगर में बैठक हुई। इसमें जिलाध्यक्ष एमसी पांडे ने कहा कि पंतनगर परिसर को नगला नगरपालिका में मिलाया जाना स्वीकार नहीं है। वह विवि में इस प्रकार के राजनैतिक परिदृश्य की निंदा करते हैं और सरकार से अनुरोध करते हैं कि पंतनगर विवि को नगरपालिका से मुक्त रखा जाए। पांडे ने कहा कि नगर पालिका में विवि को मिलाए जाने से सभी शिक्षक, अधिकारी और कर्मचारी नाराज हैं। जब से चुनाव की तैयारियां हुई हैं, तभी से परिसरवासी परेशान हैं और उनमें सरकार के प्रति असंतोष है। नगला नगर पालिका बनाते हुए विवि को भी शामिल कर 20 वार्ड बनाए गए हैं। जिसमे से लगभग 15 वार्ड विवि क्षेत्र में आते हैं।

# बिजली चोरी करने वाले पांच उपभोक्ताओं पर मुकदमा दर्ज

संवाददाता, रुद्रपुर

- यूपीसीएल की विजिलेंस टीम ने की कार्रवाई
- चार कॉमर्शियल व एक घरेलू उपभोक्ता शामिल

**अमृत विचारः** यूपीसीएल और यूपीसीएल की विजिलेंस टीम ने शहर के चार स्थानों पर बिजली चोरी के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान पांच उपभोक्ताओं को बिजली चोरी करते पकड़ा गया। इसमें चार कॉमर्शियल और एक घरेलू उपभोक्ता शामिल हैं। एसडीओ शहरी ने सभी के खिलाफ ट्रांजिट कैंप थाना और बगवाड़ा चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराई।

गुरुवार को यूपीसीएल के एसडीओ शहरी अंशुल मदान के नेतृत्व में यूपीसीएल की टीम और यूपीसीएल की विजिलेंस टीम ने किच्छा रोड पर तीन पानी के पास नईम अहमद, गंगापुर रोड में ओम प्रकाश, वरुण और सचिन के घर पर छापा मारा। सभी ने कॉमर्शियल कनेक्शन ले रहा था और बिजली के तार से सीधे बिजली की चोरी कर रहे थे। इसके बाद टीम ने कस्तूरी वाटिका निवासी देवेंद्र कुमार के घर की जांच की तो यहां घरेलू मीटर लगा हुआ था और मीटर से पहले कट लगाकर बिजली की चोरी की जा रही थी।

उन्होंने बताया कि उपभोक्ताओं द्वारा 5.5 किलोवाट की चोरी की जा रही थी। इससे यूपीसीएल को काफी राजस्व का नुकसान हो रहा था। उन्होंने बताया कि कब से बिजली की चोरी की जा रही थी इसकी रिपोर्ट तैयार की जा रही है। इसी के आधार पर सभी से जुर्माना वसूला जाएगा। फिलहाल उनकी ओर से बिजली चोरी करते पकड़े गये सभी उपभोक्ताओं के खिलाफ ट्रांजिट कैंप थाना और बगवाड़ा चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराई है। इस दौरान विजिलेंस इंस्पेक्टर शरद चौधरी, एसडीओ विजिलेंस अमित चंद्रा, जेई पारूल कुमार, लाइनमैन रूप बसंत मौजूद रहे।

# खुशी मेहरा रहीं विद्यालय टॉपर

**सफलता**
- किड्स पैराडाइज का सीबीएसई इंटरमीडिएट का परीक्षाफल रहा शत-प्रतिशत

संवाददाता, दिनेशपुर



खुशी मेहरा



मनकरन सिंह



नंदिनी रानी।

**अमृत विचारः** किड्स पैराडाइज स्कूल के विद्यार्थियों का सीबीएसई इंटरमीडिएट की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन रहा। विद्यालय के 7 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक पाकर विद्यालय का नाम रोशन किया। खुशी मेहरा 97.4 प्रतिशत अंक पाकर विद्यालय टॉपर रही।

मनकरन सिंह व नंदिनी रानी ने 94 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय स्थान पाया। 92.2 प्रतिशत अंकों के साथ हर्वेश कुमार, शोभित, पलक शर्मा, तृतीय स्थान पर रहे। इसके अलावा मुस्कान पवार ने 91.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

विगत वर्षों की भांति इस बार भी फिजिकल एजुकेशन में दो छात्रों ने अधिकतम 100 अंक प्राप्त किए। अंग्रेजी विषय में अधिकतम अंक 95, फिजिक्स में 90, केमिस्ट्री में 96, मैथ्स में 95, बायोलॉजी में 95, बिजनेस में 98, अकाउंट में 97 व इक्नोमिक्स में 97 अंक रहे। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक सत्येंद्र सिंह मान, प्रधानाचार्य जीपी होता, नपं पूर्व अध्यक्ष सीमा सरकार, त्रिलोक सिंह मलड़ा, बिजेन्द्र सिंह, राजेन्द्र सिंह, मदन सिंह, अमिता गंभीर, हेमंत कुमार, विश्वजीत सरकार, राजेंद्र सिंह मेहरा आदि ने मेधावी बच्चों को बधाई दी है।

# महिला ने बैंक पर लगाया एक लाख रुपये निकालने का आरोप

**रुद्रपुरः** दूधियानगर निवासी एक महिला ने एक बैंक पर उसके खाते से एक लाख रुपये निकालने का आरोप लगाया है। इसको लेकर पीड़ित महिला ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। दूधियानगर निवासी पूजा शर्मा पत्नी योगेश शर्मा ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा है कि उसने बैंक में लोन के लिए आवेदन किया था। पूरी कागजी कार्रवाई के बाद बैंक ने उसका लोन स्वीकार कर लिया था। 27 मार्च को उसके खाते में 1.25 लाख रुपये भी आ गए थे। बावजूद बैंक ने उसके खाते से एक लाख रुपये निकाल लिए। उसे केवल 25 हजार रुपये ही मिले। इसको लेकर कई बार बैंक में शिकायत भी की लेकिन उसे एक लाख रुपये नहीं दिए गए। बीते दिन जब वह बैंक गई तो पता चला कि पूर्व बैंक मैनेजर रुपये लेकर भाग गया है।

# दरोगा का अभद्रता करते वीडियो वायरल

- देर रात चोरपानी चेकपोस्ट का मामला, मारपीट और मोबाइल तोड़ने का भी आरोप

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** मित्र पुलिस के एक दरोगा पर ही ट्रैवलर व्यापारी ने चेकिंग के नाम पर अभद्रता और मारपीट करने का आरोप लगाया है। बुधवार देर रात हुई इस घटना का व्यापारी ने वीडियो भी वायरल किया है।

> प्रकरण की सूचना किसी व्यक्ति के जरिये मिली है। कोतवाली से इसकी जानकारी मांगी गई है। तहरीर मिलने पर घटना की जांच कराई जाएगी और दोषी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। -**भूपेंद्र सिंह भंडारी,** सीओ, रामनगर

मूल रूप से धूमाकोट के रहने वाले सारंग गौनियाल कानिया में रहते हैं। सारंग के अनुसार गांव में बाघ का आतंक होने के कारण वह अपने कुत्तों को कोसी बैराज घुमाकर कार से घर आ रहे थे। बुधवार की रात लौटते समय करीब 11 बजे उसे चोरपानी चेकपोस्ट पर पुलिस टीम ने रोका और पूछताछ की। पूछताछ में संतुष्टि के बाद एसआई जोगा सिंह ने उसे जाने को कहा, उसने जाने के लिए कार स्टार्ट की तो एक अन्य दरोगा ने कार के कागज मांगे। सारंग के मुताबिक उसने अपनी मां के नाम से रजिस्टर्ड कार के कागज दिखाये तो उक्त दरोगा ने मां के प्रति अभद्र बात कह दी। आरोप है कि उसने आपत्ति जताई तो दरोगा ने उसे थप्पड़ मार दिए। सारंग के अनुसार, उसने मोबाइल पर घटना रिकार्ड करनी चाही तो उसका मोबाइल छीनकर पटक दिया। सारंग का कहना है कि दूसरे दरोगा जोगा सिंह ने उसे बचाया। सारंग ने घटनाक्रम की जानकारी एसएसपी को उनके वाट्सएप पर भी भेजी है।

# डॉ. केसी पंत बने मुख्य चिकित्साधिकारी



**खटीमाः** नागरिक अस्पताल में डॉ. केसी पंत को मुख्य चिकित्साधीक्षक नियुक्त किया गया। उनकी नियुक्ति पर अस्पताल के चिकित्सकों, जनप्रतिनिधियों व स्थानीय लोगों ने बधाई दी। मुख्य चिकित्साधीक्षक नियुक्त किये जाने के बाद गुरुवार को डॉ. पंत ने पदभार ग्रहण कर किया। पदभार ग्रहण करने के बाद अस्पताल स्टाफ ने डॉ. पंत का माल्यार्पण कर स्वागत किया। डॉ. पंत ने कहा कि मरीजो को बेहतर सुविधा दिलाना व अस्पताल की बेहतरी के प्रयास उनकी प्रथामिकता होगी। 30 अप्रैल को उप जिला चिकित्सालय की सीएमसी डॉ. सुषमा नेगी के सेवानिवृत्त होने के बाद डॉ. पीके ठाकुर को प्रभारी सीएमएस नियुक्त किया गया था।

# तराई में पानी का संकट, सूखने लगे नल, फुंकने लगीं मोटरें

## काशीपुर के ग्रामीण क्षेत्रों में जलस्तर के गिरते ही लोग हो रहे परेशान, एसडीएम बोले-जलसंस्थान से कराएंगे वैकल्पिक व्यवस्था

परेशानी

**30** से 40 फीट जमीन में पाइप डालकर लगाए गए हैं नल, नलों के जरिए ही मोटरें भी लगाई हैं जिससे बेहतर पानी मिल सके

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** तराई में तापमान बढ़ने ही पानी का संकट होने लगा है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में लगाए गए नल सूखने लगे हैं। पानी की मोटरें भी घंटों चलाने के बाद भी पानी नहीं उठा पा रही हैं। इससे लोग खासे परेशान हैं।

मैदान का तापमान लगातार बढ़ रहा है। वहीं दिनों दिन पानी का संकट पैदा हो गया है। काशीपुर के धनौरी, केलामोड़, कचनाल गाजी, मानपुर समेत कई जगहों पर लोगों के लगाए नल तक सूख गए हैं। लोगों का कहना है कि उन्होंने अपने नल 30 से 40 फीट जमीन में पाइप डालकर लगाए हैं। नलों के जरिए ही मोटरें भी लगाई हैं जिससे बेहतर पानी मिल सके। कचनाल गाजी की विमला देवी, मानपुर की दया अरोरा, धनौरी की तुलसी देवी का कहना है कि उनके नल सूख गए हैं।

बताया कि नल कई घंटे चलाने के बाद भी पानी नहीं आ रहे हैं। जिन नलों में पानी आ रहा है, वहां पर पानी की मोटरें पानी नहीं उठा पा रही हैं। इससे कई लोगों की मोटरें खराब हो गई हैं। बताया कि मोटर कई घंटों तक चलाने पर भी पानी नहीं आ रहा है। इससे लोगों के सामने पेयजल का संकट गहरा गया है। बताया कि आस-पास हैंडपंपों से लोग पीने का पानी ला रहे हैं। एसडीएम अभय प्रताप सिंह ने बताया कि पानी का संकट किसी भी दशा में नहीं होने दिया जाएगा। जलसंस्थान से पानी की व्यवस्था कराई जाएगी।

वहीं जल संस्थान के ईई मनोज गंगवार ने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत लोगों को तुरंत ही पेयजल का कनेक्शन दिया जा रहा है। बताया कि तराई में 40 फीट में ही पानी आ जाता है।


कचनालगाजी में सूखा नल।


धनौरी में नल सूखने से परेशान हैं लोग।

# बस स्टैंडों पर पानी की व्यवस्था नहीं

सुशील चौहान, जसपुर

**अमृत विचार:** प्राइवेट बस स्टैंडों पर पेयजल की उचित व्यवस्था न होने के कारण भीषण गर्मी में यात्री बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। लेकिन कोई सुध लेने वाला नहीं है।

जसपुर लगभग 1 लाख आबादी वाला नगर है। व्यावसायिक दृष्टि से जसपुर काफी ख्याति प्राप्त है। यहां देश की सबसे बड़ी लकड़ी मंडी है। यहां ब्लॉक, परगना, तहसील, कृषि उत्पादन मंडी समिति, रजिस्टार ऑफिस, सप्लाई ऑफिस, न्यायालय, वेयरहाउस है। वहीं यह नगर उत्तर प्रदेश की सीमा से सटा हुआ है। इसके कारण यहां जसपुर नगर व ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के अलावा बाहरी लोगों का भी काफी आवागमन रहता है। यहां तीन प्राइवेट बस स्टैंड हैं। लेकिन तीनों में से किसी भी बस स्टैंड पर पीने के पानी की उचित व्यवस्था नहीं है। नगर के ठाकुरद्वारा प्राइवेट बस स्टैंड पर रिक्शा स्टैंड भी बना हुआ है। यहां काफी यात्री आते हैं। इसके अलावा यहां फल आदि की दुकानें, जलपान की दुकानें व होटल होने के कारण लोगों की काफी भीड़ रहती है। इसके बावजूद यहां लोगों के पानी पीने के लिए कोई व्यवस्था नहीं है। नगर पालिका प्रशासन द्वारा लगाया गया स्थायी प्याऊ करीब 2 वर्ष पहले किसी वाहन ने तोड़ दिया था। जिसे आज तक ठीक नहीं कराया जा सका। यहां लगे दो इंडियामार्का हैंडपंप बरसों पहले टूट चुके हैं। इनके मात्र निशान दिखाई दे रहे हैं। एक इंडिया मार्का हैंडपंप व एक अन्य हैंड पंप टूटा पड़ा है। इस बस स्टैंड पर पेयजल विभाग की टोंटी लगी हुई है। जिसमें कई-कई दिन तक पानी नहीं आता है। लोगों ने बताया कि अब भी इस टोंटी में दो-तीन दिन से पानी नहीं आ रहा है। नगर के प्रमुख व व्यस्त स्थान पृथ्वीराज चौहान चौक स्थित प्राइवेट बस स्टैंड पर भी एक हैंडपंप टूटा पड़ा है। इसके अलावा नगर के दूसरे प्रमुख व व्यस्त स्थान सुभाष चौक स्थित प्राइवेट बस स्टैंड पर भी पेयजल उचित व्यवस्था नहीं है। इसके कारण यात्री व उक्त स्थानों से गुजरने वाले लोग पीने के पानी के लिए तरसते नजर आ रहे हैं।



जसपुर के ठाकुरद्वारा प्राइवेट बस स्टैंड पर टूटे पड़े हैंडपंप। ● अमृत विचार


बरसों पहले टूटे दो अन्य हैंड पंपों के निशान।

## सार-संक्षेप


नानकमत्ता में कलश यात्रा निकालतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

### भागवत कथा से पहले महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली

**नानकमत्ता** : श्रीमद् भागवत कथा से पहले महिलाओं ने कड़कती धूप में बाऊली साहिब से गंगा जल लेकर कलश यात्रा निकाली। नंदीश्वर मंदिर में 17 मई से होने वाली श्रीमद् भागवत कथा के शुभारम्भ के लिए ग्रामीण महिलाओं ने पवित्र बाऊली साहिब में पूजा अर्चना कर गंगा जल भरकर कलश यात्रा निकाली।


अस्पताल में अग्निशमन उपकरणों की जांच करते दमकल कर्मचारी। ● अमृत विचार

### अस्पतालों में फायर उपकरणों की जांच की

**जसपुर :** भीषण गर्मी के कारण बढ़ती आग की घटनाओं की आशंका के मद्देनजर दमकल विभाग ने जागरूकता अभियान शुरू कर दिया है। गुरुवार को स्थानीय प्रभारी अग्निशमन अधिकारी श्याम बहादुर थापा के निर्देशन में एलएफएम रमेश चंद्र ने जसपुर क्षेत्र के राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, एमपी सिंह नर्सिंग का फायर ऑडिट किया। उन्होंने नर्सिंग होम में लगे अग्निशमन उपकरणों की कार्यशीलता को चेक किया। अस्पताल व नर्सिंग होम के स्टाफ को प्राथमिक अग्निशमन उपकरणों के प्रयोग की जानकारी दी गई।



काशीपुर के कांग्रेस कार्यालय में बैठक लेते लोकसभा प्रत्याशी प्रकाश जोशी।

### मतगणना की तैयारियों को लेकर कांग्रेसियों ने किया मंथन

**काशीपुर** : कांग्रेस नव चेतना भवन स्थित कार्यालय में गुरुवार को लोकसभा प्रत्याशी प्रकाश जोशी ने कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। बैठक में आगामी चार जून को लोकसभा चुनाव की मतगणना की तैयारियों को लेकर दिशा निर्देश दिए गए। बताया कि चार जून को उन्हें विश्वास है कि इंडिया गठबंधन की सरकार ही बनने जा रही है। इस दौरान पूर्व विधायक संजीव आर्य, महानगर अध्यक्ष मुशर्रफ हुसैन, वरिष्ठ कांग्रेसी अनुपम शर्मा, सुशील गुड़िया, मुक्ता सिंह, इंदुमान, विमल गुड़िया, उमेश जोशी एडवोकेट, अरुण चौहान, मनोज जोशी आदि मौजूद थे।


गंगेबाबा मंदिर में आयोजित भंडारे में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

### काशीपुर में गंगेबाबा मंदिर में भंडारे का आयोजन

**काशीपुर** : गंगेबाबा में चल रहे तीन दिवसीय राम चरित मानस पाठ का गुरुवार को समापन हुआ। आश्रम के महंत श्रीश्री 1008 श्री लखन दास महाराज ने बताया कि प्राचीन मठ गंगेबाबा मंदिर में चल रहे तीन दिवसीय राम चरित मानस अखंड पाठ का गुरुवार को हवन पूजन के साथ भंडारे का समापन किया गया।


संत निरंकारी मिशन के क्षेत्रीय प्रमुख गुरदीप सिंह की कथा सुनते श्रद्धालु।

### सेवा भाव को अपनाकर जीना ही वास्तविक भक्ति

**बाजपुर :** ग्राम चकरपुर में संत निरंकारी मिशन के क्षेत्रीय प्रमुख गुरदीप सिंह की अध्यक्षता में एस दिवाकर के घर सत्संग का आयोजन किया गया। सत्संग में गुरदीप सिंह ने कहा कि सेवा भाव को अपनाकर जीना ही वास्तविक भक्ति है। मानव जीवन बड़े भाग्य से मिलता है। इस मौके पर सत्संग का संचालक रतन सिंह, संचालिका राजकुमारी, सुरेश, जसवंत, काजल, संगीता, सरिता, शीतल, जमुना आदि मौजूद रही।


निशान साहिब का चोला परिवर्तन कर अरदास करते बाबा बलजीत सिंह।

### बाबा बुड्ढा साहिब जी की याद में 56 वां सलाना सत्संग शुरू

**बाजपुर :** बाबा बुड्ढा साहिब जी की याद में 56 वां सलाना सत्संग शुरू हो गया है। संगत के सहयोग व प्रमुख सेवादार बाबा बलजीत सिंह की अगुवाई में गुरुवार को निशान साहिब का चोला परिवर्तन किया गया। श्री संपुट साप्ताहिक अखंडपाठ प्रात दस बजे से प्रारंभ किए गए। इस मौके पर उपेन्द्र सिंह, सुखविंदर सिंह, जगजीत सिंह, लखविंदर सिंह, बलविंदर सिंह, कुलविंदर सिंह, भूपेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# विजेताओं को किया सम्मानित

आयोजन

- हांगकांग में आयोजित हुई थी एशियन पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** उत्तराखंड स्टेट पॉवर लिफ्टिंग एसोसिएशन ने हांगकांग से गोल्ड, सिल्वर समेत अन्य मेडल लेकर लौटे खिलाड़ियों को सम्मानित किया है। हांगकांग में छह से 12 मई तक चैंपियनशिप आयोजित की गई थी।

बीते बुधवार देर शाम को स्टेशन रोड आर्यनगर स्थित केसी सिंह बाबा व्यायामशाला में एक सम्मान समारोह में पदक लेकर आये उत्तराखंड के पांच खिलाड़ियों का स्मृति चिन्ह व फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया। इनमें सचिन ठाकुर ने स्वर्ण, मोहम्मद समीर व हिमेश कुमार ने जूनियर वर्ग में रजत व जसविंदर कौर ने ओपन वर्ग में कांस्य पदक व आसिफ ने कांस्य पदक प्राप्त किया है। पावर लिफ्टिंग में देश का प्रतिनिधित्व करने वाले प्रदेश के खिलाड़ी मोनिका तलवार, सुजाता कौल, इशान तलवार और मोहम्मद सलमान को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद केसी सिंह बाबा और एसपी सिटी अभय सिंह ने खिलाड़ियों की हौसलाअफजाई की। कार्यक्रम का संचालन एसोसिएशन के सचिव फैयाज अहमद ने किया। पृथ्वी सेन गुप्ता, विजेंद्र चौधरी आदि मौजूद रहे।


पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित करते मुख्य अतिथि व अन्य।

# छापामार कार्रवाई के बाद शराब कंपनी ने मांगा चार दिन का समय

संवाददाता, रुद्रपुर

कार्रवाई

- सोमवार को दिखाएंगे स्टॉक के कागजात
- विगत दिवस राज्य कर विभाग की टीम ने कंपनी में मारा था छापा

**अमृत विचार:** विगत दिवस काशीपुर में छापामार कार्रवाई के बाद शराब कंपनी ने विभाग से चार दिन का समय मांगा है। सोमवार को कंपनी स्टॉक के कागजात प्रस्तुत करेगी। इसके बाद ही विभाग कंपनी पर टैक्स की राशि तय करेगा। हालांकि कार्रवाई के दौरान कंपनी ने विभाग को पांच लाख रुपये जमा कर दिए थे।

बुधवार को राज्य कर विभाग के अपर आयुक्त राकेश वर्मा के निर्देश पर विशेष अनुसंधान शाखा (एसआईबी) के डिप्टी कमिश्नर विनय प्रकाश ओझा के नेतृत्व में टीम ने काशीपुर में शराब बनाने वाली कंपनी में छापेमारी की थी। काशीपुर में बेवरेजेज प्राइवेट लिमिटेड कंपनी पिछले कई साल से वैट टैक्स जमा नहीं कर रही थी। इस दौरान टीम ने करीब 2 हजार पेटी शराब के स्टॉक का रिकॉर्ड अपने कब्जे में लिया। साथ ही आबकारी विभाग के अधिकारियों को बुलाकर टैक्स जमा नहीं करने तक शराब की सप्लाई बंद करने के निर्देश दिए थे।

विशेष अनुसंधान शाखा (एसआईबी) के डिप्टी कमिश्नर ने बताया कि कंपनी रॉयल पार्टी और यूके नंबर वन की शराब का उत्पादन करती है और बाजार में सप्लाई करती है। पिछले करीब सात साल से कंपनी ने टैक्स भी जमा नहीं किया है। उन्होंने बताया कि कंपनी ने विभाग से चार दिन का समय मांगा है। सोमवार को कंपनी स्टॉक के कागजात दिखाएगी इसके बाद ही टैक्स लगाया जाएगा और वसूला जाएगा।

# सिविल जज जूनियर डिवीजन बनने पर गुंजन सिसोदिया का स्वागत किया


काशीपुर में गुंजन सिसोदिया का स्वागत करते बार एसोसिएशन के सदस्य।

**काशीपुर :** बार एसोसिएशन की सदस्य गुंजन सिसोदिया के सिविल जज जूनियर डिवीजन बनने पर स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। गुरुवार को बार भवन में आयोजित कार्यक्रम में अध्यक्ष अवधेश चौबे ने कहा कि एसोसिएशन के सदस्य उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति के साथ- साथ जिला जज व अन्य न्यायिक अधिकारी के रूप में काशीपुर बार एसोसिएशन का मान बढ़ा रहे हैं। वरिष्ठ अधिवक्ता शैलेंद्र कुमार मिश्रा ने कहा कि गुंजन सिसोदिया ने सिविल जज बनकर काशीपुर बार एसोसिएशन व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस मौके पर सचिव नृपेंद्र चौधरी, उपाध्यक्ष अनूप शर्मा, उपसचिव सूरज कुमार, कोषाध्यक्ष सौरभ शर्मा ,ऑडिटर हिमांशु विश्नोई, पुस्तकालय अध्यक्ष सतपाल सिंह बल, कामिनी श्रीवास्तव, भास्कर त्यागी मौजूद रहे।

## बाजार से घर जा रही महिला से चेन लूटने का प्रयास

**रुद्रपुर:** गंगापुर रोड पर एक महिला से बाइक सवारों ने चेन लूटने का प्रयास किया। इस बीच महिला और उसकी पुत्री के शोर मचाने पर बाइक सवार वहां से फरार हो गये। शास्त्री नगर ट्रांजिट कैंप निवासी महिला बुधवार को अपनी पुत्री के साथ बाजार में खरीदारी करने बाजार गई थी। शाम साढ़े सात बजे वह पैदल ही घर को जा रहे थे। बताया जा रहा है कि जब वह गंगापुर रोड पर पहुंचे तो पीछे से आ रहे बाइक सवार युवकों ने महिला के आगे बाइक रोक ली। इस दौरान बाइक सवार युवकों ने महिला के गले से सोने का चेन झपटने का प्रयास किया। यह देख महिला और उसकी पुत्री ने शोर मचाया तो वहां राहगीर एकत्रित होने लगे। इससे पहले ही बाइक सवार मौके से फरार हो गए।

# प्रवेश व समर्थ पोर्टल को लेकर चर्चा

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. डीसी पंत के नेतृत्व में प्रवेश और समर्थ पोर्टल से संबंधित विषय को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस दौरान समर्थ पोर्टल में प्रवेश को सत्यापित करने के लिए अपने-अपने विचार रखे गए।

गुरुवार को बैठक के दौरान प्राचार्य डॉ. पंत ने सभी प्राध्यापकों से प्रवेश और समर्थ पोर्टल में प्रवेश को सत्यापित करने के लिए प्रवेश नियमावली पर विशेष ध्यान रखने की सलाह दी। डॉ. भारत पांडे ने समर्थ के पोर्टल में प्रवेश को सत्यापित करने के लिए अपने विचार रखे।, डॉ. सुरेंद्र विक्रम सिंह पडियार ने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रवेश नियमावली, अलग-अलग संकाय में संचालित होने वाले वोकेशनल कोर्स और माइनर विषय कौन से सेमेस्टर में पाठ्यक्रम के अनुसार संचालित है और किन-किन महत्वपूर्ण बिंदुओं से छात्र-छात्राओं को जागरूक करना है। इस पर अपना प्रस्तुतीकरण दिया।

इसके साथ ही डीएससी, डीएसई, जनरल इलेक्टिव आदि कोर्स किस प्रकार के हो सकते हैं इस पर भी अपने विचार रखे। प्रवेश एडमिन प्रो. पीएन तिवारी ने प्रवेश से संबंधित विषय पर महाविद्यालय के प्राध्यापकों को जानकारी दी। इस अवसर पर प्रो.सरबजीत , प्रो. हरीश चंद्रा, प्रो.पूनम रौतेला, प्रो. अमिता चौरसिया सहित सभी संकाय व विभागों के विभाग प्रभारी और समर्थ पोर्टल के महाविद्यालय नोडल अधिकारी के साथ सभी सदस्य उपस्थित रहे।


बैठक में मौजूद प्राचार्य डॉ. पंत और अन्य। ● अमृत विचार

आकर्षण — संस्कृति संस्था ने किया फैशन शो व फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन, विजेता महिलाओं को मिले पुरस्कार

# 70 के दशक की अभिनेत्रियां बनकर महिलाओं ने बिखेरा जलवा

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार:** संस्कृति संस्था के तत्वावधान में मदर्स डे के उपलक्ष्य में महिलाओं के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को आकर्षक पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

संस्कृति संस्था के बैनर तले रुद्रपुर मार्ग स्थित एक होटल में महिलाओं के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इससे पूर्व कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जसमीत कौर तलवार, डॉ. पूजा अरोरा, अग्रवाल महिला समिति अध्यक्ष मंजू गोयल एवं डॉ. आंचल ढींगड़ा ने संयुक्त रूप से भगवान गणेश की मूर्ति के सम्मुख दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान फैंसी ड्रेस कंपटीशन, सवाल जवाब प्रतियोगिता, तंबोला गेम, फैशन शो आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इस दौरान 1970 के दशक की पुरानी फिल्मी हीरोइन की थीम पर दर्जनों महिलाओं ने उनकी वेशभूषा एवं हेयर स्टाइल कर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। कार्यक्रम संयोजक शीना चौधरी एवं सलोनी गोयल ने कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका आभार जताया। कार्यक्रम में रुपिंदर कौर, पूनम अग्रवाल, नीतू चावला, अंजिता सिंह, डॉ मेदिनी गुप्ता, पूजा अग्रवाल, अल्पना अग्रवाल, आरती सिडाना, सोनम सिडाना, कंचन गोयल, लता सिंह, सिम्मी सिंह, सोनी सिंह आदि मौजूद रहे।



कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागी को सम्मानित करतीं अतिथि। ● अमृत विचार


किच्छा में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित महिलाएं। ● अमृत विचार

## राजकीय शिक्षक संघ के आनंद भास्कर बने अध्यक्ष



**शक्तिफार्म :** राजकीय शिक्षक संघ की राजकीय इंटर कॉलेज शक्तिफार्म शाखा के पदाधिकारियों का निर्विरोध चयन किया गया। पूर्व अध्यक्ष विनोद कुमार ने पुरानी कार्यकारिणी भंग करने के उपरांत निर्वाचन अधिकारी प्रधानाचार्य बालमुकुंद तिवारी की अध्यक्षता में नई कार्यकारिणी का निर्विरोध चयन किया गया। इसमें आनन्द भास्कर अध्यक्ष, शंकर सुवन उपाध्यक्ष, जगदीश प्रसाद मंत्री, कैलाश चंद्र उनियाल संयुक्त मंत्री, महिपाल सिंह बर्गली कोषाध्यक्ष चुने गए। प्रधानाचार्य बालमुकुंद तिवारी की अध्यक्षता में शक्तिफार्म शाखा के समस्त पदाधिकारियों ने अपने अपने विचार रखे।

# गर्मियों में दूषित पानी पिला रहा जल संस्थान

## मजबूरी में नौले-धारों से पीने के लिए पानी ढोने को मजबूर हैं लोग, गुस्साए लोगों ने दी आंदोलन की चेतावनी

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** गर्मियों के मौसम में जल संस्थान उपभोक्ताओं को स्वच्छ पेयजल मुहैया कराने में पूरी तरह नाकाम साबित हुआ है। पिछले चार पांच दिनों से अल्मोड़ा नगर ही बल्कि आसपास के इलाकों में दूषित और बदबूदार पानी की आपूर्ति हो रही है। लेकिन विभाग अभी तक उपभोक्ताओं की इस समस्या को दूर करने में नाकाम साबित हुआ है। प्रदूषित पानी से जहां नगर में संक्रामक रोगों के फैलने की आशंका बढ़ गई है। वहीं मजबूरी में लोगों को दूरदराज के इलाकों में स्थित नौले धारों से पीने के पानी की व्यवस्था करनी पड़ रही है।

बीते गुरुवार को हुई बारिश के बाद नगर में करीब तीन दिन पेयजल की आपूर्ति पूरी तरह ठप रही। जल संस्थान के कर्मचारी कोसी बैराज में सिल्ट आने की बात कहकर आपूर्ति सुचारू करने की मांग से अपना पल्ला झाड़ते रहे। करीब चार दिन बाद बमुश्किल पानी की आपूर्ति शुरू तो हुई। लेकिन मटमैला और बदबूदार पानी घरों में आने से लोगों की दिक्कतें और बढ़ गई। नगर के उपभोक्ताओं ने विभाग के अधिकारियों ने दूषित पानी आपूर्ति होने की कई बार शिकायत की। लेकिन विभाग के अधिकारी आज तक स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए कोई कार्रवाई नहीं कर पाए। उपभोक्ताओं का कहना है कि विभाग द्वारा जो पानी घरों में आपूर्ति किया जा रहा है। वह पीने तो दूर नहाने और कपड़े धोने के लायक तक नहीं है। मजबूरी में पिछले कई दिनों ने नगर के लोग स्वच्छ पेयजल के लिए दूरदराज के इलाकों की दौड़ लगाकर निजी वाहनों से पानी ढोने को मजबूर हैं। उपभोक्ताओं ने आरोप लगाया कि पिछले कुछ दिनों से मौसम भी ठीक है। लेकिन इसके बाद भी विभाग उपभोक्ताओं को साफ पानी मुहैया नहीं करा पा रहा है। उपभोक्ताओं ने चेतावनी दी है कि अगर शीघ्र नगर में स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुचारू नहीं की गई तो वह विभागीय अधिकारियों का घेराव करने से भी कोई गुरेज नहीं करेंगे।

### सार्वजनिक नल बंद करने से गुस्साए ग्रामीण



**अल्मोड़ा :** सीमांत जिले पिथौरागढ़ के कुमौड़ क्षेत्र में पानी के सार्वजनिक नल को बंद किए जाने से स्थानीय लोगों में खासा आक्रोश व्याप्त है। नाराज ग्रामीणों ने इस संबंध में निवर्तमान सभासद नीरज कुमार के नेतृत्व में जल संस्थान के अधिशासी अभियंता को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान नीरज कुमार ने कहा कि कुमौड़ क्षेत्र में करीब पांच दशक से सावर्जनिक नल लगा हुआ था। जिसे कुछ दिन पूर्व विभागीय कर्मचारियों ने बंद कर दिया है। उन्होंने कहा कि बीपीएल परिवार के कई लोग पानी के लिए इस सावर्जनिक नल पर ही निर्भर हैं। सावर्जनिक नल बंद करने से लोगों को खासी दिक्कत उठानी पड़ रही है। निवर्तमान सभासद नीरज ने विभाग पर अनुसूचित जाति बस्ती के ही स्टैंड पोस्ट बंद करने का भी आरोप लगाया है। उनका कहना है कि इस तरह की कार्रवाई उक्त वर्ग के साथ भेदभाव को दिखाता है। जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा है कि अगर शीघ्र ही सार्वजनिक नल को पूर्व की तरह सुचारू नहीं किया तो वह आमजन को साथ लेकर आंदोलन करेंगे।

### रिस्कन घाटी के ग्रामीणों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**अल्मोड़ा :** द्वाराहाट की रिस्कन घाटी संघर्ष समिति ने एसडीएम से बीते दिनों हुई अतिवृष्टि के दौरान क्षतिग्रस्त हुई पेयजल योजनाओं को दुरुस्त करने की मांग की है। समिति का शिष्टमंडल इस संबंध में एसडीएम सुनील कुमार से मिला। शिष्टमंडल के सदस्यों ने उन्हें बताया कि बीते दिनों हुई अतिवृष्टि के कारण खलना पेयजल योजना, सुवाली पेयजल योजना, बेढ़ली पेयजल योजना और रणा पेयजल योजनाओं को नुकसान पहुंचा है। पेयजल योजनाओं के क्षतिग्रस्त होने से पानी की आपूर्ति बाधित हो गई है। जिस कारण ग्रामीणों को पानी नहीं मिल पा रहा है। पानी नहीं मिलने से उन्हें दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन अब तक क्षतिग्रस्त योजनाओं को ठीक नहीं किया जा सका है। सदस्यों ने एसडीएम से पेयजल योजनाओं को ठीक करने की मांग की। ताकि पानी की आपूर्ति सुचारू रूप से हो सके। यहां ज्ञापन देने वालों में रिस्कन घाटी संघर्ष समिति अध्यक्ष हरवंश बिष्ट, पूर्व ग्राम प्रधान महेश पंत, रमेश पुजारी, जीवन सिंह आदि मौजूद रहे।

## आपदा पीड़ितों को मुआवजा देने की मांग

**अल्मोड़ा :** उत्तराखंड बेरोजगार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष बॉबी पंवार ने बीते दिनों सोमेश्वर के चनौदा में बादल फटने से हुए नुकसान के बाद आपदा प्रभावित क्षेत्र का मुआयना किया और आपदा पीड़ितों से मुलाकात भी की। उन्होंने सरकार से आपदा प्रभावितों को उचित मुआवजा देने की मांग भी उठाई।

भ्रमण के बाद लौटे पंवार ने कहा कि चनौदा क्षेत्र में आपदा से स्थानीय परिवारों, व्यापारियों तथा किसानों को भारी नुकसान पहुंचा है। लोगों के घर मलबे से पट गए हैं। दुकानों का सामान नष्ट हो गया है। इसके अलावा कास्तकारों की आलू, गेहूं, लहसुन, प्याज तथा धान की पौध की मलबे में दबकर तबाह हो गई है। उन्होंने सरकार द्वारा दिए गए मुआवजे की राशि को ऊंट के मुंह में जीरा बताते हुए कहा कि प्रशासन ने सबको मात्र पांच हजार रुपए प्रति व्यक्ति देकर आपदा पीड़ितों का मजाक बना रहा है। सरकारी मशीनरी ने आज तक नुकसान का सही आंकलन तक नहीं किया है।

# किशोरी से दुष्कर्म के मामले में रिश्ते का जीजा गिरफ्तार

- बुधवार को 16 वर्षीय किशोरी ने जिला अस्पताल में दिया था बालिका को जन्म
- पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस ने की कार्रवाई, जच्चा बच्चा अस्पताल में भर्ती

संवाददाता, बागेश्वर

**अमृत विचार :** बैजनाथ थाना अंतर्गत एक नाबालिग के मां बनने के मामले में पुलिस ने आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बालिका के प्रसव के बाद उसकी मां ने अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। आरोपी बालिका का रिश्ते का जीजा बताया जा रहा है।

बता दें कि बुधवार को 16 वर्षीय बालिका उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में आई तो चिकित्सकों ने उसके गर्भ में शिशु पाया। जिस पर उसका सुरक्षित प्रसव किया। उसने पुत्री को जन्म दिया। बालिका अभी जिला चिकित्सालय में है, जहां जच्चा-बच्चा स्वस्थ्य हैं।

इधर सूचना मिलने पर बालिका की मां ने बैजनाथ थाने में प्राथमिकी दर्ज की। जिस पर पुलिस ने मामले की जांच की। बयानों के आधार पर पुलिस ने मामला पोक्सो के तहत दर्ज करते हुए आरोपी कृष्ण कुमार पुत्र तिल राम निवासी कमोल को घर से गिरफ्तार कर लिया है।

थानाध्यक्ष प्रताप सिंह नगरकोटी ने पीड़िता के प्रसव के बाद देर सायं थाने में अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। पुलिस ने देर रात आरोपी का पता लगाकर उसे घर से ही गिरफ्तार कर लिया। गुरुवार को उसे न्यायालय में पेश किया तथा न्यायालय के आदेश के बाद उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

# ग्रीष्मकालीन शिविर का शुभारंभ

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** उत्तराखंड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के अंतर्गत मानसखंड विज्ञान केंद्र स्यालीधार में स्कूली बच्चों के लिए ग्रीष्मकालीन शुभारंभ हो गया है। शिविर में बच्चों को दैनिक जीवन में विज्ञान के प्रयोग के अलावा विभिन्न वैज्ञानिक गतिविधियों के बारे में जानकारी दी जा रही है।



मानसखंड विज्ञान केंद्र में वैज्ञानिक गतिविधियों में जुटे बच्चे। ● अमृत विचार

शिविर के शुभारंभ के दौरान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. नवीन चंद्र जोशी ने बच्चों को विज्ञान के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दैनिक जीवन में हम कई बार विज्ञान का उपयोग अपने विभिन्न कार्यों के लिए करते हैं। उन्होंने बताया कि यह शिविर कक्षा एक से बारहवीं कक्षा तक के बच्चों के लिए साइंटिफिक टॉय मेकिंग, लिटिल साइंटिस्ट, जूनियर साइंटिस्ट, लिटिल इंजीनियर, रोबोटिक्स एंड कोडिंग और साइंस ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स आदि उपविषयों को लेकर लगाया गया है। शिविर के दौरान केंद्रीय विद्यालय के एक से पांच तक के छात्रों को मापन, मैजिक ट्रिक्स, वीआर शो और तारामंडल की जानकारी दी गई।

## रेटिनोब्लास्टोमा रोग के बारे में किया जागरूक

**रानीखेत :** आंख के कैंसर रेटिनोब्लास्टोमा का उपचार समय रहते किया जा सकता है। यह बात श्री बाबा हैडाखान चैरिटेबल एंड रिसर्च हॉस्पिटल चिलियानौला के नेत्र विशेषज्ञ डॉ. अभय गुप्ता ने कही। उन्होंने बताया कि इस सप्ताह पूरी दुनिया में जागरूकता अभियान इस बीमारी को लेकर चलाया जा रहा है। कहां कि यह बीमारी किसी भी उम्र में हो सकती है। लेकिन यह बीमारी खासकर 3 वर्ष के बच्चों में अधिक होने की संभावना होती है। उन्होंने बताया कि इसके लक्षण काली पुतली का सफेद हो जाना, आंख बाहर को आना, आंख में लाली आना, आंख का तिरछा होना सहित नजर का कम हो जाना है। इस तरह के लक्षण किसी बच्चे में दिखे तो तुरंत नजदीकी चिकित्सालय में संपर्क कर समय रहते उपचार करना जरूरी है।

# 21 को मयूं गांव में होगा वट-पीपल विवाह

- पर्यावरण के प्रति जनता के लगाव को दर्शाता है वट विवाह

संवाददाता, बागेश्वर

**अमृत विचार :** सनातन परंपरा में आंचलिक संस्कृतियों के अनुरूप विभिन्न तरह के आयोजनों की विविधता देखने को मिलती है। इसी तरह की एक विविधता पीपल- वट वृक्ष विवाह का आयोजन आगामी 21 मई को यहां मयूँ गांव में होने जा रहा है। हिंदू धर्म शास्त्रों में पीपल व वट वृक्षों की विशेष मान्यता है।

जनपद के मयूं गांव निवासी स्व. धर्मानंद फुलारा की पत्नी बसन्ती फुलारा दिल्ली में रहती हैं। पहाड़ के साथ इस परिवार का सतत जुड़ाव रहा है। श्रीमती फुलारा ने बताया कि उनकी वृद्धा ननद मोहिनी देवी को भगवदकृपा से यह सद्प्रेरणा प्राप्त हुई है और 21 मई नृसिंह चतुर्दशी के दिन मयूं ग्राम में यह आयोजन होने जा रहा है। इस अनूठे वैवाहिक अनुष्ठान की तैयारियों में जुटे कमलकांत फुलारा, हरीश चंद्र फुलारा और प्रभा जोशी बताते हैं कि इस आयोजन के बहाने उनका पारिवारिक दायित्व तो पूरा होगा ही साथ में पर्यावरण संरक्षण का सामाजिक संदेश भी प्रसारित होगा। उन्होंने समस्त क्षेत्रवासियों से इस आयोजन का साक्षी बनने का आह्वान भी किया है।

### आपदा के दौरान केदारनाथ में फंसी रही थीं दो बहनें

कार्यक्रम की आयोजक बसन्ती फुलारा अपनी छोटी बहिन वैजयंती जोशी के साथ वर्ष 2013 की केदार आपदा दौरान केदारनाथ में फंसी रही थी और सकुशल लौट आई थी। ये दोनों वृद्धा बहिनें इस आयोजन में मौजूद रहेंगी।

"अश्वत्थ, पीपल का संस्कृत नाम है। सनातनी इसे पवित्र वृक्ष मानते हैं। हिन्दू धर्मग्रन्थों में इसका बहुत उल्लेख मिलता है। ऋग्वेद में इसे पीपल कहा गया है। बौद्ध ग्रन्थ इसे 'बोधि वृक्ष' कहते हैं। हिंदू सनातन संस्कृति में वृक्ष पूजन का विशेष महत्व है। गीता में भगवान श्री कृष्ण ने कहा था अश्वत्थ सर्ववृक्षाणाम अर्थात मैं सब वृक्षों में पीपल हूं। विवाहित पीपल वृक्ष के पूजन की ही परंपरा शास्त्र सम्मत है।
**-ज्योतिषाचार्य कैलाश चंद्र सुयाल**

"सनातन संस्कृति में पर्यावरणीय महत्व के पौध और वनस्पति के पूजन की परंपरा से इन्हें संरक्षण प्राप्त होता है। पीपल को वैज्ञानिक शब्दावली में फाइकस रेलीजियोसा नाम से जाना जाता है। पीपल वायुमंडल में सर्वाधिक कार्बन डाइऑक्साइड अवशोषक वनस्पति है अर्थात यह अधिकतम प्राणवायु ऑक्सीजन का संचार करता है। वट वृक्ष भी प्राणवायु प्रदाता है। इसीलिए वट सावित्री व्रत पूजा में वट वृक्ष के नीचे ही सावित्री के सतीत्व से सत्यवान की मृतप्राय देह के पुनर्जीवित होने का दृष्टांत मिलता है। **-हरीश जोशी** पर्यावरणविद

# बारातियों से मारपीट के मामले में करें कार्रवाई

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं ने बीते दिनों लमगड़ा थाना अंतर्गत एक विवाह समारोह के दौरान दलित समुदाय के लोगों के साथ मारपीट की घटना पर आक्रोश व्यक्त किया है।

उन्होंने पुलिस अधिकारियों से मामले में दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। भीम आर्मी के कुमाऊं मंडल संयोजक गोविंद बौद्ध के नेतृत्व में सीओ विमल प्रसाद से मिले एक शिष्टमंडल ने उन्हें बताया कि बीते दिनों सल्ला कफड़खान से एक बारात लमगड़ा विकास खंड के बघाड़ गांव में गई हुई थी। वापसी के दौरान कुछ लोगों ने बारातियों के साथ जमकर मारपीट की और उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी। जिससे पीड़ित पक्ष के लोग डरे हैं। संगठन के पदाधिकारियों ने सीओ सिटी से मामले में दस दिनों के अंदर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है। कार्यकर्ताओं ने कहा है कि अगर कार्रवाई नहीं की गई तो वह आंदोलन करेंगे। इधर सीओ विमल प्रसाद ने बताया कि मामले में थाना लमगड़ा में एससी एसटी एक्ट समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की तफ्तीश जारी है।

## मौन पालन से आत्मनिर्भर बन सकती हैं महिलाएं

**अल्मोड़ा :** नाबार्ड ने महिलाओं के लिए अल्मोड़ा में दस दिवसीय मौन पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया है। प्रशिक्षण के शुभारंभ पर अतिथियों ने कहा कि मौन पालन व्यवसाय शुरू कर महिलाएं जहां आत्मनिर्भर बन सकती हैं। वहीं इससे उनकी आर्थिकी में भी सुधार होगा। सामाजिक विकास एवं प्रबंध समिति के परिसर में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में नाबार्ड के डीडीएम गिरीश चंद्र पंत ने कहा कि महिलाओं को हवालबाग के कनाजबूंगा और अल्मोड़ा नगर में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। छह महीने के बाद प्रतिभागियों को दो दिवसीय रिफ्रेशर कोर्स और एक दिवसीय एक्सपोजर विजिट कराई जाएगी। प्रतिभागियों को आजीविका उपार्जन हेतु मधुमक्खी पालन व्यवसाय व इससे उत्पादित होने वाले शहद, पोलन, बी वैक्स, बी वेनम, मोम, रॉयल जेली आदि के बारे में जानकारी देने के बाद उन्हें मौन पालन व्यवसाय में निपुणता का प्रमाण पत्र दिया जाएगा।

# चम्पावत में 4 निकायों के 34 वार्डों में बनाए जाएंगे 40 बूथ

- हर बूथ में होंगी दो मतपेटियां एक में वार्ड मेंबर व दूसरे में अध्यक्ष के लिए डाले जाएंगे वोट
- मतदाता सूची को 20 मई तक तहसील व पालिका कार्यालय में देख सकेंगे नागरिक

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचार :** नगर निकाय चुनावों की भले ही अभी तिथि घोषित नहीं हुई है लेकिन अगले दो माह में समूची चुनाव प्रक्रिया पूरी होना तय है।

इसके मद्देनजर जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचस्थानी) डीएम नवनीत पांडेय ने बुधवार को बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की। डीएम ने कहा कि जिले के सभी चारों नगर निकाय क्षेत्रों (चम्पावत, लोहाघाट, टनकपुर नगर पालिका व बनबसा नगर पंचायत) में अध्यक्ष और सदस्यों के निर्वाचन प्रक्रिया के लिए अभी से रिटर्निंग अधिकारियों व सहायक रिटर्निंग अधिकारियों, जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट सहित मतदान कार्मिकों की तैनाती के लिए



चम्पावत में बैठक लेते जिलाधिकारी नवनीत पांडेय। ● अमृत विचार

उनके चिन्हीकरण एवं डाटा फीडिंग का कार्य कर ली जाए। इसके लिए विभागों से कार्मिकों की सूची लेते हुए एनआईसी में यह कार्य शुरू करने को कहा गया। राज्य निर्वाचन आयोग से प्राप्त दिशा निर्देशों के तहत कार्य करने की हिदायत दी गई। डीएम ने कहा कि मतदान में प्रयुक्त होने वाली मतपेटियों की ग्रीसींग आदि का कार्य करते हुए उन्हें तैयार रखें। जिले के चारों नगर निकाय क्षेत्र के 34 वार्डों में कुल 40 बूथ बनाए जाएंगे। प्रत्येक बूथ में दो मतपेटियां जाएगी। मतगणना तथा स्ट्रांग रूम संबंधित नगर निकाय क्षेत्र अंतर्गत ही होगी। नगर निकाय चुनाव के लिए जिले के चारों नगर निकाय क्षेत्र की मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन हो गया है। सूची संबंधित तहसील कार्यालय तथा नगर पालिका कार्यालय में रखी गई है 20 मई तक कोई भी मतदाता अवलोकन कर सकता है। निर्वाचन के लिए टेंट, बैरिकेडिंग, खानपान प्रबंध आदि सभी व्यवस्थाओं के टेंडर की प्रक्रिया भी आयोग से निर्देश प्राप्त होते ही करने को कहा गया। इसके अतिरिक्त नागर निर्वाचन अंतर्गत निर्वाचन सामग्री, प्रभारी अधिकारियों के तैनाती आदि के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी संजय कुमार सिंह, डीआइईओ (एनआईसी) मोहित शाह, पंचस्थानी चुनाव के संजीव रावत, सचिन वर्मा आदि मौजूद रहे।

## वर्ग पहेली-72

**बाएं से दाएं**

1.1. तेज़ दौड़ने वाला 2. फुरतीला।

3.1. कमल, पद्म, कुईं 2. कनकचंपा, कनिआरी 3. सारस 4. (पुराण) कुश द्वीप में स्थित एक पर्वत।

6.1. रास्ता भूलना 2. भ्रम में पड़ना 3. व्यर्थ में इधर-उधर घूमते फिरना, मारे-मारे फिरना 4. बहकना, गुमराह होना।

7. न्योछावर करना, उत्सर्ग करना।

8.1. नीति संबंधी, नीति का 2. नीति के अनुसार होने वाला (आचरण या व्यवहार)।


**ऊपर से नीचे**

2.1. बचकाना, शिशुओं के समान 2. शिशुओं को होने वाला

3.1. किसी पदार्थ या चीज़ में नीचे की तरफ़ से कुछ निकालने के लिए ऊपर की परत को हटाना, खुरचना 2. किसी कठोर सतह पर कुछ उत्कीर्ण करना, खरोंचना, उकेरना, उभारना 3. लकड़ी

4. परिवर्तन, बदलाव, क्रांति।

5.1. जलबेंत 2. एक प्राचीन माप (परिमाण)।



### वर्ग पहेली -71 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 गुं | | 2 रि | | | | |
| ज | | 3 का | नू | न | गो | |
| न | | र | | | | |
| | 4 मॉ | ड | लिं | 5 ग | | 6 मे |
| 7 लो | | | | 8 ज | मी | न |
| भी | | | | दं | | हो |
| | 9 ख़ु | रा | फ़ा | ती | | ल |

## सुडोकू -151

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | 2 | | | | |
| | 4 | | 5 | | | | | |
| | | | 3 | | | 8 | | |
| 2 | | | 9 | 7 | | | | |
| 8 | | | | | | | | 9 |
| | | | | 6 | 1 | | | |
| | | 6 | | | 4 | | 2 | |
| | | 3 | | | 5 | | | |
| | | 9 | | 8 | | | 7 | |

### सुडोकू -150 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 1 | 8 | 9 | 6 | 7 | 3 | 2 | 4 |
| 2 | 9 | 7 | 3 | 4 | 5 | 6 | 1 | 8 |
| 3 | 6 | 4 | 2 | 8 | 1 | 7 | 5 | 9 |
| 4 | 5 | 6 | 8 | 7 | 2 | 9 | 3 | 1 |
| 8 | 2 | 9 | 6 | 1 | 3 | 4 | 7 | 5 |
| 7 | 3 | 1 | 5 | 9 | 4 | 8 | 6 | 2 |
| 6 | 4 | 2 | 7 | 5 | 8 | 1 | 9 | 3 |
| 9 | 8 | 3 | 1 | 2 | 6 | 5 | 4 | 7 |
| 1 | 7 | 5 | 4 | 3 | 9 | 2 | 8 | 6 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 17 मई शुक्रवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-नवमी 08.48 तक तत्पश्चात दशमी।

**मेष** — आज व्यवसाय में आय बढ़ने से प्रसन्न रहेंगे। क्रोध व जल्दबाजी के कारण महत्वपूर्ण काम बिगड़ सकते हैं। प्रेमी जन को विवाह के लिए प्रपोज कर सकते हैं। वैवाहिक जीवन में उत्तम सामंजस्य रहेगा। बीमार लोगों के स्वास्थ्य में सुधार हो सकता है।

**वृष** — आज जीवनसाथी से अपने दिल की बातें शेयर कर सकते हैं। आलस्य की वजह से कुछ काम लंबित हो सकते हैं। स्वार्थी व्यवहार से आपको बचना चाहिए। आपकी छवि भी खराब हो सकती है। व्यापार में अदूरदर्शी निर्णय लेने से बचना चाहिए।

**मिथुन** — आज सभी काम समय पर पूरे हो जाएंगे। जीवनसाथी के व्यवहार से आप काफी प्रसन्न रहेंगे। बौद्धिक कार्यों में आप काफी व्यस्त रहने वाले हैं। पैतृक संपादा से लाभ प्राप्त होगा। व्यवसाय में बड़ा फेरबदल कर सकते हैं।

**कर्क** — आज का दिन आपके लिए कुछ चुनौतीपूर्ण हो सकता है। थोड़े से धन लाभ के लिए कोई गलत काम न करें। परिवार के सदस्यों से अपने संबंध अच्छे रखें। आपको अपनी आर्थिक स्थिति की चिंता रहेगी। बुरे व्यवहार के लोगों से मित्रता हो सकती है।

**सिंह** — आज सभी कार्य समय पूरे हो जाएंगे जिसके कारण काफी दिनों से चला आ रहा तनाव समाप्त होगा। विदेश में नौकरी कर रहे लोगों का वेतन बढ़ सकता है। नए कारोबार में लाभ प्रतिशत बढ़ने से आप प्रसन्न रहेंगे।

**कन्या** — आज गलत कार्यों की तरफ आपका रूझान बढ़ेगा। अपना चरित्र अच्छा रखें। शेयर मार्केट और कमीशन संबंधी कार्यों में नुकसान हो सकता है। यदि संभव हो तो लंबी दूरी की यात्रा न करें। व्यापार में आपको काफी सावधान रहने की आवश्यकता है।

**तुला** — आज आपके काम की गुणवत्ता में वृद्धि होगी। घर की साज-सजावट का आप पूरा ध्यान रखेंगे। वैवाहिक संबंधों में प्रेम भाव बढ़ेगा। अधिकारी वर्ग आपके प्रति काफी नरम भाव रखेगा। व्यापार में नए अवसर मिलने की संभावना निर्मित हो रही है।

**वृश्चिक** — आज रुके हुए कार्यों में प्रगति होने की संभावना है। पुराने ऋण का भुगतान करने से आपके ऊपर से भार कम होगा। वाहन चलाते समय आपको सावधानी रखनी चाहिए। नई जॉब ढूंढ रहे हैं तो दिन आपके पक्ष का रहने वाला है।


**धनु** — आज उच्चाधिकारी आपके काम के ऊपर काफी निर्भर रहेंगे। गंभीर और बुद्धिमान लोगों की संगत में रहना पसंद करेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिल सकता है। आपका कोमल व्यवहार लोगों को आकर्षित करेगा।

**मकर** — आज महिलाओं को स्वास्थ्य की समस्या हो सकती है। घर और कार्यक्षेत्र में तालमेल की कमी रहेगी। अनावश्यक बातों पर ज्यादा ध्यान न दें। शांतिपूर्वक परिस्थितियों का अवलोकन करें। विद्यार्थियों का मन पढ़ाई से विचलित हो सकता है।

**कुंभ** — आज धर्म-कर्म के प्रति आपकी आस्था मजबूत होगी। जीवनसाथी को कुछ उपहार देने का प्लान कर सकते हैं। व्यावसायिक उद्देश्य से यात्रा भी कर सकते हैं। आपको व्यवसाय में शानदार लाभ मिलेगा। धन संबंधित परेशानियां दूर होगी।

**मीन** — आज आपकी गलतियां लोगों के सामने आ सकती हैं। झिझक के कारण आप अपनी बातों को ठीक तरह से रख पाने में भी मुश्किल होगी। योग और व्यायाम अवश्य करें जिससे आपको फोकस करने में आसानी होगी।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-पूर्वाफाल्गुनी 21.18 तक तत्पश्चात उत्तराफाल्गुनी।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
- मेला — सुबह : 10.00
- हिरासत — रात : 07.00

&pictures
- मालामाल वीकली — सुबह : 10.50
- ऊंचाई — रात : 08.00

SONY PIX
- स्पाइडर मैन : होमकमिंग — सुबह : 11.10
- वंडर वुमन — रात : 08.29

ZEE CINEMA
- नाम शबाना — सुबह : 10.45
- अकेले हम अकेले तुम — शाम : 04.25

colors CINEPLEX
- हैलो ब्रदर — सुबह : 08.57
- देवदास — दोपहर : 02.13

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात :08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

एक बच्चा पार्क मैं बैठकर बहुत सारी चॉकलेट खा रहा था।
पास बैठी एक महिला बोली, ज्यादा मीठा खाने वाले जल्दी मर जाते हैं।
लड़का-आपको पता है मेरी दादी की उम्र 106 वर्ष थी, जब वह मरी थी।
औरत-वह कम मीठा खाती होगी
लड़का-नहीं, वह अपने काम से काम रखती थी।

नेता-हम आपको मोबाइल देंगे, लैपटॉप देंगे, साइकिल देंगे।
जनता-और मालिक नौकरी?
नेता-वो हमारे मामा के साले के भतीजे के लिए हम जबान दे चुके।

# चारधाम यात्रा का दुष्प्रचार किया तो होगा मुकदमा

## सीएम ने दिए यात्रा के संबंध में फेक न्यूज अथवा वीडियो बनाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश

▸▸ मुख्य सचिव ने बिना रजिस्ट्रेशन आ रही बसों व अन्य वाहनों को रोकने तथा वापस भेजने के निर्देश

ब्यूरो, देहरादून



चारधाम यात्रा को लेकर अधिकारियों की बैठक लेतीं मुख्य सचिव राधा रतूड़ी।

**अमृत विचार :** मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने चारधाम यात्रा का दुष्प्रचार करने वाले तथा यात्रा के सम्बन्ध में फेक न्यूज या वीडियो बनाने वालों के खिलाफ कठोर वैधानिक कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। सचिवालय में चारधाम यात्रा की समीक्षा के दौरान मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने स्पष्ट किया है कि फेक न्यूज या वीडियो से यात्रा को बदनाम करने वाले तत्वों के विरूद्ध तत्काल एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

बिना रजिस्ट्रेशन एवं ट्रिप कार्ड या पोस्ट डेटेड रजिस्ट्रेशन की बसों व अन्य वाहनों के यात्रामार्ग पर संचालन पर कड़ा रुख अपनाते हुए सीएस रतूड़ी ने ऐसी बसों व अन्य गाड़ियों को तत्काल रोकने तथा वापस भेजने के निर्देश दिए हैं। साथ ही मुख्य सचिव ने परिवहन विभाग को टूर ऑपरेटर्स के साथ बिना रजिस्ट्रेशन, बिना ट्रिप कार्ड या पोस्ट डेटेड रजिस्ट्रेशन के वाहनों के मुद्दे पर बैठक करने निर्देश दिए हैं। बिना रजिस्ट्रेशन वाले वाहनों को जगह-जगह पर स्थापित चेक पॉइन्टस पर चिन्हित कर उचित कार्यवाही की जाएगी। इस सम्बन्ध में मुख्य सचिव द्वारा अन्य राज्यों के मुख्य सचिवों एवं पुलिस महानिदेशकों को भी पत्र भेजा जाएगा। मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने अधिकारियों को अपने मोबाइल पर प्राप्त किसी भी श्रद्धालु की शिकायत पर तत्काल उचित कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को अपने मोबाइल 24 घण्टे खुले रखने तथा यात्रा से सम्बन्धित शिकायतों को अनिवार्यत सुनने के कड़े निर्देश जारी किए हैं।

चारधाम यात्रा के कुशल प्रबन्धन हेतु जिलों में तैनात प्रभारी सचिवों की स्थिति को स्पष्ट करते हुए सीएस रतूड़ी ने कहा है कि प्रभारी सचिव द्वारा सचिवालय से ही जिला प्रशासन एवं जिलाधिकारी आदि के माध्यम से नियमित रूप से यात्रा की मॉनिटरिंग की जाएगी तथा सचिवालय एवं जिला प्रशासन के मध्य प्रभावी समन्वय सुनिश्चित किया जाएगा। सीएस राधा रतूड़ी ने यात्रामार्ग पर श्रद्धालुओं के सुविधा हेतु जगह-जगह स्थापित हॉल्डिंग प्लेस पर पेयजल, शौचालय तथा भोजन आदि सभी सुविधाएं एवं धामों के लाइव टेलीकास्ट की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव रतूड़ी ने स्वास्थ्य विभाग को श्रद्धालुओं के लिए जारी स्वास्थ्य नियमों का कड़ाई से पालन करवाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने 50 वर्ष से अधिक उम्र के यात्रियों की हेल्थ स्क्रीनिंग पर विशेष फोकस करने के सख्त निर्देश दिए हैं। बैठक में पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार, प्रमुख सचिव आरके सुधांशु, कमीशनर गढ़वाल विनय शंकर पाण्डेय, सचिव अरविन्द सिंह हयांकी, सचिन कुर्वे, दिलीप जावलकर आदि उपस्थित रहे।

### सीएम ने दिए सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को मजबूत करने के निर्देश

**देहरादून, अमृत विचार :** मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने राज्य के शहरों में सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को मजबूत करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने देहरादून, हरिद्वार, रुद्रपुर, हल्द्वानी में एसपीवी (विशेष प्रयोजन वाहन) बेहतरीन सिटी बस सेवाओं के संचालन की कार्ययोजना के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए हैं। सचिवालय में स्वच्छ गतिशील परिवर्तन नीति की उच्चाधिकार समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्य सचिव ने कहा कि देहरादून में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में इसकी शुरुआत की जाएगी। इसके तहत सीएनजी बसों, पीएम ई-बस सेवा, पुरानी बसों को बदलना स्मार्ट सिटी बसों का संचालन शामिल है। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को स्पष्ट किया है कि देहरादून जैसे बड़े शहरों में अर्बन ग्रीन मॉबेलिटी को लागू करना, निजी भागीदारी के साथ राज्य में लागत प्रभावी और बेहतरीन सार्वजनिक परिवहन सेवाओं की निगरानी के लिए एक विशेष एवं प्रभावी नियामक एजेंसी की स्थापना करना, आमजन के परिवहन हेतु यात्री बसों की लाइन स्थापित करना तथा उनका रखरखाव और परिवहन के बुनियादी ढांचे के सुधार के लिए सहायता प्रणाली विकसित करना हमारी प्राथमिकता है।


# टनकपुर में शारदा नदी के घाट पर सुबह सवेरे बही संगीत की रसधारा

▸▸ संगीतज्ञ उप्रेती का सांगीतिक अभियान

संवाददाता,टनकपुर

**अमृत विचार :** नमामि गंगे के नोडल अधिकारी और संगीतज्ञ डॉ. पंकज उप्रेती ने शारदा घाट पर सुबह सवेरे संगीत अभियान का शुभारंभ किया।

बनारस की तर्ज पर इसे प्रातः काल 4 से 6 बजे किया जाएगा। बताते चलें सीएम अवार्ड सहित कई पुरस्कारों से सम्मानित डॉ. उप्रेती राजकीय महाविद्यालय टनकपुर में संगीत विभागाध्यक्ष भी हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की घोषणा के अनुरूप वह शारदा घाट पर पिछले तीन साल में वृहद सांस्कृतिक उत्सव व गंगा आरती करवा चुके हैं। स्वयं सीएम ने शारदा घाट पधार कर इनके अभियान को सराहा था और भव्य घाट बनाने की घोषणा की। सुबह सवेरे संगीत सभा में डॉ. उप्रेती ने राग विभास की अवतारणा की। इस मौके पर सैकड़ों श्रद्धालुओं के साथ संगीत प्रेमी मौजूद रहे।



शारदा घाट में संगीतज्ञ डॉ पंकज उप्रेती ने संगीत अभियान का किया शुभारंभ।

## सल्ट के बांसुआ गांव में घर में घुसा किंग कोबरा

संवाददाता, अल्मोड़ा

▸▸ संजीव परोड़िया और उनकी टीम ने जंगल में छोड़ा

**अमृत विचार :** सल्ट तहसील के बांसुवा गांव में एक ग्रामीण के घर में करीब 12 फीट लंबा किंग कोबरा घुस जाने से गांव में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने किंग कोबरा को घर से बाहर निकालने की कोशिश की लेकिन सफलता नहीं मिली। बाद में सर्प विशेषज्ञों को यहां बुलाया गया और उन्होंने रेस्क्यू कर किंग कोबरा को घर से बाहर निकालकर सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया। बांसुआ गांव निवासी देवकी देवी की गौशाला में पिछले कई दिनों से एक सांप दिखाई दे रहा था। दो दिन पहले यह किंग कोबरा देवकी देवी की गौशाला से निकलकर गांव के ही गोपाल सिंह के घर में घुस गया। जिससे परिजनों में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने सांपों के संरक्षण का कार्य कर रहे मरचूला निवासी संजीव परोड़िया से मदद मांगी। संजीव परोड़िया और उनकी टीम गांव में पहुंची और ढाई तीन घंटे की मशक्कत के बाद किंग कोबरा को घर से बाहर निकाला।

# त्रिस्तरीय सुरक्षा में होगी मतगणना चप्पे-चप्पे पर होगी कैमरे की नजर

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



मतगणना को लेकर बैठक करते उप जिला निर्वाचन अधिकारी पीआर चौहान।

**अमृत विचार :** चार जून को होने वाली मतगणना त्रिस्तरीय सुरक्षा में होगी। चप्पे-चप्पे पर सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जाएगी। स्ट्रांग रूम से ईवीएम को निकालने और मतगणना कक्ष ले जाने तक सब कुछ सीसीटीवी कैमरों की नजर में होगा।

इस संबंध में गुरुवार को उप जिला निर्वाचन अधिकारी पीआर चौहान ने एमबीपीजी कॉलेज में सभी नोडल अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि मतगणना के लिए प्रत्येक विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए 2 कक्ष होंगे। प्रत्येक कक्ष में मतगणना के लिए 7-7 टेबल लगेंगी। 1 टेबल वीवीपैट की पर्ची की होगी। प्रत्येक टेबल में मतों की गणना के लिए एक सुपरवाइजर, एक मतगणना सहायक और एक माइक्रो आब्जर्वर नियुक्ति किया जाएगा।

उन्होंने निर्देश दिए कि स्ट्रांग रूमों से मतगणना हॉल तक सीयू व वीवीपैड की निगरानी के लिए पूरे क्षेत्र में सीसीटीवी लगाये जाएंगे। जिसका प्रेक्षक कक्ष में लाइव प्रसारण होगा। मुख्य चिकित्साधिकारी चिकित्सा दल व एम्बुलेंस की व्यवस्था करें। उन्होंने पुलिस को त्रिस्तरीय सुरक्षा मानकों की व्यवस्था के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी श्वेता भंडारी, आरटीओ संदीप सैनी, डीडीओ गोपाल गिरी गोस्वामी, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी राजेश तिवारी, जीएम डीआईसी पल्लवी गुप्ता, मुख्य कृषि अधिकारी वीके सिंह आदि थे।

## छापेमारी कर कई दुकानों का चालान काटा

संवाददाता, लालकुआं

**अमृत विचार :** खाद्य पूर्ति विभाग के अधिकारियों ने नगर की मीट मांस, मसाले एवं खाद्य सामग्री की दुकानों में ताबड़तोड़ छापेमारी कर छह दुकानों के चालान किये।

साथ ही दो स्थानों में व्यापारियों को सफाई रखने के निर्देश दिए। खाद्य पूर्ति विभाग के जिला अभिहित अधिकारी संजय कुमार सिंह एवं क्षेत्रीय खाद्य पूर्ति अधिकारी कैलाश चन्द्र टम्टा के नेतृत्व में खाद्य विभाग की टीम ने नगर की दुकानों में ताबड़तोड़ छापेमारी की। दुकानों में एक्सपायरी डेट के सामान के साथ-साथ भारी गंदगी पाई गयी। पूर्ति विभाग की टीम जितनी देर छापेमारी अभियान में रही इतनी देर नगर के दुकानदारों में हड़कंप मचा रहा। छापेमारी टीम की ओर से हर्बल संसार मसाले हल्दुचौड़, दो मीट मुर्गे की दुकानें, गुप्ता परचून भंडार व मुरादाबादी बिरयानी शॉप के चालान किये। इधर खाद्य पूर्ति अधिकारी कैलाश टम्टा ने बताया कि उनकी टीम ने हल्दूचौड़ व लालकुआं क्षेत्र की दुकानों में छापेमारी की, जबकि हल्दूचौड़ में एक दुकान का सैंपल भरा है।

## ग्रुप कमांडर बिग्रेडियर ने किया एनसीसी का निरीक्षण

**हल्द्वानी :** 78 वाहिनी एनसीसी हल्द्वानी में गुरुवार को रुड़की ग्रुप के ग्रुप कमांडर बिग्रेडियर एसएस नेगी ने वार्षिक निरीक्षण किया। उन्होंने बटालियन द्वारा कैडेट्स के प्रशिक्षण के लिए किये जा रहे सभी जरुरी योजनाओं की तैयारियों को देखने के साथ-साथ अब तक किये गए कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने बटालियन के प्रदर्शन को और अधिक सुधार करने के लिए जरुरी दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान वाहिनी के कमान अधिकारी कर्नल कुंदन शर्मा, प्रशाशनिक अधिकारी ले कर्नल अभिलाषा जोशी, एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट विनय जोशी, रविन्द्र सिंह, दीपेन्द्र गुरुंग, रमा भट्ट, सेकेण्ड ऑफिसर बीबी जोशी, सूबेदार मेजर एमएस राव, प्रशिक्षण जेसीओ नायब सूबेदार बालम सिंह आदि थे।

# डीएम ने रामगढ़ और मुक्तेश्वर क्षेत्र में सुनीं लोगों की समस्याएं

▸▸ उमागढ़ क्षेत्र के किसानों ने मार्केटिंग की समस्या उठाई, डीएम ने प्रगतिशील किसानों का फेडरेशन बनाने को कहा

संवाददाता, भवाली



चाय बागान प्रबन्धक से जानकारी प्राप्त करतीं डीएम वंदना सिंह। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी वंदना सिंह ने गुरुवार को रामगढ़-श्यामखेत-मुक्तेश्वर क्षेत्र का निरीक्षण कर क्षेत्रीय जनता की समस्याओं का समाधान किया।

उमागढ़ क्षेत्र के किसानों ने डीएम के सामने मार्केटिंग की समस्या उठाई। इस पर जिलाधिकारी ने उद्यान, कृषि, मत्स्य विभाग को प्रगतिशील किसानों का एक फेडरेशन बनाने के निर्देश दिए। जिससे उनकी बीज, खाद आपूर्ति, सामूहिक मार्केटिंग आदि की जरूरतों को पूरा किया हो जा सके। चाय बागान श्यामखेत के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने चाय विकास बोर्ड को निर्देश दिए कि चाय बागान को पर्यटकों के लिए जानकारी के साथ नए अनुभव उपलब्ध करवाने को मॉडल के रूप में विकसित किया जाए। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को मल्ला रामगढ़ से झूतिया गांव तक डामरीकरण, रोड सेफ्टी, आपदा सुरक्षा संबंधी कार्य करवाने के निर्देश दिए। तल्ला रामगढ़ स्थित आगनबाड़ी केंद्र, प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया। रीठा में पीएमश्री राउमा विद्यालय के प्रबंधक ने बताया कि सरकारी भूमि पर अतिक्रमण किया जा रहा है। इस दौरान एसडीएम नैनीताल प्रमोद कुमार, सीईओ जेएस सोनी, सीएओ वीके यादव रहे।

# गौजीगाड़ इलाके में तस्करों ने काट डाले 200 हरे पेड़



गौजीगाड़ के जंगल में काटे गए पेड़। ● अमृत विचार

▸▸ वन विभाग ने जांच के लिए गठित की टीम

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचार :** टनकपुर-जौलजीबी मोटर मार्ग से लगे जंगल में बड़ी संख्या में कुकाट के पेड़ काटे जाने का मामला प्रकाश में आया है। यह मामला उजागर होने के बाद वन विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। आनन फानन में वन विभाग ने इस मामले में जांच टीम भी गठित कर दी है।

बताया जाता है कि टनकपुर-जौलजीबी मार्ग पर गौजीगाड़ क्षेत्र में बड़ी संख्या में तस्करों ने हरे पेड़ काट डाले। ये पेड़ कब काटे गए, इसका पता नहीं चल सका है। दो दिन पूर्व पूर्णागिरि क्षेत्र के कुछ लोग किसी धार्मिक कार्य के लिए गौजीगाड़ से लगे क्षेत्र में गए, तो वहां पेड़ कटे देख इसकी सूचना वन विभाग को दी गई।

बताया जाता है कि कुकाट रूनी, रीठा, सिमल आदि प्रजाति के 200 से अधिक पेड़ काटे गए हैं। जिस जंगल क्षेत्र में यह पेड़ काटे गए हैं वह चम्पावत वन प्रभाग के बूम के अंतर्गत आता है। प्रभागीय वनाधिकारी रमेश चंद्र कांडपाल ने बताया कि मामला संज्ञान में आने के बाद जांच के लिए विभागीय टीम गठित की जा रही है।

## मेला क्षेत्र के दो स्वास्थ्य शिविरों में चिकित्सक मिले गायब

**टनकपुर, अमृत विचार :** प्रसिद्ध मां पूर्णागिरि धाम मेले में भारी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। लेकिन मेले की स्वास्थ्य सेवा बे-पटरी है। भैरव मंदिर व काली मंदिर क्षेत्र में लगे स्वास्थ्य शिविर में एक भी डॉक्टर नहीं है। गुरुवार को मेला मजिस्ट्रेट एसडीएम आकाश जोशी ने पूर्णागिरि मेला क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया तो हकीकत सामने आई। मेला मजिस्ट्रेट एसडीएम आकाश जोशी ने मां पूर्णागिरि मंदिर समिति के अध्यक्ष पंडित किशन तिवारी के साथ मेला क्षेत्र की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की पड़ताल की। गुरुवार अपरान्ह भैरव मंदिर और मुख्य मंदिर के पास काली मंदिर के स्वास्थ्य कैंप के औचक मुआयने में कहीं भी डॉक्टर नहीं मिले। दोनों स्वास्थ्य कैंप में डॉक्टर नहीं थे। यद्यपि फार्मासिस्ट मौजूद थे और पर्याप्त दवाएं थीं लेकिन श्रद्धालुओं के मद्देनजर प्राथमिक इलाज की व्यवस्था में कई खामियां मिलीं। मेला मजिस्ट्रेट आकाश जोशी ने बताया कि पूछताछ में वहां मौजूद स्टाफ ने दोनों डॉक्टरों के पीजी की प्रवेश परीक्षा के लिए बाहर होने की जानकारी दी। वहीं एसडीएम ने सीएमओ डॉक्टर केके अग्रवाल से पूर्णागिरि मेले के दोनों स्वास्थ्य केंद्रों में डॉक्टरों की तैनाती की वैकल्पिक व्यवस्था करने को कहा है।


## उत्तर प्रदेश

# मोर का शव गड्ढे से निकाल पोस्टमार्टम को भेजा

▸▸ सड़क किनारे मिला था राष्ट्रीय पक्षी मोर का शव, बिना सम्मान के दफनाने पर निकाला शव

▸▸ पशु प्रेमी विकेंद्र शर्मा ने किया ट्वीट तो शव निकालकर भेजा पोस्टमार्टम को

संवाददाता, कुंवरगांव (बदायूं)



मोर के शव को गड्ढे में दफन करता पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय पक्षी मोर के शव के अंतिम संस्कार में प्रोटोकाल का पालन नहीं किया गया। डायल 112 पुलिस पहुंची।

बिना सम्मान और पोस्टमार्टम कराए गड्ढा खोदवाकर मोर दफन करा दिया। पीपल्स फॉर एनिमल्स संस्था के अध्यक्ष ने वन विभाग के अधिकारियों को सूचना देते हुए पुलिस को ट्वीट किया। इसके बाद वन विभाग ने गड्ढे से मोर का शव बाहर निकलवाया और पोस्टमार्टम के लिए बरेली के आइवीआरआई भेज दिया। अधिकारी अब ससम्मान अंतिम संस्कार की बात कह रहे हैं। मुरादाबाद-फर्रुखाबाद राजमार्ग पर गांव सिलहरी के ग्रामीणों ने पेट्रोल पंप के पास गुरुवार सुबह लगभग सात बजे मोर का शव देखा। गांव के लोगों ने वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों को फोन किया लेकिन फोन नहीं उठा तो लोगों ने डायल 112 पुलिस को सूचना दी। दो पुलिसकर्मी गांव सिलहरी पहुंचे। वन विभाग को सूचना नहीं दी। प्रोटोकाल का पालन नहीं किया। राष्ट्रीय पक्षी होने के बाद भी मोर को सम्मान नहीं दिया। पोस्टमार्टम नहीं कराया। जेसीबी से गड्ढा खुदवाकर मोर के शव को उठाकर में रख दिया। ऊपर से सफेद कपड़ा ढांक कर मोर को दफन कर दिया। इसके बाद पुलिसकर्मी वहां से चले गए। पीपल्स फॉर एनिमल्स संस्था के अध्यक्ष विकेंद्र शर्मा को जानकारी मिली तो उन्होंने वन विभाग को फोन कर सूचना दी। साथ ही पुलिस को भी ट्वीट किया। इसके बाद विभाग के अधिकारी और कर्मचारी हरकत में आए। वन दारोगा शुभम प्रताप और अशोक कुमार मौके पर पहुंचे। कुछ देर के बाद पशु चिकित्साधिकारी डॉ. संजीव भुइयार आ गए। मोर के शव को गड्ढे से बाहर निकाला और पोस्टमार्टम कराने के लिए शव बरेली आइवीआरआई भेजा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट होगा।

### प्रोटोकाल के तहत किया जाता है अंतिम संस्कार

मोर को भारतीय वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत प्रोटेक्शन प्रदान की गई है। मोर के मरने के बाद प्रोटोकाल के तहत अंतिम संस्कार किया जाता है। मोर के शव को भारतीय ध्वज में लपेटा जाता है। इसके बाद उसकी ससम्मान विदाई होती है। मोर का अंतिम संस्कार केवल राज्य वन विभाग की तरफ से ही किया जाता है।

“ बरेली के आइवीआरआई में शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। जिसकी रिपोर्ट के बाद ही मौत का कारण पता चल सकेगा। बरेली में ही राष्ट्रीय सम्मान के साथ मोर का शव दफन होगा। राष्ट्रीय पक्षी होने के नाते पूरा प्रोटोकॉल अपनाया जाएगा। पुलिस के शव दफन करने का निर्णय सही नहीं था।
**-प्रदीप कुमार वर्मा, डीएफओ**

“ राष्ट्रीय पक्षी के शव को गड्ढे से बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए बरेली स्थित आइवीआरआई भेजा है। पुलिस कर्मियों ने गलती से मोर का शव दफन कर दिया था। पुलिसकर्मियों को चेतावनी दी गई है। **- सुमित चौधरी**, नवादा चौकी इंचार्ज

## 21 लाख के गांजे के साथ दो गिरफ्तार

**लखनऊ, अमृत विचार :** एसटीएफ ने गाजीपुर जिले के जंगीपुर से अंतर्राज्यीय स्तर पर गांजा सप्लाई करने वाले गिरोह के दो सदस्यों को 21 लाख रुपये के गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। दोनों तस्करों में एक आजमगढ़ तो दूसरा गाजीपुर का निवासी है।

एसटीएफ की टीम को सूचना मिली कि कुछ लोग असम राज्य से गांजे की बड़ी खेप लेकर ट्रक से आजमगढ़ पहुंचने वाले हैं। एसटीएफ ने शक के आधार पर जंगीपुर के पास एक ट्रक को रोककर तलाशी ली, जिसमें भारी मात्रा में गांजा छिपाकर रखा गया था। गांजे के साथ मौके पर मिले दो तस्करों ने पूछताछ में बताया कि उनका एक संगठित गिरोह है, जो बड़े पैमाने पर मादक पदार्थ (गांजा) की तस्करी करता है।

# हाईकोर्ट का पुरानी पेंशन का लाभ देने से इन्कार

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पुरानी पेंशन योजना से संबंधित मामले में महत्वपूर्ण निर्णय देते हुए कहा कि नई पेंशन योजना (एनपीएस) लागू होने की तिथि के बाद नियुक्त होने वाले सहायक अध्यापकों को पुरानी पेंशन का लाभ नहीं मिलेगा।

भले ही उनका चयन एनपीएस लागू होने से पूर्व हो गया हो। यह आदेश न्यायमूर्ति महेश चंद्र त्रिपाठी और न्यायमूर्ति अनीश कुमार गुप्ता की खंडपीठ ने गाजीपुर की सुषमा यादव की विशेष अपील को खारिज करते हुए दिया। याचिका में एकलपीठ के 4 मार्च 2024 के आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसमें एकल पीठ ने याची को पुरानी पेंशन का लाभ देने से इनकार कर दिया था। याची का कहना था कि उसका चयन 1 अप्रैल 2005 को एनपीएस लागू होने की तिथि से पूर्व का है, इसलिए उसे पुरानी पेंशन का लाभ दिया जाना चाहिए। 8 मार्च 1998 को सहायक अध्यापक पद पर नियुक्ति के लिए विज्ञापन जारी हुआ था, जिसमें याची ने आवेदन किया था। मगर उसकी बीटीसी की डिग्री मध्य प्रदेश की होने के कारण उसका विशिष्ट बीटीसी का परिणाम जारी नहीं किया गया तथा उसका चयन नहीं हुआ।

## बार काउंसिल ऑफ यूपी के सचिव बने सेवानिवृत्त न्यायाधीश

**विधि संवाददाता, प्रयागराज :** राज्य विधिज्ञ परिषद उत्तर प्रदेश में 12 मई 2024 को हुई बैठक में सर्वसम्मति से राम किशोर शुक्ला,अपर जिला जज (सेवानिवृत्त) को सचिव पद पर नियुक्त किया गया। नव नियुक्त सचिव को बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष शिव किशोर गौड़, बार काउंसिल के सदस्य एवं पूर्व अध्यक्ष क्रमशः इमरान माबूद खान, पांचूराम मौर्य, अजय यादव, जानकी शरण पांडेय, देवेंद्र मिश्रा 'नगरहा', पूर्व उपाध्यक्ष राकेश पाठक, प्रशांत सिंह अटल आदि ने बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। यह जानकारी बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष शिवकिशोर गौड़ ने दी है।

## कब्ज और वजन बढ़ने से भी हो सकता वेरीकोज वेंस

**कानपुर, अमृत विचार :** अगर कब्ज की समस्या बनी रहती है या वजन बढ़ रहा हो तो इन वजहों से भी वेरीकोज वेंस की समस्या हो सकती है। वेरीकोज वेंस में पैरों की नसें चौड़ी, घुमावदार, लंबी और लच्छेदार हो जाती हैं। मरीज को चलने-फिरने और उठने-बैठने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। यह जानकारी लखनऊ केजीएमयू से आए प्रो. जितेंद्र कुमार कुशवाहा ने हैलट अस्पताल में दी। हैलट अस्पताल के सर्जरी विभाग में गुरुवार को वेरीकोज वेन सिम्पोजियम पर कार्यशाला का आयोजन हुआ। प्रो.जितेंद्र कुमार कुशवाहा ने वेरीकोज वेंस के इलाज के संबंध में सर्जरी विभाग के जेआर, एसआर और आसपास के जिलों से आए डॉक्टरों को जानकारी दी। बताया कि 30 से 40 वर्ष के युवा भी इस बीमारी की गिरफ्त में आ रहे है। जबकि पहले यह समस्या अधिक उम्र के लोगों में देखने को मिलती थी। यह समस्या पुरुषों में अधिक पाई जाती है। पैरो में दर्द व ऐंठन को लगातार नजरअंदाज करने से अल्सर की भी समस्या वेरीकोज वेंस ग्रस्त मरीजों में देखी जा रही है। ज्यादा समय तक बैठकर या खड़े रहकर काम करने वाले लोगों में यह अधिक होती है।

# पैसे न देने पर बेटे ने पिता को काट डाला

कार्यालय संवाददाता, महोबा

▸▸ कुल्हाड़ी से मारने के बाद ईंट से सिर कुचला, पुलिस ने हत्यारोपी पुत्र को किया गिरफ्तार

**अमृत विचार :** शराब पीने के लिए पैसे न देने से नाराज पुत्र ने पिता पर कुल्हाड़ी से प्रहार कर हत्या कर दी। घटना की सूचना मिलने पर अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम, पुलिस क्षेत्राधिकारी चरखारी रविकांत गौड़ और थानाध्यक्ष खरेला ने घटना स्थल पर पहुंचकर जांच की और हमलावर को गिरफ्तार कर लिया।

थाना खरेला के ग्राम पाठा निवासी इंद्रपाल साहू (52) पुत्र स्वामीदीन साहू अपने पुत्र के शराबी होने के कारण उसकी डर की वजह से वह पशुबाड़े में सोते थे। अखिलेश के शराब के लती होने के कारण वह आए दिन पिता को परेशान करता रहता था। बुधवार की रात को वह अपने पशुबाड़े में सो रहा था, तभी अखिलेश कुल्हाड़ी लेकर वहां पहुंच गया और शराब के लिए पैसे मांगने लगा, पिता ने पैसे देने से मना किया तो कुल्हाड़ी से पिता पर कई वार कर दिये जिससे वह खून से लथपथ होकर जमीन पर गिर गया। जमीन पर गिरने के बाद पुत्र ने पत्थर से पिता के सिर को कुचल दिया, जिससे उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वाराणसी में नामांकन के दौरान दो दिन प्रवास करने के एक दिन बाद ही फिर से उत्तर प्रदेश में खासतौर पर पूर्वांचल के रण में हल्ला बोल दिया है। तपती-चुभती भीषण गर्मी की परवाह किए बिना मोदी ने गुरुवार को चार लोकसभा क्षेत्रों प्रतापगढ़, आजमगढ़, जौनपुर (मछली शहर) और भदोही में रैलियां करके बता दिया कि इस बार यहां वह कोई सीट खोना नहीं चाहते हैं। माना जा रहा है कि इन चार सभाओं से मोदी ने करीब एक दर्जन लोकसभा सीटों को साधने का प्रयास किया। जौनपुर से 2019 में बसपा के श्याम सिंह यादव ने जीत दर्ज की थी, तो मछली शहर में भाजपा के बीपी सरोज को 181 वोट के मामूली अंतर से जीत मिली थी। पूर्वांचल में आजमगढ़ के बाद जौनपुर को ही सपा का गढ़ माना जाता है। ऐसे में आजमगढ़ और जौनपुर में जीत के समीकरण साधने के साथ ही मोदी ने आसपास की चार और लोकसभा सीटों पर भी अपना संदेश फैला दिया है। प्रतापगढ़ से सुल्तानपुर और कौशांबी, अमेठी, रायबरेली और जौनपुर की सीमा लगती है। इसी तरह भदोही में जहां मोदी की सभा हुई वहां से वाराणसी, फूलपुर, प्रयागराज, मिर्जापुर और जौनपुर लोकसभा क्षेत्र की दूरी केवल 35 किमी ही थी।

# पूर्वांचल का रण जीतने के लिए भाजपा ने शुरू की चढ़ाई

**2019**


में पूर्वांचल की 26 लोकसभा सीटों में भाजपा 17 पर ही जीत पाई थी चुनाव

## मुकाबला कांटे का

मनोज त्रिपाठी

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश में पूर्वांचल की चुनावी जंग जातीय समीकरणों के लिहाज से कठिन मानी जाती है। प्रदेश के इस हिस्से में जातियों का प्रभाव बहुत ज्यादा है। भाजपा ने इसे भांपते हुए ही प्रदेश में अपने लिए जिन चार सहयोगियों को चुना था, उनमें लोकदल को छोड़कर सुभासपा, अपना दल और निषाद पार्टी इसी इलाके से आती हैं। इसके बावजूद पिछली बार सात सीटों पर मिली हार को देखते हुए पीएम मोदी ने इस बार खुद आगे बढ़कर मोर्चा संभाल लिया है।

माना जा रहा है कि मोदी का पूरा फोकस अब पूर्वांचल क्षेत्र में ही रहने वाला है। तीन-चार दिनों के अंतर से वह पूर्वांचल के रण में फिर से धावा बोल सकते हैं, इसकी एक वजह इसी क्षेत्र में आने वाली उनकी वाराणसी सीट भी है, जिस पर सातवें और अंतिम चरण में मतदान होना है।






### सपा और बसपा ने कमजोर सीटों पर बिछाया है जातीय समीकरण का मजबूत जाल

- पूर्वांचल में 11 लोकसभा सीटें ऐसी हैं, जिन पर सपा और बसपा जीत नहीं हासिल कर सकी है। सपा को वाराणसी, बस्ती, संत कबीर नगर, कुशीनगर और भदोही में जीत नहीं नसीब हुई है, जबकि बसपा वाराणसी, गोरखपुर, महाराजगंज, कुशीनगर, बासगांव और बलिया में जीत हासिल करने से दूर है। इस बार दोनों दलों ने अपनी कमजोर सीटों पर जातीय चक्रव्यूह का मजबूत ताना-बाना बुना है।

### प्रदेश में 80% लेकिन पूर्वांचल में स्ट्राइक रेट था 65%

- पूर्वांचल में कुल 26 लोकसभा सीटें आती हैं। 2019 में भाजपा इन 26 में 17 सीटों पर ही चुनाव जीत पाई थी। दो सीटों राबर्ट्सगंज और मिर्जापुर पर उसके सहयोगी अपना दल (एस) ने जीत हासिल की थी, जबकि गाजीपुर, घोसी, आजमगढ़, लालगंज, श्रावस्ती, जौनपुर समेत सात लोकसभा सीटों पर सपा-बसपा का गठबंधन बाजी मारने में कामयाब रहा था। पूर्वांचल में भाजपा का स्ट्राइक रेट 65 फीसदी था, जो कि प्रदेश के ओवर आल स्ट्राइक रेट 80 फीसदी से काफी नीचे था। ऐसे में मिशन-80 और 400 पार के लिए इस बार भाजपा को यूपी में भी दिल्ली, राजस्थान, मध्यप्रदेश, हरियाणा, हिमाचल और गुजरात जैसे 100 फीसदी सफलता वाले स्ट्राइक रेट की जरूरत है।
- साल 2019 के लोकसभा चुनाव में आजमगढ़, लालगंज, घोसी, गाजीपुर, जौनपुर, श्रावस्ती और अंबेडकर नगर सीट पर भाजपा को हार का सामना करना पड़ा था। इनमें आजमगढ़ से सपा जबकि अन्य जगह बसपा के सांसद चुने गए थे। इस बार माना जा रहा है कि ज्यादातर सीटों पर भाजपा की लड़ाई इंडिया गठबंधन में सपा-कांग्रेस के गठजोड़ से है। जानकार भदोही सीट को छोड़कर बाकी सभी सीटों पर भाजपा और सपा के बीच सीधा मुकाबला बता रहे हैं। भदोही सीट पर भाजपा और टीएमसी में सीधी लड़ाई है। सपा ने यह सीट टीएमसी के लिए छोड़ी थी। टीएमसी से यहां ललितेश पति त्रिपाठी चुनाव मैदान में हैं। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी उनके लिए सभा करने आने वाली हैं।

- वाराणसी में दो दिन प्रवास के एक दिन बाद ही चार रैलियां करके पीएम मोदी ने धावा बोला
- दो सीटों राबर्ट्सगंज और मिर्जापुर में भाजपा की सहयोगी अपना दल (एस) को मिली थी 2019 में जीत
- गाजीपुर, घोसी, आजमगढ़, लालगंज, श्रावस्ती और जौनपुर में सपा-बसपा गठबंधन ने मारी थी पिछली बार बाजी

### पिछली बार था 50-50 का स्कोर, चार रैलियों से जीत की गारंटी का भरा जोश

इस बार भाजपा ने आजमगढ़ से सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ, प्रतापगढ़ से सांसद संगमलाल गुप्ता, मछली शहर से सांसद बीपी सरोज, लालगंज सीट पर पिछली बार हारीं नीलम सोनकर, जौनपुर से कृपाशंकर सिंह और भदोही से अपने सांसद रमेश बिंद की जगह विनोद कुमार बिंद को चुनावी मैदान में उतारा है। 2019 के चुनाव में भाजपा इन छह लोकसभा सीटों में तीन पर ही जीत हासिल कर सकी थी। हालांकि 2022 में हुए उपचुनाव में आजमगढ़ सीट जीत ली थी। इस तरह से चार सीटों पर उसका कब्जा है और दो सीटें बसपा के पास हैं। गुरुवार को चार रैलियां करके पीएम मोदी इन सभी छह सीटों पर भाजपा कार्यकर्ताओं में जीत का जोश भर दिया है।


## आखिर कितनी सीटों पर होगा धनंजय और राजा भैया के फैसलों का असर

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** पूर्वांचल की जातीय सियासत में ओबीसी, दलित और सवर्ण तीनों वोटर अहम भूमिका में रहते हैं। इसके आधार पर ही इस बार भी यहां भाजपा, सपा और बसपा ने अपनी चुनावी बिसात बिछा रखी है। इसी क्रम में भाजपा ने अपना जातीय गणित दुरुस्त करते हुए जौनपुर में बाहुबली धनंजय सिंह का साथ हासिल कर लिया है। धनंजय ने जौनपुर और मछलीशहर सीट पर भाजपा को समर्थन देने का ऐलान किया है, लेकिन प्रतापगढ़ में राजा भैया का साथ भाजपा को नहीं मिल सका है। कुंडा से विधायक रघुराज प्रताप सिंह 'राजा भैया' ने अपने समर्थकों को अपनी पसंद से वोट देने के लिए कहा है। इससे जानकार भाजपा के लिए प्रतापगढ़ और कौशांबी सीट पर राह थोड़ी मुश्किल भरी होना मान रहे हैं। लेकिन धनंजय सिंह के खुले समर्थन से कयास हैं कि जौनपुर के साथ ही पूर्वांचल की कई सीटों पर भाजपा को फायदा हो सकता है। धनंजय का अपनी ठाकुर बिरादरी में खासा प्रभाव है। जौनपुर में दो लाख से ज्यादा ठाकुर वोट हैं। धनंजय के समर्थन से पिछली बार जौनपुर सीट हारने वाली भाजपा अब राहत महसूस कर रही है। जौनपुर में अब तक हुए 17 चुनावों में 11 बार ठाकुर उम्मीदवारों को ही जीत मिली है। इस बार यहां भाजपा के कृपाशंकर सिंह का सपा-कांग्रेस गठबंधन के बाबू सिंह कुशवाहा और बसपा के सांसद श्याम सिंह यादव से मुकाबला है। जानकारों की माने तो जौनपुर के अलावा प्रतापगढ़, गाजीपुर, बलिया, अयोध्या, भदोही, चंदौली, मछलीशहर, घोसी, सोनभद्र और वाराणसी सीटों पर भी ठाकुर मतदाता अच्छी संख्या में हैं।



विधायक रघुराज प्रताप सिंह।



बाहुबली धनंजय सिंह।

### ... जब जन सत्ता दल से बनते-बनते रह गई बात

धनंजय सिंह के साथ ही भाजपा कुंडा के विधायक और जनसत्ता दल के संस्थापक राजा भैया का भी समर्थन हासिल करना चाहती थी, लेकिन यह काम उससे मैनेज नहीं हो पाया। दावा किया है जा रहा है कि इसके पीछे राजा भैया की भाजपा के कौशांबी से सांसद विनोद सोनकर से कथित तौर पर नाराजगी रही। हालांकि भाजपा नेता केंद्रीय मंत्री डॉ. संजीव बालियान के साथ कौशांबी से भाजपा प्रत्याशी विनोद सोनकर ने राजा भैया से मिलकर समर्थन मांगा था। इससे पहले राजा भैया की गृहमंत्री अमित शाह से भी मुलाकात हुई थी।

**सपा उठा सकती फायदा?:** कौशांबी से सपा प्रत्याशी पुष्पेंद्र सरोज ने भी राजा भैया से मुलाकात की थी। बताते हैं, 2019 के लोकसभा चुनाव में सपा प्रत्याशी इंद्रजीत सरोज की आपत्तिजनक टिप्पणी पर राजा भैया के कानूनी सलाहकार ने मानहानि का मुकदमा दाखिल किया था। पिता-पुत्र ने राजा भैया से समर्थन मांगते हुए पुराने गिले शिकवे भूलने की बात कही थी। सपा सूत्रों की माने तो जनसत्ता दल के मुखिया ने पुरानी बात का भुला दिया है। कौशांबी में भाजपा ने दो बार के सांसद विनोद सोनकर को तीसरी बार चुनाव मैदान में उतारा है। बसपा से शुभ नारायण गौतम चुनाव लड़ रहे हैं। सपा प्रत्याशी 25 साल के पुष्पेंद्र सरोज लंदन से पढ़कर लौटे हैं। कौशांबी (सुरक्षित) लोकसभा की कुंडा और बाबागंज विधानसभा प्रतापगढ़ जनपद में आती हैं। इन दोनों विधान सभा क्षेत्र में राजा भैया का दबदबा चलता है।

## लालू की बेटियां दिखा पाएंगी कमाल

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की दो बेटियां मीसा भारती पाटिलपुत्र व रोहिणी आचार्य सारण लोकसभा सीट से चुनाव मैदान में हैं। मीसा का यह तीसरा चुनाव है, वह दो बार हार चुकी हैं, जबकि सिंगापुर से आयीं रोहिणी राजनीतिक पारी शुरू कर रही हैं। सारण सीट पर भाजपा सांसद राजीव प्रताप रूडी का मुकाबला राजद की रोहिणी आचार्य से है। सारण सीट पर रोहिणी के पिता लालू प्रसाद और मां पूर्व सीएम राबड़ी देवी को हार का स्वाद चखना पड़ा था, ऐसे में बड़ा सवाल है कि क्या रोहिणी उन दोनों की हार का बदला ले पाएंगी। सारण से लालू प्रसाद यादव 1977, 1989, 2004 और 2009 में चार बार सांसद रह चुके हैं। भाजपा के राजीव प्रताप रूडी भी यहां से चार बार 1996, 1999, 2014 और 2019 में चुनाव जीत चुके हैं।



मीसा भारती।



रोहिणी आचार्य।

- **सारण में पिता लालू प्रसाद और मां राबड़ी देवी की हार का बदला ले पाएंगी रोहिणी आचार्य**

रूडी इस बार पांचवी जीत के साथ लगातार जीत की हैट्रिक लगाने की तैयारी में हैं। 2009 के चुनाव में रूडी ने लालू प्रसाद यादव ने हराया था। 2014 में रूडी ने लालू प्रसाद की पत्नी और पूर्व सीएम राबड़ी देवी को भी हरा दिया था। 2019 में उन्होंने राजद के चंद्रिका राय को एक लाख से अधिक वोटों से मात दी थी। राजद ने रोहिणी के लिए ताकत झोंक रखी है। लालू प्रसाद कई बार प्रचार करने आ चुके हैं।

**दो चुनाव हार चुकी हैं मीसा भारती :** पाटलिपुत्र लोकसभा सीट पर भी दिलचस्प मुकाबला हो रहा है। यहां से तीसरी बार राम कृपाल यादव और लालू प्रसाद की पुत्री मीसा भारती आमने-सामने हैं। मीसा ने 2014 और 2019 में भी यहां से चुनाव लड़ा था, लेकिन हार का सामना करना पड़ा था। दोनों बार भाजपा के रामकृपाल यादव ने शिकस्त दी थी। इस बार भी मीसा भारती के खिलाफ रामकृपाल यादव ही मैदान में हैं। हालांकि इस बार असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी की एंट्री से समीकरण बिगड़ गए हैं। ओवैसी ने यहां इंजीनियर फारुख रजा को मैदान में उतारा है। वह पूर्व में राजद से जुड़े रहे हैं। पाटलिपुत्र लोकसभा सीट पर करीब 17 लाख मतदाताओं में सबसे ज्यादा यादव हैं, जिनकी संख्या करीब चार लाख है। भूमिहार मतदाता तीन लाख, एक लाख से अधिक ब्राह्मण, पौने दो लाख कुर्मी और डेढ़ लाख मुस्लिम और बाकी दलित व अन्य मतदाता हैं।

### जीत की अरदास



पंजाब में प्रचार के लिएपहुंचे दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के साथ अमृतसर में स्वर्ण मंदिर पहुंचकर माथा टेका और चुनावी सफलता की कामना की।

## हावड़ा में फुटबालर प्रसून बनर्जी चौका लगाने की कोशिश में जुटे

चुनाव डेस्क

**अमृत विचारः** हावड़ा लोकसभा सीट पर इस बार त्रिकोणीय संघर्ष का मैदान बन गया है। भाजपा से डॉ. रथिन चक्रवर्ती और सीपीआई (एम) के सब्यसाची चटर्जी का मुकाबला तृणमूल कांग्रेस के सांसद प्रसून बनर्जी से हो रहा है। हावड़ा को कोलकाता का जुड़वां शहर माना जाता है। यहां स्थित हावड़ा ब्रिज या रवींद्र सेतु दुनिया में अपनी तरह का छठा सबसे लंबा पुल है। फुटबॉलर प्रसून बनर्जी ने 2013 में टीएमसी सांसद अंबिका बनर्जी की मृत्यु के बाद हुए उपचुनाव में यहां जीत हासिल की थी और तब से उन्होंने इस सीट पर कब्जा जमा रखा है। हावड़ा घनी आबादी वाला काफी हद तक अनियोजित इलाका है। एक समय में यहां तमाम लौह ढलाई के कारखाने थे जिनमें विभिन्न राज्यों के लोग कार्यरत थे। हावड़ा लोकसभा सीट पर 25 फीसदी से अधिक गैर-बंगाली मतदाता हैं, जो राजस्थान, बिहार या उत्तर प्रदेश से आकर यहां बसे हैं। हावड़ा के सात विधानसभा क्षेत्रों बाली, हावड़ा उत्तर, हावड़ा मध्य, शिबपुर, हावड़ा दक्षिण, सांकराइल और पंचला सभी पर टीएमसी का कब्जा है। 2019 के चुनाव में तृणमूल कांग्रेस के प्रसून बनर्जी 5,76,711 वोट पाकर जीते थे। भाजपा के रंतिदेव सेनगुप्ता 4,73,016 वोटों के साथ दूसरे स्थान पर थे। सीपीआई (एम) के सुमित्रो अधिकारी 1,05,547 वोट तीसरे स्थान पर रहे थे। 2014 के चुनाव में तृणमूल कांग्रेस के प्रसून बनर्जी ने सीपीएम के श्रीदीप भट्टाचार्य को हराया था। प्रसून बनर्जी को 488461 वोट जबकि सीपीएम के भट्टाचार्य को 291505 वोट मिले थे। भाजपा ने 22.05 फीसदी वोट पाए थे, जबकि कांग्रेस 5.62 फीसदी वोट पर ही सिमट गई थी।

# झारखंड में सीटें बचाने की चुनौती के लिए छिड़ा संग्राम

## पांचवें चरण में हजारीबाग, कोडरमा और चतरा के साथ गांडेय विधानसभा सीट पर उपचुनाव में पड़ेंगे वोट

दिग्विजय सिंह

**अमृत विचारः** झारखंड में भाजपा लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण की तीनों सीटें बरकरार रखने के लिए संघर्ष करती नजर आ रही है। राज्य में लोकसभा की तीन सीटों हजारीबाग, कोडरमा और चतरा के साथ गांडेय विधानसभा सीट के उपचुनाव में भी 20 मई को मतदान होगा। गांडेय में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना मुर्मू सोरेन झामुमो उम्मीदवार के रूप में भाजपा प्रत्याशी दिलीप वर्मा के खिलाफ जीत हासिल करने के लिए पूरा जोर लगाए हैं। गांडेय विधानसभा सीट झामुमो विधायक सरफराज अहमद के इस्तीफे के बाद खाली हुई थी। सरफराज अब झामुमो से राज्यसभा के सदस्य हैं। इस बार के चुनाव में जहा कांग्रेस एक बार फिर से झामुमो और राजद के साथ गठबंधन में लड़ रही है, वहीं भाजपा को ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन (एजेएसयू) समर्थन दे रही है।

### हजारीबाग को कांटे के संघर्ष में मिलेगा इस बार नया चेहरा

हजारीबाग लोकसभा सीट का प्रतिनिधित्व पहले पूर्व केंद्रीय मंत्री यशवंत सिन्हा करते थे। बाद में उनके बेटे जयंत सिन्हा दो बार इस सीट से जीतकर केंद्रीय मंत्री बने। लेकिन 1998 के बाद यह पहला चुनाव है जब अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार में केंद्रीय वित्त और विदेश मंत्री रहे तथा विपक्ष के संयुक्त प्रत्याशी के रूप में राष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ने वाले यशवंत सिन्हा के परिवार का कोई भी सदस्य इस सीट से चुनाव नहीं लड़ रहा है। 2009 से हज़ारीबाग में भाजपा जीत रही है। 2009 में यशवंत सिन्हा के जीतने के बाद उनके बेटे जयंत सिन्हा ने 2014 और 2019 में दो बार जीत हासिल की थी। 2019 में जयंत सिन्हा ने कांग्रेस उम्मीदवार गोपाल प्रसाद साहू को 4,79,548 वोटों के बड़े अंतर से हराया था। उन्हें 67 .42% यानी 7,28,798 वोट मिले थे। इतनी बड़ी जीत के बाद भी भाजपा ने जयंत के स्थान पर मनीष जयसवाल को उम्मीदवार बनाकर मैदान में उतारा है, जो इंडिया गठबंधन से कांग्रेस के उम्मीदवार जय प्रकाश भाई पटेल का मुकाबला कर रहे हैं। कुर्मी उप-समुदाय के नेता जय प्रकाश पटेल झामुमो के सह-संस्थापक टेक लाल महतो के पुत्र हैं। पहले वह झामुमो में थे लेकिन बाद में भाजपा में चले गए और लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस में शामिल हो गए थे। जयप्रकाश पटेल ने कांग्रेस में जाने के लिए हज़ारीबाग सीट के मांडू विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक पद से इस्तीफा दे दिया था। इस बार दोनों प्रत्याशी नए होने से यह तय है कि हज़ारीबाग की जनता को सांसद के रूप में नया चेहरा मिलेगा। फिलहाल यहां करीबी संघर्ष होते नजर आ रहा है। इसकी वजह पटेल का मांडू से पूर्व विधायक होना है, वह तीन बार इस विधानसभा से जीत चुके हैं। कांग्रेस ने आखिरी बार यह सीट 1984 में जीती थी जब दामोदर पांडे ने सीपीआई उम्मीदवार को हराया था।



मनीष जयसवाल।



जय प्रकाश भाई पटेल।

### चतरा में ओबीसी, एससी-एसटी वोटर तीन चौथाई, मुकाबला ब्राह्मण और भूमिहार में

चतरा लोकसभा सीट पर अन्य पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (एसटी) का वर्चस्व है। तीनों समुदायों का संयुक्त रूप से 75% से अधिक वोट शेयर है, लेकिन यहां मुकाबला भूमिहार और ब्राह्मण उम्मीदवारों के बीच हो रहा है। इस बार दोनों प्रत्याशी स्थानीय होने से इतना तय है कि पहली बार कोई स्थानीय व्यक्ति चतरा का सांसद बनेगा। भाजपा ने अपने दो बार के सांसद सुनील कुमार सिंह, जिन्होंने 2014 और 2019 में चतरा सीट जीती थी, के स्थान पर भूमिहार जाति से आने वाले कालीचरण सिंह को मैदान में उतारा है। कांग्रेस ने भी पिछला चुनाव हारने वाले मनोज कुमार यादव की जगह ब्राह्मण नेता पूर्व मंत्री कृष्णनंदन त्रिपाठी पर दांव लगाया है। भाजपा प्रत्याशी शिक्षक कालीचरण को चुनाव लड़ने का अनुभव नहीं है। वह प्रधानमंत्री की लोकप्रियता के सहारे जीत की उम्मीद लगाए हैं। वह पीएम का चेहरा आगे करके स्थानीय समीकरण साधके हुए कैडर वोट एकजुट करने में लगे हैं, जबकि कांग्रेस उम्मीदवार जातीय समीकरण और राजद के वोटरों को साथ रखते हुए गुटबाजी दूर करने की कोशिश कर रहे हैं। भाजपा के लिए राहत की बात यह है कि बसपा से पूर्व सांसद नागमणि के मैदान में उतरने से कुर्मी-कोइरी वोट में सेंधमारी की संभावना है। बिहार के रहने वाले नागमणि अविभाजित बिहार के समय 1999 में लोकसभा चुनाव जीत चुके हैं। चतरा लोकसभा सीट में पांच विधानसभा क्षेत्र सिमरिया, चतरा, मनिका, लातेहार और पांकी शामिल हैं।



अन्नपूर्णा देवी।



विनोद सिंह।



जय प्रकाश वर्मा।

### कोडरमा में त्रिकोणीय संघर्ष में फंसीं केंद्रीय मंत्री

कोडरमा लोकसभा सीट पर केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी लगातार दूसरी बार भाजपा उम्मीदवार के रूप में बगोदर से तीन बार के विधायक भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) के प्रत्याशी विनोद सिंह के खिलाफ मैदान में हैं। यहां झामुमो के बागी नेता पूर्व विधायक जय प्रकाश वर्मा निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं। उन्होंने मुकाबले को लगभग त्रिकोणीय बना दिया है। कोडरमा को अगर भाजपा का गढ़ कहा जाता है, तो यह इलाका अपनी अभ्रक बेल्ट के लिए भी प्रसिद्ध है। 1977 में अस्तित्व में आई कोडरमा लोकसभा सीट पर अब तक 16 बार लोकसभा चुनाव हुए हैं। इनमें आठ बार भाजपा ने कमल खिलाया है। कांग्रेस को सिर्फ तीन बार जीत मिली है। कोडरमा लोकसभा क्षेत्र में गांडेय विधानसभा के अलावा बगोदर, जमुआ, धनवार और कोडरमा विधानसभा सीटें आती हैं। यादव और कुशवाह जाति के मतदाता यहां बड़ी संख्या में होने के कारण चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वर्ष 2004 में बिहार से अलग राज्य बनने के बाद कोडरमा का प्रतिनिधित्व झारखंड के पहले मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने किया था। अन्नपूर्णा देवी पहले राष्ट्रीय जनता दल (राजद) में थीं। 2019 के लोकसभा चुनाव से पूर्व वह भाजपा में शामिल हो गई थीं। इसके बाद भाजपा ने उन्हें कोडरमा से लोकसभा की प्रत्याशी बनाया था। अन्नपूर्णा देवी ने 2019 के चुनाव में झारखंड विकास मोर्चा (जेवीएम) से मैदान में उतरे बाबूलाल मरांडी को हरा दिया था। अन्नपूर्णा देवी को 64 .3% वोट मिले जबकि मरांडी 24 .6% वोट ही हासिल कर पाए थे। उनकी जीत का अंतर 4 .55 लाख वोट था। इस तरह कोडरमा से राजद के टिकट पर 2014 का विधानसभा चुनाव हारने वाली अन्नपूर्णा देवी पांच साल बाद भाजपा सांसद बन गईं। मरांडी जैसे दिग्गज नेता को हराने के इनाम के रूप में उन्हें भाजपा का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया। जुलाई 2021 में मोदी मंत्रिमंडल का विस्तार हुआ, तो उस समय भाजपा और जदयू में खींचतान चल रही थी। अन्नपूर्णा देवी को इसका फायदा मिला और यादव कोटे से वह केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री बन गईं। उनका कद और बढ़ गया। माना जा रहा है कि बगोदर से विधायक कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) के प्रत्याशी विनोद सिंह राजद के समर्थन से यादव वोटों में सेंधमारी कर पाने पर ही अन्नपूर्णा देवी के लिए चुनौती बन सकते हैं।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर :** शिवालिक–985 फ्लैग–1100 डीएमओ–870 बोल्ड–1160
**चन्दौसी :** शिवालिक– 990 फ्लैग–1100 बोल्ड– 1140 डीएमओ– 870

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 88650 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 90000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 95000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 75550 |
| गिन्नी (प्रति नग ) | 56300–56500 |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 73,200 |
| चांदी आभूषण | 85,000 |

## हल्द्वानी मंडी

चावल : शरबती– 72 मसूरी– 55 अंगूरी–60 बासमती– 95 दाल दलहन :काला चना– 115–120 साबुत चना दाल– 84 मूंग साबुत– 95–100 राजमा– 150–160 दाल उड़द– 125 साबुत मसूर दाल–75मसूर दाल– 70उड़द साबुत– 125 काबुली चना– 65–85 अरहर दाल–157–160 लोबिया/करमानी– 75–81 सोयाबीन– 45–60 मूंगफली– 75 मटर (सूखी)– 50–61 मक्का– 26

# सेंसेक्स 676 अंक चढ़ा, निफ्टी भी 22 हजार पार

## एचडीएफसी बैंक और इन्फोसिस के शेयरों में लिवाली, अमेरिका व एशिया के बाजारों में तेजी से मिला समर्थन

नई दिल्ली, एजेंसी

स्थानीय शेयर बाजारों में गुरुवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 676 अंक से अधिक के लाभ में रहा। वहीं एनएसई का निफ्टी भी 22,400 अंक के पार निकल गया। वहीं बुधवार को आई गिरावट के बाद बाजार गुरुवार फिर से संभल गया है और करीब एक प्रतिशत के लाभ में रहा। एचडीएफसी बैंक और इन्फोसिस जैसी बड़ी कंपनियों के शेयरों में लिवाली तथा अमेरिका तथा एशिया के अन्य बाजारों में तेजी से बाजार को समर्थन मिला।



● अमेरिका में मुद्रास्फीति अनुमान से कम रहने के मिल रहे संकेत

तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 676.69 अंक यानी 0.93 प्रतिशत की बढ़त के साथ 73,663.72 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह ऊंचे में 73,749.47 अंक तक गया और नीचे में 72,529.97 अंक तक आया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 203.30 अंक यानी 0.92 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,403.85 अंक पर बंद हुआ।

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि वैश्विक स्तर पर मजबूत रुख के बीच घरेलू बाजार में तेजी दिखाई दी है। मजबूत वैश्विक रुख यह संकेत देता है कि अमेरिका में मुद्रास्फीति अनुमान से कम रह सकती है। इससे इस साल वहां नीतिगत दर में कम-से-कम दो बार कटौती की उम्मीद जान पड़ती है।

वहीं सेंसेक्स के शेयरों में महिंद्रा एंड महिंद्रा, भारती एयरटेल, टेक महिंद्रा, टाइटन, इन्फोसिस, जेएसडब्ल्यू स्टील, बजाज फिनसर्व, एचडीएफसी बैंक, लार्सन एंड टुब्रो और कोटक महिंद्रा बैंक आदि प्रमुख रूप से लाभ में रहे। वहीं दूसरी तरफ नुकसान में रहने वाले शेयरों में मारुति, भारतीय स्टेट बैंक, पावर ग्रिड, टाटा मोटर्स और इंडसइंड बैंक आदि के शेयर शामिल हैं।

### उतार- वढ़ाव के बीच बाजार एक प्रतिशत लाभ लेने में रहा सफल

रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा कि कारोबार के दौरान बाजार में उतार–चढ़ाव रहा लेकिन यह लगभग एक प्रतिशत लाभ लेने में कामयाब रहा। मझोली कंपनियों के शेयरों का सूचकांक (मिडकैप) 1.07 प्रतिशत चढ़ा जबकि छोटी कंपनियों के शेयरों का सूचकांक (स्मॉलकैप) 0.85 प्रतिशत लाभ के साथ मजबूत हुआ। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग भी लाभ में रहे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरुआती कारोबार में गिरावट का रुख रहा। अमेरिकी बाजार वॉल स्ट्रीट बुधवार को भी बढ़त में था। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.33 प्रतिशत घटकर 82.45 डॉलर प्रति बैरल रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को 2,832.83 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे।

# विनिवेश के बाद एयर इंडिया नहीं रही सरकार की इकाई : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को फैसले में कहा कि जनवरी, 2022 में टाटा समूह के हाथों अधिग्रहीत होने के बाद एयर इंडिया संविधान के अनुच्छेद 12 के तहत सरकार या इसकी इकाई नहीं रही है और इसके खिलाफ मौलिक अधिकार के उल्लंघन का कोई मामला नहीं बनता है। साथ ही शीर्ष अदालत ने बंबई हाईकोर्ट के 20 सितंबर, 2022 के फैसले के खिलाफ दायर अपील को रद कर दिया।

हाईकोर्ट में एयर इंडिया के कुछ कर्मचारियों की तरफ से वेतन बढ़ोतरी और पदोन्नति जैसे मसलों को उठाया गया था। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने अपने फैसले में कहा कि हाईकोर्ट ने एयर इंडिया के निजीकरण को आधार बनाते हुए इन रिट याचिकाओं को सुनवाई के लायक न मानते हुए उनका निपटारा कर दिया था। पीठ ने कहा कि सरकार ने एयर इंडिया के विनिवेश के दौरान



● 2022 में टाटा समूह ने एयर इंडिया को कर लिया था अधिग्रहीत

● एयर इंडिया के कुछ कर्मचारियों ने वेतन बढ़ोतरी और पदोन्नति की उठाई थी मांग

अपनी 100 प्रतिशत हिस्सेदारी टाटा समूह की इकाई टैलेस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को हस्तांतरित कर दी थी लिहाजा अब इस निजी कंपनी पर उसका कोई प्रशासनिक या सघन व्यापक नियंत्रण नहीं है। एयर इंडिया का सरकार ने विनिवेश किया था जिसमें टाटा समूह के हाथ में इसकी कमान आ गई थी। अपने विनिवेश के बाद कंपनी का नियंत्रण निजी हाथों में चले जाने के बाद उसे अब एक सरकारी इकाई नहीं माना जा सकता है।

## रिलायंस ने की आरईसी सोलर नॉर्वे की बिक्री पूरी

**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) ने करीब 2.2 करोड़ अमेरिकी डॉलर में आरईसी सोलर नॉर्वे एएस को ओस्लो में सूचीबद्ध एल्केम एएसए को बेच दिया है। बिक्री प्रक्रिया पूरी हो गई है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि बिक्री प्रक्रिया पूरी हो गई है। अब आरईसी नॉर्वे कंपनी की अनुषंगी कंपनी नहीं है। आरआईएल ने अमेरिका, यूरोप, ऑस्ट्रेलिया और एशिया में अन्य जगहों सहित वैश्विक स्तर पर हरित ऊर्जा बाजारों में विस्तार को चाइना नेशनल ब्लूस्टार ग्रुप को. से आरईसी सोलर होल्डिंग्स को अक्टूबर 2021 में खरीदा था।

## अल्पकालिक परिपक्वता पर एसबीआई ने एफडी दर बढ़ाई

**नई दिल्ली।** देश के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने चुनिंदा अल्पकालिक परिपक्वता पर सावधि जमा दर में 75 आधार अंक तक की बढ़ोतरी की है। यह कदम अन्य ऋणदाताओं द्वारा भी उठाए जाने की संभावना है। एसबीआई की वेबसाइट पर जारी किए गए संशोधित आंकड़े के अनुसार, 46-179 दिन की सावधि जमा (एफडी) के लिए दर 75 आधार अंक बढ़ाकर 5.50 प्रतिशत कर दी गई है, जो पहले 4.75 प्रतिशत थी। अन्य दो परिपक्वता अवधि 180-210 दिन और 211 दिन से लेकर एक वर्ष से कम में 25 आधार अंक की वृद्धि हुई है, जो क्रमशः छह प्रतिशत और 6.25 प्रतिशत है। दो करोड़ रुपये से कम जमा पर नई दरें 15 मई 2024 से प्रभावी हैं। इसमें कहा गया कि वरिष्ठ नागरिक मानदंडों के अनुसार संशोधित दरों पर अतिरिक्त 50 आधार अंक के पात्र होंगे। एसबीआई ने एक वर्ष से अधिक की अन्य परिपक्वता अवधियों पर ब्याज दरें अपरिवर्तित रखी हैं।

## निर्यात बढ़कर पहुंचेगा 500 अरब डॉलर: फियो

**नई दिल्ली।** निर्यातकों के शीर्ष संगठन फियो ने गुरुवार को कहा कि वैश्विक स्तर पर चुनौतियों के बावजूद देश का वस्तु निर्यात चालू वित्त वर्ष में 12 से 15% बढ़कर 500 अरब डॉलर पर पहुंचने का अनुमान है। फियो ने निर्यात को गति देने के लिए दीर्घकालीन कर्ज देने, ब्याज छूट बढ़ाने, निर्यात विकास कोष बनाने जैसे सुझाव दिये। वस्तु निर्यात 2023-24 में 437.1 अरब डॉलर रहा है। भारतीय निर्यात संगठनों के महासंघ (फियो) के अध्यक्ष अश्विनी कुमार ने कहा कि देश का सेवा निर्यात 2024-25 में 390 से 400 अरब डॉलर पर पहुंच सकता है।

# मेंथा पर फिर फिदा हुए किसान, बढ़ाई पैदावार

● सिंथेटिक मेंथा के उत्पादन व कम दाम से 2020 से घटा था प्रदेश का रकबा

● तीन साल में काफी हुई बढ़ोतरी, नए जिलों में बंद हो गई पैदावार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** देश-विदेश में मेंथा ऑयल की मांग बढ़ने से प्रदेश के किसान इसको पुनः गंभीर हुए हैं। निष्कर्ष यह कि वर्ष 2020 से घटे रकबा और उत्पादन में 2023 तक बढ़ोतरी हुई है। लाभ होता देखकर मेंथा बेल्ट के 37 जिलों के किसान मुख्य फसल उगाने लगे हैं। जबकि कन्नौज समेत कुछ जिलों में पैदावार बंद हो गई है। क्योंकि 2020 में सिंथेटिक मेंथा ऑयल ने बाजार में जगह बनाई थी। जो सस्ता होने से खूब बिका। इससे पैदावार और बिक्री प्रभावित हुई। इस वजह से बेल्ट टूटती गई, लेकिन दवाएं, खाद्य और पेय पदार्थ आदि में असली की जगह सिंथेटिक नहीं ले सका। इस वजह से प्राकृतिक मेंथा की मांग बढ़ने से रकबा और पैदावार में इजाफा होने लगा है।

### ठंडी होती तासीर, किया जाता निर्यात

मेंथा ऑयल की तासीर ठंडी होती है। इसका उपयोग खुशबू वाले उत्पाद में होता है। ज्यादातर औषधीय दवाएं बनती हैं। खाने की चीजें जैसे पान, टॉफी, च्युइंगम, चाकलेट, कैंडी, चाय और मिठाई आदि में डाली जाती है। किसी खाद्य सामग्री का स्वाद बनाने में ज्यादा प्रयोग होता है। कॉस्मेटिक सामान, परफ्यूम, टूथपेस्ट, माउथवाश, शैंपू, बॉडी लोशन, दर्द नाशक क्रीम. साबुन आदि में मेंथा ऑयल डाला जाता है। इसका प्रदेश से निर्यात अमेरिका, चीन और सिंगापुर जैसे देशों में होता है।

### सिंथेटिक हानिकारक, पहचान मुश्किल

कंपनियां सिंथेटिक मेंथा केमिकल से तैयार करती हैं। बिना परीक्षण इसकी पहचान मुश्किल है। इसके सेवन से बीमारियां होती हैं। दवाओं और खाद्य पदार्थों के परीक्षण पर सिंथेटिक की पहचान हुई तो प्रयोग नहीं हुआ। जबकि कॉस्मेटिक सामान बनाने वाली इकाइयां इसका प्रयोग कर रही हैं।

सिंथेटिक मेंथा से से किसानों को अच्छे दाम नहीं मिले थे और उतार चढ़ाव लगा रहा, लेकिन सिंथेटिक की मांग न होने से सुधार हुआ है। जल्द पहले से अधिक उत्पाद करेंगे।
–विजय बहादुर द्विवेदी, निदेशक खाद्य एवं प्रसंस्करण उप्र

### इस तरह घटा और बढ़ा प्रदेश में मेंथा का क्षेत्रफल और पैदावार

| वर्ष | क्षेत्रफल (हे.) | आयल (उत्पाद एमटी) |
|---|---|---|
| 2020 | 3,46,003 | 36,304.12 |
| 2021 | 3,46,299 | 35,007.04 |
| 2022 | 3,47,461 | 35,117.46 |
| 2023 | 3,48,682 | 35,154.10 |

### इन जिलों में हुई बढ़तोरी

| जिला | 2020 | 2023 |
|---|---|---|
| बदायूं | 4837.21 | 4920 |
| मुरादाबाद | 2281 | 2357 |
| रामपुर | 2366 | 2359 |
| संभल | 3591 | 3626 |
| लखनऊ | 910 | 938 |
| सीतापुर | 4656 | 4713 |
| बाराबंकी | 9935 | 9963 |
| बरेली | 74 | 76.21 |

(आंकड़े एमटी में)



## एक नजर

### भंडारे के भोजन से 90 लोग बीमार, अस्पताल में भर्ती

**मुंबई।** महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले में एक मंदिर के बाहर आयोजित भंडारे में खाना खाने से कई लोगों की तबीयत खराब हो गई और कम से कम 90 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा है। पुलिस के अनुसार घटना बुधवार शाम को नायगांव में हुई। शिव मंदिर के बाहर भंडारे का आयोजन किया गया था। भंडारे में श्रद्धालुओं को अम्बील और खीर का प्रसाद दिया गया। अम्बील खाने के बाद श्रद्धालुओं को चक्कर आने के साथ उल्टी होने लगी। शुरुआत में कुछ लोगों को अस्पताल ले जाया गया लेकिन देर शाम कुछ और लोगों ने खाद्य विषाक्तता की शिकायत की।

### सोनीपत में बॉयलर फटने से दो लोगों की मौत

**चंडीगढ़।** हरियाणा के सोनीपत में बॉयलर फटने से दो लोगों की जान चली गई और 25 लोग घायल हो गये हैं। बृहस्पतिवार को पुलिस ने यह जानकारी दी। सोनीपत के कुंडली शहर में बुधवार की रात यह घटना हुई। कुंडली नगर के थाना प्रभारी देवेन्दर सिंह ने फोन पर बताया, हमें घटना स्थल से दो शव मिले हैं। विस्फोट से 25 लोग घायल हो गये हैं। बॉयलर फटने के कारण हुए धमाके से निकटवर्ती इमारत को भी नुकसान पहुंचा है।

### कार में बंद होने के बाद दम घुटने से बच्ची की मौत

**कोटा (राजस्थान)।** राजस्थान के कोटा में कार में बंद हो जाने के कारण तीन वर्षीय बच्ची की दम घुटने से मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक घटना बुधवार की है जब बच्ची के माता–पिता शादी समारोह मे गए थे। मृतक बच्ची की पहचान गोरविका नागर के रूप में हुई। खतौली थाने के प्रभारी बन्ना लाल ने बताया कि प्रदीप नागर अपनी पत्नी और दो बेटियों के साथ जोरावरपुरा गांव में शादी समारोह में शामिल होने गए थे। जैसे ही परिवार कार्यक्रम स्थल पर पहुंचा, मां और उसकी बड़ी बेटी कार से बाहर निकल आईं और प्रदीप वाहन पार्क करने चले गए। प्रदीप को लगा कि गोरविका अपनी मां के साथ है और उन्होंने कार को लॉक किया। बाद में बच्ची का पता नहीं चलने पर उसको ढूंढना शुरू किया। माता–पिता ने बच्ची को कार की पिछली सीट पर बेहोश पाया और उसे अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### 2.71 करोड़ डोडा पोस्त छिलका जब्त, दो गिरफ्तार

**चूरू।** राजस्थान में चूरू जिले की सेड़वा थाना पुलिस ने गुरुवार को नाकाबंदी के दौरान कंटेनर से दो करोड 71 लाख मूल्य का डोडा पोस्त छिलका जब्त कर दो तस्करों को गिरफ्तार किया। एसपी जय यादव ने बताया कि थाना प्रभारी अल्का बिश्नोई की टीम ने मामले में पलविंद्र सिंह निवासी पंजाब एवं मंगल पासवान निवासी यूपी को पकड़ा है।

# देश को नहीं चाहिए एक-एक साल वाला पीएम: शाह

## केंद्रीय गृह मंत्री ने बिहार के सीतामढी और मधुबनी में राजग उम्मीदवारों की रैलियों में इंडिया गठबंधन को घेरा

सीतामढी/मधुबनी, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को विपक्षी इंडिया गठबंधन पर प्रहार करते हुए कहा कि देश को एक मजबूत प्रधानमंत्री चाहिए, न कि बारी-बारी, एक-एक साल के लिए प्रधानमंत्री। बिहार के सीतामढी और मधुबनी में राजग उम्मीदवारों के पक्ष में अलग-अलग रैलियों को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि इंडिया गठबंधन वालों का कुछ होना नहीं है। पर मान लीजिए, वे स्वप्न में भी जीत जाते हैं तो उनका प्रधानमंत्री पद के लिए उम्मीदवार कौन होगा। ममता बनर्जी बन सकती हैं क्या, लालू बन सकते हैं क्या, स्टालिन बन सकते हैं क्या, शरद पवार बन सकते हैं क्या, जब गठबंधन वालों से पूछा गया कि



बिहार के मधुबनी में लोकसभा चुनाव के लिए एक सार्वजनिक रैली के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का अभिनंदन किया गया।

आपका प्रधानमंत्री का प्रत्याशी कौन है तो उन्होंने कहा, बारी-बारी एक-एक साल बनेंगे। अरे यह परचून की दुकान है क्या कि पीढ़ी दर पीढ़ी चलेगी।

उन्होंने कहा, देश को मजबूत प्रधानमंत्री चाहिए जो उसे सभी खतरों से निकाल ले। कोरोना जैसी महामारी आ जाए तो नेतृत्व करे। देश को अगर संकट से कोई बचा सकता है तो वह मोदी हैं। महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का काम नरेन्द्र मोदी ने किया। मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बना दीजिए, गो हत्या करने वालों को उल्टा लटकाकर सीधा करने का काम करेंगे। पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) पर प्रतिबंध लगाने के सरकार के फैसले पर शाह ने कहा, यह केंद्र सरकार का सही फैसला था। पीएफआई देश को इस्लामिक राज्य बनाना चाहता था। ये कांगेस वाले, ये फारूक अब्दुल्ला हमें डराते हैं कि पीओके मत मांगिए, पाकिस्तान के पास एटम बम है। अरे राहुल बाबा, आप डरिए पाकिस्तान से, एटम बम से, यह भारत किसी से नहीं डरता। मैं आज सीता माता की धरती पर कहकर जाता हूं, पीओके भारत का है, रहेगा और वह हम लेकर रहेंगे।

### मां सीता की जन्म भूमि पर स्मारक बनाने का काम बाकी

उन्होंने कहा, मोदी जी ने अयोध्या में रामलला का मंदिर बनाया। एक काम पूरा हुआ। अब मां सीता की जन्म भूमि पर महान स्मारक बनाने का काम बाकी है। रामलला के मंदिर से अपने आपको दूर रखने वाले वह नहीं बना सकते। सीता माता का भाव, उनके त्याग, समर्पण, तपस्या और आदर्श के अनुरूप स्मारक/मंदिर अगर कोई बना सकता है तो नरेन्द्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी ही बना सकती है। मैं आप लोगों को विश्वास दिलाकर जाता हूं, न केवल भारत, न केवल बिहार, न केवल पूर्वांचल, मिथिलांचल, पूरी दुनिया का आकर्षण का केंद्र हमारा सीतामढ़ी बने, ऐसा भव्य मंदिर बनाने का काम हम करेंगे। शाह ने कहा, देश में 10 साल तक सोनिया–मनमोहन की सरकार चली जिसमें लालू यादव भी मंत्री थे। उन्होंने बिहार को मात्र दो लाख 80 हजार करोड़ रुपये दिए, जबकि मोदी जी ने अपने 10 साल के कार्यकाल में बिहार को 11 लाख 33 हजार करोड़ रुपये देने का काम किया।

# सरकार बनी तो 30 लाख पदों पर भर्ती कर देंगे शुरू : राहुल

नई दिल्ली, एजेंसी



● कांग्रेस नेता ने एक एक वोट को बताया जरूरी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अन्याय को मिटाने के लिए एक एक वोट को जरूरी बताते हुए कहा है कि केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनती है तो 15 अगस्त तक 30 लाख पदों पर भर्ती शुरु कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में न्याय नहीं हो रहा है।

जल, जमीन और जंगल से आदिवासियों के हकों को छीना जा रहा है और सबके साथ अन्याय हो रहा है इसलिए न्याय के लिए हर एक वोट जरूरी है। उन्होंने कहा कि अपने वोट की ताकत समझिए। आपका एक वोट, 15 अगस्त तक 30 लाख सरकारी पदों की भर्ती का काम शुरू करवाएगा। एक जुलाई से गरीब महिलाओं के खाते में 8,500 रुपए हर माह खटाखट पहुंचाएगा- आपका एक वोट। कांग्रेस को मिला आपका एक वोट युवाओं को 1 लाख रुपए वर्ष की पहली नौकरी दिलवाएगा, आपको अधिकार देने वाले संविधान की रक्षा करेगा, अपनी सरकार चुनने का अधिकार सुरक्षित कर लोकतंत्र बचाएगा और वंचितों के हक, भागीदारी तथा आरक्षण की रक्षा करने के साथ ही जल, जंगल, जमीन पर आदिवासियों का अधिकार कायम रखेगा। इन्डिया गठबंधन को मिला आपका हर वोट, मजबूत लोकतंत्र और सशक्त नागरिक बनाएगा।

# कोर्ट के संज्ञान के बाद आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकती ईडी

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को अपने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा कि धन शोधन निवारण अधिनियम की धारा 44 के तहत एक शिकायत पर अदालत के संज्ञान लेने के बाद प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) किसी व्यक्ति को गिरफ्तार नहीं कर सकता। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने यह सुनवाई के दौरान अपना फैसला सुनाया।

उच्चतम न्यायालय ने अपीलकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ वकील सिद्धार्थ लूथरा और ईडी का पक्ष रख रहे अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू की दलीलें सुनने के बाद धन शोधन निवारण अधिनियम के प्रावधानों के संबंध में कई निर्देश जारी किए।



● सुप्रीम कोर्ट ने धन शोधन निवारण अधिनियम के प्रावधानों के संबंध में जारी किए निर्देश

शीर्ष अदालत की पीठ ने कहा कि अगर ईडी उसी अपराध की आगे की जांच करने के लिए अदालत की ओर से समन जारी होने के बाद कोर्ट में पेश हुए आरोपी की हिरासत चाहती है तो उसे (केंद्रीय जांच एजेंसी) को विशेष अदालत में आवेदन करके आरोपी की हिरासत मांगनी होगी। इसके बाद संक्षिप्त कारण दर्ज करने के बाद आवेदन पर आदेश पारित करना होगा।

### आरोपी को रिहाई के लिए जमानत की दोहरी शर्तों को पूरा करने की आवश्यकता नहीं

शीर्ष अदालत ने कहा कि आरोपी को अदालत की ओर से समन किया जाना चाहिए, लेकिन उसे अपनी रिहाई के लिए जमानत की दोहरी शर्तों को पूरा करने की आवश्यकता नहीं है। पीठ ने कहा, यदि आरोपी समन (अदालत के) के अनुसार विशेष अदालत के समक्ष पेश होता है तो यह नहीं माना जा सकता कि वह हिरासत में है। इसलिए आरोपी के लिए जमानत के वास्ते आवेदन करना जरूरी नहीं है।

# झारखंड के मंत्री आलमगीर छह दिन की रिमांड पर

रांची, एजेंसी

● धन शोधन में ईडी ने बुधवार को आलम को किया था गिरफ्तार

धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की एक विशेष अदालत ने धनशोधन मामले की जांच के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तार किए गए झारखंड की पाकुड़ सीट से विधायक और राज्य सरकार में संसदीय मामलों के मंत्री आलमगीर आलम को बृहस्पतिवार को छह दिनों के लिए केंद्रीय एजेंसी की हिरासत में भेज दिया। ईडी ने आलम के लिए 10 दिन की रिमांड मांगी थी। आलम को ईडी ने बुधवार को छह घंटे की पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया था।

आलम के वकील किशलय प्रसाद ने कहा कि मंत्री की छह दिन की रिमांड शुक्रवार से शुरू होगी। आज, वह न्यायिक हिरासत में हैं। आलम के खिलाफ कोई विशिष्ट आरोप नहीं हैं। सब कुछ अस्पष्ट है। उन्होंने (ईडी) न तो किसी ऐसे व्यक्ति के नाम का खुलासा किया, जिसने पैसे लिये हैं और न ही अपराध किसने किया, इसका जिक्र है। नकदी किसी जहांगीर के पास से बरामद हुई है और उसका आलमगीर आलम से कोई लेना-देना नहीं है। आलम के वकील ने ईडी की रिमांड याचिका का विरोध करते हुए अदालत में 70 वर्षीय मंत्री की स्वास्थ्य स्थिति का भी हवाला दिया।

# चुनाव के चार चरणों में 67% हुआ मतदान

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने बृहस्पतिवार को कहा कि लोकसभा चुनाव के पहले चार चरणों में कुल मतदान 66.95 प्रतिशत दर्ज किया गया। करीब 97 करोड़ पंजीकृत मतदाताओं में से 45.1 करोड़ लोगों ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया है। आयोग ने बयान में मतदाताओं का आह्वान किया कि वे आने वाले चरणों में मतदान के लिए बड़ी संख्या में बाहर निकलें। आयोग के अनुसार, 13 मई को हुए चौथे चरण में अद्यतन मतदान 69.16 प्रतिशत था, जो 2019 के संसदीय चुनावों में इसी चरण की तुलना में 3.65 प्रतिशत अंक अधिक है। लोकसभा चुनाव में तीसरे चरण के मतदान के लिए अद्यतन मतदान का आंकड़ा 65.68 प्रतिशत रहा। 2019 के आम चुनाव के तीसरे चरण में 68.4 प्रतिशत मतदान हुआ था। गत, 26 अप्रैल को हुए चुनाव के दूसरे चरण में 66.71 प्रतिशत मतदान हुआ, जबकि 2019 के दूसरे चरण में 69.64 प्रतिशत मतदान हुआ था। मौजूदा आम चुनाव के पहले चरण में 66.14 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। 2019 के चुनाव में पहले चरण में 69.43 फीसदी मतदान हुआ था।

● आयोग ने मतदान करने का लोगों से किया आग्रह

## बीआरएस नेता कविता की याचिका पर रुख स्पष्ट करे सीबीआई

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले में बीआरएस नेता के. कविता की जमानत याचिका पर गुरुवार को सीबीआई से अपना रुख स्पष्ट करने को कहा।

न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने सीबीआई को नोटिस जारी किया और सुनवाई 24 मई के लिए तय कर दी। इसी दिन ईडी के धन शोधन के मामले में जमानत को लेकर कविता द्वारा दाखिल अन्य याचिका पर भी सुनवाई होनी है। कोर्ट ने नोटिस जारी किया और अधीनस्थ न्यायालय के आदेश के खिलाफ कविता की एक अन्य याचिका पर भी सीबीआई से जवाब मांगा।

# यूपी में धर्म परिवर्तन मामले में निचली अदालत की कार्यवाही पर शीर्ष रोक

नई दिल्ली, एजेंसी

● प्राथमिकी में हिंदुओं को अवैध रूप से ईसाई धर्म में परिवर्तित कराने का आरोप

उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को उत्तर प्रदेश की सैम हिगिनबॉटम यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर, टेक्नोलॉजी एंड साइंसेज के कुलपति और अन्य के खिलाफ अवैध धर्मांतरण के आरोप में दर्ज पांच प्राथमिकियों पर निचली अदालत में कार्यवाही पर रोक लगा दी।

प्राथमिकी में हिंदुओं को अवैध रूप से ईसाई धर्म में परिवर्तित कराने का आरोप है। शीर्ष अदालत ने निचली अदालत की कार्यवाही जारी रखने के संबंध में उत्तर प्रदेश सरकार के अनुरोध को स्वीकार नहीं किया। न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने अपने आदेश में कहा कि मामले में सुनवाई अदालत में प्राथमिकी के संबंध में आगे की कार्यवाही नहीं होनी चाहिए। पीठ ने कुलपति राजेंद्र बिहारी लाल की ओर से पेश वरिष्ठ वकील सिद्धार्थ दवे समेत कई वकीलों की इस दलील पर गौर किया कि निचली अदालत में कार्यवाही पर रोक लगा दी जाए क्योंकि सभी आरोपियों को इन मामलों में राज्य पुलिस द्वारा दाखिल नए आरोपपत्रों के मद्देनजर जारी किए गए समन के बाद पेश होना होगा। आरोपियों के वरिष्ठ वकील मुक्ता गुप्ता ने कहा कि कथित पीड़ितों में से किसी की भी गवाही राज्य पुलिस द्वारा दर्ज नहीं की गई, जिनके बारे में दावा किया गया था कि उन्हें बहकाकर ईसाई धर्म में परिवर्तित कराया गया था। पीठ ने दलीलें सुनीं और मामले की अगली सुनवाई दो अगस्त के लिए सूचीबद्ध की।

## कोर्ट ने यादव सिंह को सीबीआई की गिरफ्तारी से संरक्षण किया प्रदान

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बृहस्पतिवार को नोएडा प्राधिकरण के पूर्व मुख्य अभियंता यादव सिंह को भ्रष्टाचार के मामले में सीबीआई द्वारा गिरफ्तारी से संरक्षण प्रदान किया। भ्रष्टाचार के इस मामले में यादव सिंह ने दिसंबर 2011 में कथित तौर पर 954 करोड़ रुपये के 1280 रखरखाव ठेकों का काम आठ दिन में कराया था।

● सीबीआई के आरोप पत्र दायर करने के बाद जारी हुआ जमानती वारंट

न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने यादव सिंह की ओर से पक्ष रख रहे वरिष्ठ अधिवक्ता एनके कौल की इन दलीलों पर संज्ञान लिया कि मामले में आरोपी के खिलाफ सीबीआई द्वारा पूरक आरोपपत्र दायर किये जाने के बाद उनके खिलाफ एक जमानती वारंट जारी किया गया है। वरिष्ठ अधिवक्ता ने कहा कि तीन साल से अधिक समय तक जेल में रहने के बाद शीर्ष अदालत ने उन्हें जमानत दे दी थी और अब उन्हें ताजा पूरक आरोपपत्र दाखिल होने के मद्देनजर नए सिरे से गिरफ्तारी की आशंका है।

**आज का मुकाबला**
मुंबई इंडियंस
बनाम
लखनऊ सुपरजाइटंस
शाम 7:30 बजे

**पर्पल कैप**

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| हर्षल पटेल (पंजाब) | 13 | 22 |
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 13 | 20 |
| वरुण चक्रवर्ती (केकेआर) | 12 | 18 |

**ऑरेंज कैप**

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 13 | 661 |
| ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई) | 13 | 583 |
| ट्रेविस हेड (हैदराबाद) | 11 | 533 |

## जीत से विदा चाहेंगे मुंबई-लखनऊ

मुंबई, एजेंसी



आईपीएल प्लेआफ की दौड़ से बाहर हो चुकी मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपर जाइंट्स शुक्रवार को वानखेड़े स्टेडियम पर अपने आखिरी मैच में जीत के साथ टूर्नामेंट से विदा लेने की कोशिश करेंगी। मुंबई इंडियंस काफी पहले ही प्लेआफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है जबकि लखनऊ सुपर जाइंट्स अगर आखिरी मैच में भारी अंतर से जीत दर्ज करती है तो भी उसके अंतिम चार में पहुंचने की संभावना नगण्य हैं। तीन मैचों में लगातार हार से लखनऊ ने अंक भी गंवाये और रनरेट भी खराब हो गया।

सातवें स्थान पर काबिज लखनऊ का नेट रनरेट माइनस 0.787 है जबकि छठे स्थान की टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू का रनरेट 0.387 है। पांच बार की आईपीएल चैंपियन मुंबई इंडियंस प्लेआफ की दौड़ से बाहर होने वाली पहली टीम थी। नये कप्तान हार्दिक पंड्या के साथ इस सत्र में टीम का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। अब तक 13 मैचों में बस चार जीत सकी मुंबई इंडियंस शुक्रवार को जीत जाती है तो उसके दस अंक होंगे जिससे वह आखिरी स्थान पर रहने से बच सकती है। सत्र से पहले रोहित शर्मा की जगह पंड्या को कप्तानी सौंपे जाने से मुंबई के प्रशंसकों में काफी आक्रोश था जिसका टीम के प्रदर्शन पर भी असर पड़ा। लखनऊ के कप्तान केएल राहुल ने तीन अर्धशतक समेत 136.36 के स्ट्राइक रेट से 465 रन बनाए। उनका स्ट्राइक रेट हालांकि चर्चा का विषय रहा। निकोलस पूरन ने अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन एक ईकाई के रूप में टीम नाकाम रही।

## हस्सी को उम्मीद, दो साल और खेलेंगे धोनी



**बेंगलुरू।** चेन्नई सुपर किंग्स के बल्लेबाजी कोच माइकल हस्सी को उम्मीद है कि करिश्माई महेंद्र सिंह धोनी अगले दो साल और टीम के साथ रहेंगे क्योंकि वह बेहतरीन बल्लेबाजी कर रहे हैं। आईपीएल 2024 की शुरूआत से एक दिन पहले रूतुराज गायकवाड़ को कप्तानी सौंपकर 42 वर्ष के धोनी ने सभी को हैरान कर दिया था।

हस्सी ने कहा हम उम्मीद कर रहे हैं कि वह खेलते रहेंगे। वह इतनी अच्छी बल्लेबाजी कर रहे हैं। वह शिविर में जल्दी आकर काफी अभ्यास करते हैं और पूरे सत्र में फॉर्म में रहे हैं। उन्होंने कहा हम उनके कार्यभार को अच्छे से मैनेज कर पाये हैं। पिछले सत्र के बाद उनके घुटने का आपरेशन हुआ था। उम्मीद है कि वह दो साल और खेलेंगे।

## एक बार काम हो गया तो चला जाऊंगा फिर जल्दी नजर नहीं आऊंगा : कोहली

बेंगलुरू, एजेंसी



भारत के सुपरस्टार बल्लेबाज विराट कोहली को पता है कि वह हमेशा खेलते नहीं रह सकते लेकिन विदा लेने से पहले वह अपना सबकुछ क्रिकेट कैरिअर को देना चाहते हैं और उनका कहना है कि एक बार जाने के बाद वह कुछ समय नजर भी नहीं आएंगे। कोहली आईपीएल में इस सत्र में अब तक का रिकॉर्ड आठवां शतक जड़ चुके हैं। उन्होंने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के लिए 13 मैचों में 661 रन बनाए हैं।

आरसीबी द्वारा सोशल मीडिया पर डाले गए वीडियो में 35 वर्ष के कोहली ने कहा कि मलाल के बिना जीने की ललक ही उनकी प्रेरणा है। मैं कोई भी काम अधूरा नहीं छोड़ना चाहता ताकि बाद में कोई पछतावा नहीं हो। एक बार काम पूरा हो जाए तो मैं चला जाऊंगा और फिर कुछ समय नजर नहीं आऊंगा। जब तक मैं खेल रहा हूं, अपना सब कुछ खेल को देना चाहता हूं। हर खिलाड़ी के कैरिअर का अंतिम समय आता है। मैं भी हमेशा खेलता नहीं रहूंगा लेकिन मैं इस सोच के साथ विदा नहीं लेना चाहता कि अगर मैने उस दिन ऐसा किया होता तो अच्छा होता।

## आईपीएल मैचों में अधिकतम बाउंड्री रखना बेहतर : कुंबले

### गेंदबाजों की बढ़ी हैं मुश्किलें, हर खिलाड़ी बनना चाहता है बल्लेबाज

नई दिल्ली, एजेंसी



महान स्पिनर अनिल कुंबले को डर है कि अगर क्रिकेट का खेल बल्लेबाजों के पक्ष में झुका रहा तो अगले कुछ वर्षों में काफी अधिक युवा गेंदबाजी करने के लिए तैयार नहीं होंगे। उन्होंने गेंद और बल्ले के बीच संतुलन बहाल करने के लिए आईपीएल स्थलों में जितनी अधिक लंबी संभव हो उतनी बाउंड्री रखने और गेंद में अधिक उभरी हुई सीम रखने वकालत की।

मौजूदा सत्र में छोटी बाउंड्री, सपाट पिचों और इंपेक्ट खिलाड़ी नियम के कारण बल्लेबाजी में मदद मिलने के कारण 250 रन से अधिक का स्कोर आठ बार बन चुका है। महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर की तरह कुंबले को भी लगता है कि अधिकतम बाउंड्री रखना समय की मांग है। कुंबले ने कहा, यह वास्तव में गेंदबाजों के लिए कठिन रहा है, खासकर टूर्नामेंट के पहले भाग में। मैं निश्चित रूप से मानता हूं कि आपको हर स्थान पर अधिकतम बाउंड्री रखने की जरूरत है। कोशिश करें और स्थल पर सबसे बड़ी बाउंड्री बनाएं। मुझे पता है कि आप कुछ सीटें खो देंगे लेकिन ऐसा होता है।

कुंबले ने कहा हमने देखा है कि गेंद एक ओवर के बाद या कभी-कभी उससे भी कम समय में स्विंग करना बंद कर देती है। आपको बल्ले और गेंद के बीच संतुलन की जरूरत होती है। आप सिर्फ दौड़कर नहीं आते रह सकते क्योंकि कुछ वर्षों बाद आपके पास गेंदबाजी से जुड़ने के लिए बहुत अधिक युवा खिलाड़ी नहीं होंगे। उन्होंने कहा हर कोई बल्लेबाज बनना चाहता है। आईपीएल के खेलने के हालात के अनुसार खेलने का मैदान स्क्वायर बाउंड्री से बाउंड्री तक न्यूनतम 150 गज (137.16 मीटर) होगा जबकि छोटी बाउंड्री कम से कम 65 गज (59.43 मीटर) की होगी।

### केएल राहुल ने इस बार बल्ले से खराब प्रदर्शन नहीं किया है : क्लूजनर

**मुंबई।** लखनऊ सुपर जायंट्स के सहायक कोच लांस क्लूजनर ने कहा कि टीम के कप्तान केएल राहुल भले ही थोड़ा हताश हों लेकिन बल्ले से उन्होंने बिलकुल भी खराब प्रदर्शन नहीं किया है क्योंकि विकेट गिरने के कारण उन्हें अपनी आक्रामकता पर लगाम रखने के लिए बाध्य होना पड़ा। राहुल अपने स्ट्राइक रेट की वजह से चर्चा में रहे हैं और वह 13 मैच में तीन अर्धशतक से 136.36 के स्ट्राइक रेट से इस सत्र में 465 रन बनाकर सातवें सबसे ज्यादा रन जुटाने वाले खिलाड़ी हैं। लेकिन फिर भी लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम प्लेऑफ की दौड़ से बाहर होने की कगार पर है। शुक्रवार को सातवें स्थान पर चल रही लखनऊ की टीम मुंबई इंडियंस से भिड़ेगी जो दोनों टीमों के लिए इस आईपीएल का अंतिम ग्रुप मैच होगा। क्लूजनर ने गुरुवार को यहां वानखेडे स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स के ट्रेनिंग सत्र के दौरान मीडिया से कहा उसने टूर्नामेंट के दौरान कुछ बेहतरीन प्रदर्शन दिए हैं।



## बारिश ने बढ़ाई सनराइजर्स की मुश्किलें

**हैदराबाद।** हैदराबाद और गुजरात के मैच पर बारिश का साया छाया रहा। एक तरफ जहां इस मैच में गुजरात के लिए कुछ नहीं बचा वहीं अपने घरेलू मैदान पर खेल रही सनराइजर्स हैदाराबाद के लिए यह मुकाबला प्लेआफ की टिकट की तरफ उनका अगला कदम तय करने के लिए अहम है। सुबह से ही हैदाराबाद के इस मैच पर संकट के बादल छाए हुए थे। खबर लिखे जाने तक टॉस नहीं हो पाया था। बता दें कि गुजरात का पिछला मुकाबला भी बारिश की भेंट चढ़ गया था। शाम 7.30 बजे एक बार बारिश रुकी जरूर और हैदराबाद के फैंस को लगा कि अब उन्हें लबां इंतजार नहीं करना पड़ेगा जल्द ही मैच शुरू होगा, लेकिन ऐसा हुआ नहीं 7.42 बजे बारिश ने एक बार दस्तक दे कर हैदराबाद के फैंन का दिल तोड़ दिया। बता दें कि अगर किसी चमत्कार से यह मैच होता भी है तो 20-20 ओवर का नहीं हो पाएगा और अगर मुकाबला नहीं खेला जाता है तो दोनों टीमों को एक-एक अंक दे दिया जाएगा। हैदराबाद के लिए एक अंक का मतलब होगा कि प्लेआफ के सफर में उसे और मुश्किलों का सामना करना होगा। वहीं, गुजरात के लिए जीत से इस आईपीएल के सफर को अलविदा कहने का सपना भी अधूरा रह जाएगा।

**अंकतालिका**

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रद | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कोलकाता (क्वा) | 13 | 9 | 3 | 19 | 1 | +1.428 |
| राजस्थान | 13 | 8 | 5 | 16 | 0 | +0.273 |
| चेन्नई | 13 | 7 | 6 | 14 | 0 | +0.528 |
| हैदराबाद | 12 | 7 | 5 | 14 | 0 | +0.406 |
| दिल्ली | 14 | 7 | 7 | 14 | 0 | -0.377 |
| बेंगलुरु | 13 | 6 | 7 | 12 | 0 | +0.387 |
| लखनऊ | 13 | 6 | 7 | 12 | 0 | -0.787 |
| गुजरात (बा) | 13 | 5 | 7 | 11 | 1 | -1.063 |
| पंजाब (बा) | 13 | 5 | 8 | 10 | 0 | -0.347 |
| मुंबई (बा) | 13 | 4 | 9 | 8 | 0 | -0.271 |

**खेल डायरी**

### सात्विक-चिराग थाईलैंड ओपन के क्वार्टर फाइनल में



**बैंकॉक।** युवा भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी मेईराबा लुवांग मैसनाम और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी तथा चिराग शेट्टी की स्टार पुरुष युगल जोड़ी अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए गुरुवार को यहां थाईलैंड ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई। हमवतन एचएस प्रणय पर उलटफेर भरी जीत के एक दिन बाद 21 वर्षीय मेईराबा ने 50 मिनट तक चले पुरुष एकल के दूसरे दौर के मुकाबले में डेनमार्क के मैड्स क्रिस्टोफरसन को 21-14, 22-20 से हरा दिया। मेईराबा को अगले दौर में विश्व चैंपियन और स्थानीय दावेदार कुनलावुत वितिदसार्न की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। सात्विक और चिराग की दुनिया की तीसरे नंबर की भारतीय जोड़ी ने अपने दूसरे दौर के मुकाबले में 69वीं रैंकिंग वाले शेई साओ नान और झेंग वेई हान को 21-16, 21-11 से हराया। एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता भारतीय जोड़ी का सामना अगले दौर में जुनैदी आरिफ और रॉय किंग याप की मलेशिया की जोड़ी से होगा।

### श्रीलंका की महिला टीम वेस्टइंडीज के साथ खेलेगी वनडे और टी-20

**कोलंबो।** श्रीलंका की महिला टीम वेस्टइंडीज के साथ 15 से 28 जून तक तीन एकदिवीसय और तीन टी-20 मैचों की श्रृंखला की मेजबानी करेगी। 20 जुलाई से श्रीलंका में होने वाले टी-20 एशिया कप की तैयारी के मद्देनजर इस श्रृंखला को महत्वपूर्ण माना जा रहा। मार्च और अप्रैल में दक्षिण अफ्रीका के उनके सफल दौरे के बाद इस वर्ष यह श्रीलंका की महिला टीम की दूसरी द्विपक्षीय टी-20 श्रृंखला होगी। श्रीलंका की टीम अगस्त में आयरलैंड का दौरे पर जाएगी। वेस्टइंडीज की महिला टीम ने हाल ही में पाकिस्तान का एक महीने का दौरा पूरा किया जहां उन्होंने एकदिवसीय और टी-20 सीरीज में जीत दर्ज की। इससे पहले दोनों टीमों के बीच 2017 में द्विपक्षीय श्रृंखला खेली गई थी।

### टी20 हरफनमौलाओं की रैंकिंग में हसरंगा के साथ शीर्ष पर शाकिब

**दुबई।** हार्दिक पंड्या टी20 हरफनमौलाओं की आईसीसी रैंकिंग में सातवें स्थान पर बने हुए हैं जबकि श्रीलंका के स्पिनर वानिंदु हसरंगा बांग्लादेश के शाकिब अल हसन के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर पहुंच गए हैं। पांड्या 185 अंकों के साथ सातवें स्थान पर हैं। हसरंगा और शाकिब के 228 अंक हैं। अफगानिस्तान के मोहम्मद नबी 218 अंक लेकर तीसरे स्थान पर हैं जबकि जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा के 210 अंक हैं। दक्षिण अफ्रीका के एडेन माक्रम पांचवें स्थान पर और आस्ट्रेलिया के मार्कस स्टोइनिस छठे स्थान पर हैं। बल्लेबाजों की रैंकिंग में भारत के सूर्यकुमार यादव 861 अंक लेकर शीर्ष पर हैं जबकि इंग्लैंड के फिल साल्ट 802 अंक के साथ दूसरे स्थान पर हैं।

### ओलंपिक चयन ट्रायल में जीते अंजुम और स्वप्निल



**भोपाल।** ओलंपियन अंजुम मोदगिल और पेरिस ओलंपिक खेलों के कोटा विजेता स्वप्निल कुसाले ने गुरुवार को यहां चल रहे ओलंपिक चयन ट्रायल में क्रमश: महिला और पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन स्पर्धा में पहली जीत दर्ज की। पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन स्पर्धा के फाइनल में स्वप्निल ने 463.7 अंक का स्कोर बनाकर अखिल श्योराण (461.6 अंक) की चुनौती पस्त की। स्थानीय निशानेबाज ऐश्वर्य तोमर 451.9 अंक के स्कोर से तीसरे स्थान पर रहे। महिलाओं के थ्री पोजिशन फाइनल में अंजुम ने 463.9 अंक का स्कोर बनाया और भारत की नंबर एक निशानेबाज सिफत कौर सामरा को 1.9 अंक से पछाड़ दिया। आशी चौकसे 447.3 अंक से तीसरे स्थान पर रहीं। महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल के टी3 क्वालीफिकेशन में ओलंपियन मनु भाकर 577 के स्कोर से शीर्ष पर रही।

## हमें अगले मैच में स्मार्ट क्रिकेट खेलना होगा : संजू सैमसन

गुवाहाटी, एजेंसी



राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन ने कहा कि हमें अपनी योजनाओं पर कायम रहते हुए अगले मैच में स्मार्ट क्रिकेट खेलना होगा।

उन्होंने पंजाब किंग्स के हाथों मिली हार के बाद कहा ईमानदारी से कहूं तो हम एक अच्छे विकेट की अपेक्षा कर रहे थे। यह 140 रन वाली यह पिच नहीं थी, लेकिन हमें 160-170 तो बनाने ही चाहिए थे। हम ऐसे विकेटों पर खेलने के आदी नहीं हैं। हमें यहां पर अगले मैच में स्मार्ट क्रिकेट खेलना होगा। सैमसन ने कहा ईमानदारी से कहूं तो हमें स्वीकार करना होगा कि हमें असफलता मिली है। हमें अपनी योजनाओं पर कायम रहना होगा। जब आप लगातार चार मैच हारते हैं तो आपको देखना होगा कि कहां कमी हो रही है, टीम के लिए क्या अच्छा नहीं जा रहा है। किसी एक को आगे आकर कहना होगा।

## पेरिस खेलों की चयन पात्रता पर 21 मई को फैसला करेगा डब्ल्यूएफआई

**नई दिल्ली।** भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) पेरिस ओलंपिक के लिए भारतीय टीम चुनने के लिए 21 मई को चयन मानदंड तय करेगा। भारत ने ओलंपिक खेलों के लिए कुश्ती में छह कोटा स्थान हासिल किए हैं जिनमें से पांच महिला पहलवानों को मिले हैं। अमन सहरावत पुरुषों के फ्रीस्टाइल 57 किग्रा वर्ग में कोटा हासिल करने वाले एकमात्र पुरुष पहलवान हैं। डब्ल्यूएफआई ने कहा था कि वह 26 जुलाई से शुरू होने वाले पेरिस खेलों में देश का प्रतिनिधित्व करने वाले पहलवानों का चयन करने के लिए एक अंतिम ट्रायल आयोजित करेगा। डब्ल्यूएफआई के एक सूत्र ने बताया डब्ल्यूएफआई ने चयन मानदंड तय करने के लिए 21 मई को दिल्ली में चयन समिति की बैठक बुलाई है। दोनों शैलियों के दो मुख्य कोच चर्चा का हिस्सा होंगे।

## पेरिस ओलंपिक : शरत, मनिका का ओलंपिक टीम में पदार्पण

नई दिल्ली, एजेंसी



अनुभवी शरत कमल और दुनिया की 24वें नंबर की खिलाड़ी मनिका बत्रा पेरिस खेलों में क्रमशः भारतीय पुरुष और महिला टीम का नेतृत्व करेंगे जहां देश टीम स्पर्धाओं में ओलंपिक में पदार्पण करेगा।

भारतीय टेबल टेनिस महासंघ (टीटीएफआई) की सीनियर चयन समिति ने गुरुवार को ओलंपिक मानदंडों के अनुसार छह सदस्यीय टीम (प्रत्येक वर्ग में तीन) का चयन किया। इसके अलावा एकल स्पर्धाओं में प्रतिस्पर्धा करने वाले खिलाड़ियों का भी चयन किया गया। शरत, हरमीत देसाई और मानव ठक्कर को तीन सदस्यीय पुरुष टीम में जगह मिलेगी जबकि मनिका, श्रीजा अकुला और अर्चना कामथ महिला वर्ग में टीम के सदस्य होंगे। प्रत्येक वर्ग में वैकल्पिक खिलाड़ी जी साथियान और आयहिका मुखर्जी होंगे। पुरुष एकल में शरत और हरमीत प्रतिस्पर्धा करेंगे जबकि महिला एकल में मनिका और श्रीजा चुनौती पेश करेंगी। यह निर्णय नवीनतम विश्व रैंकिंग के आधार पर लिया गया है।

## सुनील छेत्री ने फुटबॉल से संन्यास लेने की घोषणा की



**नई दिल्ली।** भारत के दिग्गज फुटबॉल खिलाड़ी सुनील छेत्री ने गुरुवार को अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास लेने की घोषणा करते हुए कहा कि छह जून को कोलकाता के साल्ट लेक स्टेडियम में कुवैत के खिलाफ होने वाला फीफा विश्व कप क्वालीफायर मैच उनका आखिरी मुकाबला होगा। सुनील छेत्री ने सोशल मीडिया मंच पर भावनात्मक पोस्ट में कहा आप जानते हैं, पिछले 19 वर्षों में मुझे जो एहसास याद है, वह कर्तव्य, दबाव और अपार खुशी का एक बहुत अच्छा संयोजन है। मैंने व्यक्तिगत रूप से कभी नहीं सोचा था कि ये इतने सारे मुकाबले हैं जो मैंने देश के लिए खेले हैं। मैंने यही किया है, अच्छा या बुरा, लेकिन अब मैंने यह कर लिया। यह पिछले डेढ़, दो महीने मैंने किया। मैंने ऐसा इसलिए किया क्योंकि शायद मैं इस निर्णय की ओर जा रहा था कि यह गेम (कुवैत के खिलाफ), यह अगला गेम मेरा आखिरी होगा। उन्होंने 19 वर्षों के अपने फुटबॉल करिअर देश के लिए 150 मुकाबलों में 94 गोल किए। छेत्री, क्रिस्टियानो रोनाल्डो, अली डेई और लियोनेल मेसी - फुटबॉल के सभी दिग्गज नामों के बाद सर्वकालिक शीर्ष अंतर्राष्ट्रीय गोल स्कोरर की सूची में चौथे स्थान पर हैं।

### खेल जगत ने कहा- सुनील छेत्री खेल के असली लीजेंड

**नई दिल्ली।** चैम्पियन फुटबॉलर सुनील छेत्री के अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास लेने की घोषणा के बाद खेल जगत के दिग्गजों ने उनकी उपलब्धियों की सराहना की जिसमें विराट कोहली, 2011 विश्व कप के नायक युवराज सिंह और स्टार फुटबॉलर बाईचुंग भूटिया शामिल हैं। कोहली ने उन्हें अपना अच्छा मित्र बताते हुए लिखा, मेरे भाई, तुम पर फक्र है। युवराज ने उन्हें 'लीजेंड' करार करते हुए कहा कि 39 वर्ष के खिलाड़ी की 150 राष्ट्रीय मैच खेलने की लंबी विरासत लंबे समय तक बरकरार रहेगी। खेल का सही मायने में लीजेंड जिसने भारतीय फुटबॉल को वैश्विक मंच तक पहुंचाया। आपके जुनून ने एक पीढ़ी को इस खेल में आने के लिए प्रेरित किया है। भारतीय खेलों में आपकी विरासत हमेशा याद रहेगी। अब आप अपना विदाई मैच खेलने के लिए तैयार हो तो आप गर्व के साथ मुड़कर देख सकते हो। शुक्रिया लीजेंड। महान भारतीय स्ट्राइकर भूटिया ने कहा कि यह भारतीय फुटबॉल के लिए बहुत बड़ा नुकसान है। इसमें कोई शक नहीं कि सुनील भारत के महानतम खिलाड़ियों में से एक है।

**बॉलीवुड हलचल**

## ब्रह्मास्त्र पार्ट 2 में विलेन का किरदार निभाएंगे ऋतिक



**मुंबई।** बॉलीवुड के माचो हीरो ऋतिक रौशन फिल्म ब्रह्मास्त्र पार्ट 2 में विलेन का किरदार निभाते नजर आ सकते हैं। करण जौहर निर्मित और अयान मुखर्जी निर्देशित ब्रह्मास्त्र पार्ट वन शिवा ने बॉक्स ऑफिस पर काफी धमाल मचाया था। इस फिल्म रणबीर कपूर, आलिया भट्ट, अमिताभ बच्चन, मॉनी राय ने अहम भूमिका निभाई थी। बताया जा रहा है कि ब्रह्मास्त्र-2 में ऋतिक विलेन का किरदार निभाते नजर आएंगे। ऋतिक इस फिल्म की शूटिंग वॉर-2 के बाद करेंगे। ब्रह्मास्त्र-2 को 2026 में क्रिसमस के मौके पर रिलीज किया जाएगा।

## कार्तिक की फिल्म चंदू चैंपियन का नया पोस्टर रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन की आने वाली फिल्म चंदू चैंपियन का नया पोस्टर रिलीज कर दिया है। चंदू चैंपियन के नए पोस्टर में कार्तिक आर्यन हाथ में बॉक्सिंग ग्लव्स पहने बॉक्सर अवतार में नजर आ रहे हैं। चंदू चैंपियन का नया पोस्टर ब्लैक एंड व्हाइट है। आंख के पास चोट का निशान, मुंह में सेफ्टी गाड्र्स और हाथों में बॉक्सिंग गलव्स पहने कार्तिक नजर आ रहे हैं। चंदू चैंपियन के पोस्टर के साथ-साथ मेकर्स ने एक बार फिर कार्तिक आर्यन की फिल्म की सिनेमाघरों में आने की तारीख ऑफिशियली अनाउंस कर दी है। साजिद नाडियाडवाला निर्मित और कबीर खान निर्देशित फिल्म चंदू चैंपियन 14 जून 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

## फिल्म फेस्टिवल



दक्षिण फ्रांस में आयोजित 77वें अंतरराष्ट्रीय कान्स फिल्म महोत्सव में फोटोग्राफरों के लिए पोज देती अभिनेत्री अन्या टेलर-जॉय। ● एजेंसी

## ओमान में जान गंवाने वाले व्यक्ति के परिजनों ने एयर इंडिया से मांगा मुआवजा

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी

- दिल का दौरा पड़ने के कारण महिला नहीं जा पाई थी पति के पास
- एआई एक्सप्रेस के चालक दल की हड़ताल के कारण रद हुई थी उड़ानें

दिल का दौरा पड़ने के कारण हाल ही में ओमान में जान गंवाने वाले एक व्यक्ति के परिजनों ने बृहस्पतिवार को तिरुवनंतपुरम में एअर इंडिया एसएटीएस एयरपोर्ट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड (एआईएसएटीएस) के कार्यालय के बाहर शव रखकर विरोध-प्रदर्शन किया। परिजनों ने एअर इंडिया एक्सप्रेस से मुआवजे की मांग की और दावा किया कि अगर विमानन कंपनी ने उड़ानें रद नहीं की होती तो उसकी पत्नी उसके साथ होती। मृतक के परिजनों ने कहा कि एअर इंडिया एक्सप्रेस के चालक दल के सदस्यों की हड़ताल के कारण उड़ानें बार-बार रद होने से महिला अपने पति के पास नहीं जा सकी और देखभाल के लिए कोई नहीं होने के कारण खाड़ी देश में महिला के पति की मौत हो गई। मृतक के शव को सुबह केरल लाया गया।

शव के साथ रिश्तेदार सीधे एआईएसएटीएस कार्यालय पहुंचे जहां उन्होंने विरोध प्रदर्शन किया। यह कंपनी विमान का जमीन पर रखरखाव, यात्री सहायता और हवाई मालवहन जैसी सेवाएं देती हैं। टीवी चैनलों पर दिखाए गए दृश्यों के अनुसार, रिश्तेदारों ने शव को एआईएसएटीएस के कार्यालय की इमारत की सीढ़ियों के सामने रखा और आसपास चुपचाप खड़े हो गये। महिला के पिता ने आरोप लगाया कि एयरलाइन के खराब रवैये के कारण उन्होंने अपने दामाद को खो दिया।

## फट सकता है आपकी कार का टायर भूलकर भी आप न करें ये गलतियां



वाहन में टायर सबसे अहम भूमिका निभाता है। क्योंकि रोड पर जब आपकी कार चलती है तो वो सीधा टायर से कनेक्ट रहती है। कई बार लोग वाहन के टायर का खास ख्याल नहीं रख पाते हैं जिसके कारण बीच रास्ते में टायर फट जाता है। बीते दिनों ग्रेटर नोएडा से देवरिया जाते समय यमुना एक्सप्रेसवे पर दूल्हे की कार टायर फट गया। हादसे में 5 की मृत्यु हो गई, जबकि 3 लोग घायल हुए। ऐसी न जाने प्रतिदिन कितनी घटनाएं सामने आती रहती हैं। इस खबर के माध्यम से आज हम आपको बताने जा रहे हैं कि आप कैसे अपने कार के टायर का ख्याल रखें कि आपको ऐसी दुर्घटना का सामना न करना पड़े।

### इसलिए फटते हैं टायर

- **तेज स्पीड** : घर्षण के चलते टायर गर्म हो जाते हैं। टायर के भीतर हवा फैलती है और प्रेशर ज्यादा होने से टायर फट जाते हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक वे इतनी गर्मी सहन करने के लिए डिजाइन नहीं होते हैं।
- **खराब टायर** : खराब टायरों का घर्षण भी ज्यादा होता है और वे जल्दी गर्म होते हैं। लोगों को समझना चाहिए कि यदि टायरों की ट्रेडिंग की गहराई कम है तो वे ज्यादा स्पीड पर चलाने के लिए मुफीद भी नहीं हैं।
- **ज्यादा हवा** : टायर में क्षमता से ज्यादा हवा होने से सड़क पर टायर की कम सतह लगती है, जिससे कंट्रोल हाथ से निकल सकता है। ठीक से कंट्रोल न किया जा सकने वाला वाहन कभी भी हादसे का शिकार हो सकता है।

### यह ध्यान रखना जरूरी

- **टायर की उम्र** : सामान्यतया 40 हजार किलोमीटर के बाद टायर बदले जाने चाहिए। इतने चलने के बाद टायर गर्मी व बारिश में तेज स्पीड में चलाने लायक नहीं रहता।
- **टायर प्रेशर** : टायर कंपनियां वाहनों के आगे-पीछे के टायरों के लिए एक मानक प्रेशर तय करती हैं। लंबी दूरी की यात्रा करने से पहले टायर प्रेशर जांचना जरूरी है।
- **नाइट्रोजन भरें** : ऑटोमोबाइल एक्सपर्टस के मुताबिक सामान्य हवा के बजाय टायरों में नाइट्रोजन भरी जाए तो अच्छा है। यह हवा से हल्की होती है, जो लंबी दूरी की यात्राओं में टायर के घर्षण से गर्म होकर फैलती नहीं।
- **अलाइनमेंट** : गाड़ी का अलाइनमेंट ठीक नहीं होने से टायर पर ज्यादा इम्पैक्ट होता है जिससे वह फट जाता है। टैक्सी गाडियों का अलाइनमेंट चैकअप हर 3-4 महीने में होना चाहिए। लापरवाही मिलने पर गाड़ी मालिक के खिलाफ धारा-304 में केस हो सकता है।

## एक नजर

### कविता कृष्णमूर्ति लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित

**लंदन।** प्रसिद्ध गायिका कविता कृष्णमूर्ति को लंदन में वार्षिक यूके एशियन फिल्म फेस्टिवल (यूकेएएफएफ) में संगीत में उनके योगदान के लिए लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। मिस्टर इंडिया और हम दिल दे चुके सनम जैसी कई हिंदी फिल्मों के गीतों को अपनी आवाज दे चुकीं हैं। 66 वर्षीय कृष्णमूर्ति को चार दशक के करियर में उनकी उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया है। उन्होंने लगभग 45 भारतीय भाषाओं में 50,000 से अधिक गाने गाए हैं।

### यूरोप में जल्द ही शांति और स्थिरता लौटने की उम्मीद

**बीजिंग।** चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने बृहस्पतिवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ शिखर सम्मेलन में उम्मीद जतायी कि यूरोप में जल्द ही शांति और स्थिरता लौटेगी और चीन रचनात्मक भूमिका निभाएगा। पुतिन की बीजिंग यात्रा ऐसे समय हो रही है जब मॉस्को यूक्रेन में एक नए हमले की तैयारी कर रहा है। चीन ने 2023 में यूक्रेन में शांति के लिए प्रस्ताव जारी किया था।

### हवाई की सवाना को मिस यूएसए का ताज

**न्यूयॉर्क।** हवाई की सवाना गैंकीविक्ज को बुधवार को मिस यूएसए 2023 का ताज पहनाया गया। इस खिताब की पिछली विजेता नोएलिया वोइट ने करीब एक सप्ताह पहले, अपने मानसिक स्वास्थ्य का हवाला देते हुए इस्तीफा दे दिया था। होनोलूलू स्टार-एडवरटाइजर की खबर के अनुसार, महिला सशक्तीकरण गैर-लाभकारी संस्था का नेतृत्व करने वाली मॉडल गैंकीविक्ज़ के पास यह खिताब, कार्यकाल की शेष अवधि यानी अगस्त तक रहेगा।

### 17 विदेशियों को निर्वासित करने का दिया निर्देश

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को भारत सरकार को निर्देश दिया कि असम के एक निरुद्ध केंद्र में बंद ऐसे 17 विदेशियों को निर्वासित किया जाए जिनके खिलाफ कोई अपराध पंजीकृत नहीं है। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जमा की गई एक रिपोर्ट पर संज्ञान लिया जिसमें कहा गया है कि असम के निरुद्ध (डिटेंशन) केंद्र में 17 घोषित विदेशी हैं। पीठ ने कहा हमारी राय है कि भारत सरकार को इन 17 विदेशियों को निर्वासित करने के लिए तत्काल कदम उठाने चाहिए क्योंकि उनके खिलाफ कोई अपराध पंजीकृत नहीं हैं।

# जिनपिंग-पुतिन बोले, हिंद व प्रशांत क्षेत्र में नाटो का रुख विनाशकारी

## पांचवें कार्यकाल के शपथ ग्रहण करने के बाद बीजिंग पहुंचे पुतिन, राष्ट्रपति जिनपिंग से मिले

बीजिंग, एजेंसी

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच गुरुवार को बीजिंग में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई जिसमें दोनों नेताओं ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में नाटो के रुख को विनाशकारी करार दिया। साथ ही पूर्वोत्तर एशिया में शक्ति संतुलन को बदल कर अमेरिकी आधिपत्य स्थापित करने के प्रयासों की निंदा की। अपने 5वें कार्यकाल के लिए शपथ ग्रहण करने के बाद पुतिन पहली विदेश यात्रा पर दो दिन की चीन की राजकीय यात्रा पर बीजिंग आये हैं।

चीनी राष्ट्रपति ने यहां अपने पुराने मित्र रूसी राष्ट्रपति का पारंपरिक ढंग से भव्य स्वागत किया। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय, क्षेत्रीय एवं महत्वपूर्ण वैश्विक मुद्दों पर गहन विचार विमर्श किया। पुतिन ने अपने बयान में चीनी राष्ट्रपति के साथ उनकी बातचीत को असाधारण, गहन और सार्थक करार दिया। उन्होंने कहा चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ हमारी आज की असाधारण गहन और सार्थक वार्ता को जारी रखते हुए द्विपक्षीय सहयोग के मौजूदा मुद्दों पर चर्चा करके बहुत खुश हूं। उन्होंने कहा कि चीनी राष्ट्रपति के साथ बातचीत के बाद संयुक्त वक्तव्य में चीन रूस द्विपक्षीय संबंधों के विकास के लिए दीर्घकालिक दिशा-निर्देश तय किये गये हैं।

शी ने रूस के राष्ट्रपति के रूप में पांचवी बार शपथ लेने के लिए श्री पुतिन और रूस के लोगों को बधाई दी और विश्वास व्यक्त किया कि पुतिन के नेतृत्व में रूस विकास के पथ पर निश्चित रूप से और अधिक प्रगति करेगा। चीन के राष्ट्रपति ने चीन-रूस के बीच राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह अवसर दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों में एक पड़ाव है।



बीजिंग में दलबल के साथ बैठक करते चीन व रूस के राष्ट्रपति।



पुतिन का स्वागत करते जिनपिंग।

- पूर्वोत्तर एशिया में अमेरिकी आधिपत्य स्थापित करने के प्रयासों की निंदा की

### वैश्विक राजनीति को प्रभावित करने वाली कई घोषणाएं की

बातचीत के बाद दोनों देशों की ओर से एक संयुक्त वक्तव्य जारी किया गया जिसमें वैश्विक राजनीति को प्रभावित करने वाली कई अहम घोषणाएं की गई। रूस और चीन के नेताओं ने नाटो के रुख को विनाशकारी बताते हुए विभिन्न देशों से टकराव वाली नीतियां अपनाने, दूसरों के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप बंद करने का आह्वान किया। वक्तव्य के अनुसार चीन ने संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता सुनिश्चित करने के रूस के प्रयासों का समर्थन तथा उसके आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप का विरोध किया। कहा गया कि किसी भी राज्य को दूसरों की सुरक्षा की कीमत पर अपनी सुरक्षा सुनिश्चित नहीं करनी चाहिए। रूस, चीन ने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के साथ राजनीति, सुरक्षा, अर्थव्यवस्था और मानवीय संबंधों में सहयोग की संभावनाओं को मजबूत करने का संकल्प जताया और सैन्य निर्माण के माध्यम से पूर्वोत्तर एशिया (विशेष रूप से उत्तर कोरिया के संदर्भ में) में शक्ति संतुलन बदलने के अमेरिकी आधिपत्य प्रयासों का विरोध व्यक्त किया।

## छत्तीसगढ़ में मृत तेंदुआ मिला, शरीर के कई अंग गायब

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में वन विभाग ने एक मृत तेंदुआ बरामद किया है। अधिकारियों ने बताया कि जब दल वहां पहुंचा तो देखा तेंदुआ का शव क्षत—विक्षत वहां पड़ा था।

इस वन्य प्राणी के शरीर में खाल के कुछ हिस्से, नाखून, दांत और पूछ नहीं थे। अधिकारियों के मुताबिक इस क्षेत्र में अक्सर तेंदुआ देखा जाता है। गर्मी के मौसम में वे भोजन और पानी की तलाश में यहां आते रहे हैं। आशंका है कि शिकारियों ने तेंदुआ को जहर देकर मार दिया तथा उसके अंगों को काटकर निकाल लिया। वन विभाग ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## बाइडेन प्रशासन में 16 लाख प्रवासी अमेरिका में घुसे

वाशिंगटन, एजेंसी

- देश की दक्षिणी सीमा के माध्यम से अधिकारियों से बचकर किया प्रवेश

अमेरिका में बाइडेन प्रशासन में देश की दक्षिणी सीमा के माध्यम से अवैध रूप से लगभग सोलह लाख प्रवासियों ने प्रवेश किया है। फॉक्स न्यूज ने अमेरिकी सीमा शुल्क और सीमा सुरक्षा (सीबीपी) से प्राप्त आंकड़ों का हवाला देते हुए यह जानकारी दी है।

रिपोर्ट के मुताबिक 2021 और 2023 के बीच सीबीपी ने दर्ज किया कि लगभग 16 लाख प्रवासी अवैध रूप से अमेरिकी दक्षिणी सीमा पार करने पर अधिकारियों से बचने में सक्षम रहे। पिछले वर्षों की तुलना में ओबामा और ट्रम्प प्रशासनों के तहत वित्तीय वर्ष 2010 और 2020 के बीच अवैध रूप से अमेरिका-मेक्सिको सीमा पार करने वाले प्रवासियों की संख्या चौदह लाख से अधिक थी। अमेरिका की दक्षिणी सीमा पर आने वाले अधिकांश शरण चाहने वाले प्रवासी अमेरिका में प्रवेश करने के तुरंत बाद खुद को अमेरिकी सीमा गश्ती एजेंटों के पास सौंप देते हैं।



## निज्जर हत्या मामले में अमनदीप कोर्ट में पेश

ओटावा, एजेंसी

- खालिस्तानी अलगाववादी की हत्या से जुड़े मामले में तीन दिन पहले अमनदीप सिंह को किया था गिरफ्तार

खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या से जुड़े मामले में गिरफ्तार भारतीय नागरिक अमनदीप सिंह को कनाडा की अदालत के समक्ष बुधवार को पेश किया गया। अदालत ने उसे 21 मई को दोबारा पेश करने का निर्देश दिया है। इस चर्चित मामले में अमनदीप सिंह, तीन अन्य लोगों के साथ सह आरोपी है। निज्जर की हत्या के मामले को लेकर भारत और कनाडा के रिश्तों में तनाव पैदा हो गया है।

स्थानीय मीडिया ने बताया कि अमनदीप सिंह (22) को वीडियो कान्फ्रेंस के जरिये बुधवार को सरे की अदालत में पेश किया गया जिसके बाद न्यायधीश ने मामले की सुनवाई अगले सप्ताह के लिए टाल दी। निज्जर (45) की पिछले साल 18 जून को ब्रिटिश कोलंबिया के सरे में स्थित गुरु नानक सिख गुरुद्वारा के सामने गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। अमनदीप पर 11 मई को हत्या और हत्या करने की साजिश रचने का अभियोग लगाया गया।

### अदालत कक्ष के बाहर झंडे लेकर खड़े थे खालिस्तान समर्थक

अमनदीप सिंह पेशी से पहले अदालत कक्ष के बाहर करीब दो दर्जन लोग खालिस्तान के समर्थक झंडे लेकर खड़े थे। पुलिस के मुताबिक अमनदीप, करण बराड़, कमलप्रीत सिंह और करणप्रीत सिंह भारतीय नागरिक हैं। अमनदीप कनाडा के ब्रैम्पटन, एबॉट्सफ़ोर्ड और सरे में अपना समय बिताता था। कनाडियाई मीडिया के मुताबिक आरोपी उस हमलावर दस्ते के सदस्य थे जिनके बारे में माना जा रहा है कि भारत सरकार ने उन्हें निज्जर की हत्या करने का जिम्मा सौंपा था।

## स्लोवाकिया पीएम फिको के हमलावर ने अकेले ही घटना को दिया था अंजाम

बांस्का बिस्त्रिका (स्लोवाकिया), एजेंसी।

- स्लोवाकिया के गृह मंत्री माटुस सुताज ने दी यह जानकारी

स्लोवाकिया के गृह मंत्री माटुस सुताज एस्टोक ने बृहस्पतिवार को कहा कि प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको पर गोलीबारी करने वाले हमलावर ने अकेले ही इस घटना को अंजाम दिया। इस जानलेवा हमले ने इस छोटे से मध्य यूरोपीय देश को सकते में डाल दिया है। नेता हमले के लिए अत्यंत राजनीतिक ध्रुवीकरण को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं।

गृह मंत्री एस्टोक ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि हमले के लिए जिस व्यक्ति पर आरोप लगाया गया है उसका किसी भी राजनीतिक समूह से जुड़ाव नहीं रहा है। प्रधानमंत्री फिको पर बुधवार को एक सांस्कृतिक केंद्र के बाहर पांच गोलियां चलाई गईं जिस दौरान वह समर्थकों से मिल रहे थे। फिको का उपचार किया जा रहा है।

**फिको की शल्य चिकित्सा के बाद हालत स्थिर : ब्रातिस्लावा।** स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको की हालत शल्य चिकित्सा के बाद स्थिर है। स्थानीय मीडिया ने बुधवार देर रात यह जानकारी दी। स्थानीय मीडिया टीए3 के अनुसार बीबीसी ने स्लोवाकिया के पर्यावरण मंत्री टॉमस ताराबा के हवाले से कहा कि प्रधानमंत्री की जान को कोई खतरा नहीं है।



## नकली पुलिसकर्मियों ने कैफे मालिक से 25 लाख रुपये लूटे

**मुंबई।** अपराध शाखा से जुड़े होने का दावा करने वाले छह लोग मुंबई के सायन इलाके में एक कैफे मालिक के घर में घुस गए और कथित तौर पर 25 लाख रुपये ले गए।

पुलिस ने इनमें से चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। शहर के माटुंगा इलाके में एक मशहूर कैफे संचालक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि मंगलवार को छह लोग सायन अस्पताल के पास स्थित उनके घर आए और कहा कि वे मुंबई अपराध शाखा से हैं। उन लोगों ने दावा किया कि वे चुनाव ड्यूटी पर हैं और उन्हें जानकारी मिली है कि घर में धन रखा है जिसका इस्तेमाल लोकसभा चुनाव में किया जाएगा।

## इजराइल ने गलती से अपने ही 5 सैनिकों को उतारा मौत के घाट, सात घायल

यरुशलम, एजेंसी

उत्तरी गाजा पट्टी के जबालिया रिफ्यूजी कैंप में गलती से इजराइली टैंक की गोलाबारी में पांच इजराइली सैनिकों की मौत हो गई, जबकि सात सैनिक बुरी तरह से घायल हो गए। इनमें से तीन की हालत नाजुक है। यह जानकारी गुरुवार को इसराइली रक्षा बल (आईडीएफ) ने दी।

आईडीएफ ने बताया कि इजरायली सैनिकों ने गाजा शहर में प्रवेश किया और शरणार्थी शिविर पर फिर से हमले शुरू किये गये और इमारतों पर कब्जा कर लिया। इमारतों से कई मीटर की दूरी पर तैनात दो आईडीएफ टैंकों ने स्पष्ट रूप से एक इमारत की खिड़की में एक बंदूक देखी और लक्ष्य तय कर दो गोले दागे। सेना ने बताया कि वह इस बात की जांच कर रही है कि सैनिकों को पहचानने में गलती कैसे हुई। उन्हें फिलिस्तीनी आतंकवादियों के रूप में क्यों पहचाना गया। आईडीएफ के अनुसार, हमास के 7 अक्टूबर के हमले और बाद में गाजा पर इजरायल के हमलों में कुल 626 सैनिक मारे गये हैं।



## इजराइल की सैन्य कार्रवाई के खिलाफ सुनवाई शुरू

**हेग।** संयुक्त राष्ट्र की शीर्ष अदालत ने गाजा के दक्षिणी शहर रफह में इजराइल के सैन्य अभियान को रोकने के लिए दक्षिण अफ्रीका के अनुरोध पर बृहस्पतिवार को सुनवाई शुरू की। यह सुनवाई दो दिन तक होगी।

यह चौथी बार है जब दक्षिण अफ्रीका ने आईसीजे से आपातकालीन उपायों का अनुरोध किया है। दक्षिण अफ्रीका ने यह आरोप लगाते हुए न्यायालय का रुख किया है कि गाजा में हमास के साथ युद्ध में इजराइल की सैन्य कार्रवाई नरसंहार के समान है। पिछले आदेश गाजा के लोगों के लिए एकमात्र शरणस्थल पर बर्बर सैन्य हमले को रोकने के लिए पर्याप्त नहीं थे।

## चीन कर रहा है एआई का दुरुपयोग : अमेरिका

जिनेवा, एजेंसी

- जिनेवा में प्रौद्योगिकी को लेकर हुई बैठक में अमेरिका के अधिकारियों ने चिंता व्यक्त की

जिनेवा में प्रौद्योगिकी को लेकर हुई बैठक के एक दिन बाद अमेरिका के अधिकारियों ने चीन द्वारा एआई के दुरुपयोग को लेकर चिंता व्यक्त की, तो वहीं बीजिंग के प्रतिनिधियों ने प्रतिबंधों और दबाव को लेकर अमेरिका की आलोचना की। उच्च-स्तरीय दूतों के बीच बंद कमरे में हुई बातचीत में एआई के जोखिमों और इसे प्रबंधित करने के तरीकों को शामिल किया गया था।

तेजी से आगे बढ़ने वाली प्रौद्योगिकी पर चीन और अमेरिका के बीच तनाव बढ़ गया है। यह द्विपक्षीय संबंधों में टकराव का एक और मुद्दा बन गया है। राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की प्रवक्ता एड्रिएन वॉटसन ने एक बयान में कहा चीन और अमेरिका ने एक दिन पहले स्पष्ट और रचनात्मक चर्चा में एआई सुरक्षा और जोखिम प्रबंधन के लिए अपने-अपने दृष्टिकोण का आदान-प्रदान किया। बीजिंग ने कहा कि दोनों पक्षों ने गहनता के साथ पेशेवर और रचनात्मक रूप से विचारों का आदान-प्रदान किया। एआई पर इस तरह की पहली अमेरिका-चीन वार्ता सैन फ्रांसिस्को में राष्ट्रपति जो बाइडन और शी चिनफिंग के बीच नवंबर में हुई बैठक का परिणाम थी। वॉट्सन ने चीन का जिक्र करते हुए कहा कि अमेरिका ने एआई के दुरुपयोग पर चिंता व्यक्त की है। उसके मुताबिक दुरुपयोग करने वालों में चीन भी शामिल है।

## फीस बढ़ोतरी मामले में निजी स्कूलों पर लगा दो-दो लाख का जुर्माना

**हरदा।** मध्यप्रदेश के हरदा जिले में कलेक्टर आदित्य सिंह ने जिले के चार निजी स्कूलों द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का पालन किये बिना फीस वृद्धि करने पर उनके विरूद्ध दो-दो लाख का अर्थदंड लगाने के आदेश जारी किए हैं।

अधिकारिक जानकारी के अनुसार सहायक संचालक शिक्षा बलवंत पटेल ने बताया कि हरदा के जिन स्कूलों पर अर्थदंड लगाया गया है, उनमें सेंट मेरी को-एड हायर सेकण्ड्री स्कूल हरदा, सनरेज हायर सेकण्ड्री स्कूल हरदा, होलीफेथ बाल रेडक्रॉस हायर सेकण्ड्री विद्यालय हरदा तथा द फाउण्डेशन ऑफ एजुकेशन हायर सेकण्ड्री विद्यालय हरदा शामिल है। कलेक्टर के निर्देश पर प्राइवेट स्कूलों की विस्तृत जांच की गई, जिसमें गत वर्ष की तुलना में इस बार फीस में 10 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि की गई।

**कहर** भयावह रहा है कैनेडियन आग का अतीत, 88000 लोगों को छोड़ना पड़ा था घर

## कैनेडियन जंगलों की आग से अमेरिकी देश धुंए की चपेट में

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** जंगलों मे आग के कहर से न केवल भारत के कई हिस्से झुलस रहे हैं, बल्कि कैनेडियन जंगलों में लगी भीषण आग ने अमेरिका के कई देशों को धुंआ धुंआ कर दिया है। जिस कारण संयुक्त राज्य अमेरिका के महानगरों की आबो हवा बेहद खराब हो चली है। प्राकृतिक संसाधन कनाडा ने रिपोर्ट जारी कर कैनेडियन जंगलों में लगी आग से आगाह किया है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि कैनेडियन ज़ॉम्बी की आग फिर तेजी भड़कने लगी है, जो आने वाले दिनों में रौद्र रूप धारण ले सकती है। सैटेलाइट के जरिए जंगलों में आग का मानचित्र तैयार किया गया है और समय रहते काबू पाने की चेतावनी दी है। दरअसल कैनेडियन आग का अतीत हमेशा भयावह रहा है। 2023 में कनाडा के जंगल की आग ने कई रिकॉर्ड तोड़े थे। जिसमें 6551 स्थानों में लगी आग से लगभग 46 मिलियन एकड़ जमीन क्षेत्र के जंगल जलकर खाक हो गए थे। यह भीषण आग बरसात व सर्दियों में थमी हुई तो नजर आई, लेकिन जमीन के अंदर धधकती रहीं और वसंत आते ही फिर से धधकने लगी।

आग का धुआं संयुक्त राज्य अमेरिका के दक्षिण हिस्से में फैलना शुरू हो गया है। इस आग को ज़ोंबी नाम से पुकारा जाता है, जो सूखे की स्थिति, गर्म तापमान और तेज़ हवाओं के कारको को जन्म दे रही है। यह आग आने वाले दिनों में तेज भड़कने लगेगी। जिसकी चेतवानी जारी कर रिहायसी क्षेत्रों की सुरक्षा को लेकर उपाय तलाशने को कहा गया है। प्रभावित क्षेत्रों की आशंका को लेकर लोगों ने पलायन शुरू कर दिया है। जंगलों की तुलना भारत से करें तो आग से बचाव की सुरक्षा को लेकर भारत में कमसेकम पलायन की नौबत शायद ही कभी रही हो। मगर जंगलों की आग से बचाव के पुख्ता उपाय पूरी दुनिया मे आज तक नही ढूंढे जा सके हैं, जो साबित करता है कि कुदरत के आगे आज भी इंसान बौना है।



कैनेडा के जंगलों में लगी भीषण आग का दृश्य। ● एजेंसी

### 2016 में लगी थी भयानक आग

कैनेडियन के जंगलों में सबसे बड़ी आग मई 2016 में लगी थी, जो इतिहास में फोर्ट मैकमरे ने प्रांत के क्षेत्र में सबसे बड़ी आग मानी जाती है। उस आग के दौरान, 88,000 लोगों को अपना घर छोड़ने पर मजबूर कर दिया था। इस आग ने 2400 घरों और इमारतों को नष्ट कर दिया था। बड़ा तथ्य है यह भी है कि जंगलों की आग के धुएं से समीपवर्ती बड़े क्षेत्रों का वातावरण बुरी तरह प्रभावित होता है। जिसका बुरा असर स्वास्थ्य पर पड़ता है।